*   ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

02 सितंबर, 2023
भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, तृतीया
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 08, अंक 313




मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी पत्नी कल्पना सोरेन के साथ मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे। राज्य की खुशहाली के लिए की प्रार्थना।






# ‘एक देश-एक चुनाव’ पर विचार के लिए बनी कमेटी

- पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद अध्यक्ष होंगे
- कांग्रेस का सवाल-सरकार को अचानक इसकी जरूरत क्यों पड़ी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** ‘एक देश-एक चुनाव’ पर केंद्र सरकार ने कमेटी बना दी है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को इसका अध्यक्ष बनाया गया है। इसका नोटिफिकेशन जल्द जारी हो सकता है। केंद्र सरकार ने 18 सितंबर से 22 सितंबर तक संसद का विशेष सत्र बुलाया है। संभव है कि इसमें ‘एक देश एक चुनाव’ पर सरकार बिल भी ला सकती है। केंद्र की बनायी कमेटी




एक देश एक चुनाव के कानूनी पहलुओं पर गौर करेगी। साथ ही इसके लिए आम लोगों से भी राय लेगी। सरकार की इस पहल पर लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि आखिर ‘एक देश एक चुनाव’ की सरकार को अचानक जरूरत क्यों पड़ गयी। इस बीच, संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि अभी तो समिति बनी है, इतना घबराने की बात क्या है? समिति की रिपोर्ट आयेगी, फिर पब्लिक डोमेन में चर्चा होगी। संसद में चर्चा होगी। बस समिति बनायी गयी है, इसका अर्थ यह नहीं है कि यह कल से ही हो जायेगा।

### क्या है ‘वन नेशन-वन इलेक्शन’

‘वन नेशन-वन इलेक्शन’ या ‘एक देश-एक चुनाव’ का मतलब हुआ कि पूरे देश में एक साथ ही लोकसभा और विधानसभा के चुनाव हों। आजादी के बाद 1952, 1957, 1962 और 1967 में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ ही होते थे, लेकिन 1968 और 1969 में कई विधानसभाएं समय से पहले ही भंग कर दी गयीं। उसके बाद 1970 में लोकसभा भी भंग कर दी गयी। इस वजह से ‘एक देश-एक चुनाव’ की परंपरा टूट गयी।

# आइएनडीआइए की समन्वय समिति में सीएम हेमंत सोरेन भी

## 14 सदस्यीय समिति में पवार सबसे बुजुर्ग

- ‘जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया’ का स्लोगन जारी
- लोगो और शीट शेयरिंग का मामला अटका
- गठबंधन की अगली बैठक दिल्ली में होगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** विपक्षी दलों के इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल अलायंस (आइएनडीआइए) की तीसरी बैठक मुंबई में हुई। विपक्ष के 28 दलों ने 14 सदस्यों की एक समन्वय समिति बनाने का फैसला लिया। इस समिति में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी रखा गया है। इसके अलावा ‘जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया’ का स्लोगन तय हुआ। बैठक में सीट शेयरिंग को लेकर कोई बात नहीं हुई। लोगो पर भी निर्णय नहीं लिया जा सका। हालांकि बैठक में जल्दी लोकसभा चुनाव की आशंका और संसद सत्र को लेकर संदेह जरूर दिखाया गया। इसलिए अभी से विभिन्न राज्यों में प्रचार करने के लिए जाने का फैसला लिया गया। अगली मीटिंग (चौथी) दिल्ली में होगी। बैठक के बाद प्रेस कांफ्रेंस हुई। इसमें तीन संकल्पों की जानकारी दी गयी। इनमें देशभर में गठबंधन की रैलियां करने और कोऑर्डिनेशन कमेटी बनाने के अलावा कैंपेन की थीम ‘जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया’ रखना शामिल है।

**समिति में एक सीएम, एक डिप्टी सीएम, दो पूर्व मुख्यमंत्री** : विपक्ष की समन्वय समिति में एक सीएम, एक डिप्टी सीएम, दो पूर्व मुख्यमंत्री, पांच राज्यसभा और दो लोकसभा सांसदों को जगह दी गयी है। इसके अलावा लेफ्ट से दो नेताओं को समिति में शामिल किया गया है। समिति में झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन, बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव, पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती, सांसद केसी वेणुगोपाल (कांग्रेस), संजय राउत (शिवसेना-उद्धव), शरद पवार (एनसीपी), राघव चड्ढा (आप), जावेद अली खान (सपा), ललन सिंह (जदयू), अभिषेक बनर्जी (टीएमसी), डी राजा (भाकपा) और माकपा के एक सदस्य को रखा गया है।




### आइएनडीआइए बैठक में किसने क्या कहा?

- देशभर में हम गठबंधन की रैली करेंगे। हम सबने तय किया है कि आने वाले चुनाव में तानाशाही-जुमलेबाजों के खिलाफ लड़ेंगे। - **उद्धव ठाकरे, शिवसेना (उद्धव गुट)**
- सभी का उद्देश्य एक ही है कि मोदी महंगाई के लिए क्या करेंगे, बेरोजगारी के लिए क्या करेंगे। इंडिया को जिताने के लिए ही हम सब इस मंच पर बैठे हैं।-**मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**
- एक बार जब उनसे (पीएम नरेंद्र मोदी) मुक्ति मिलेगी, तब आप प्रेस वाले आजाद हो जायेंगे, तब आपका जो मन करेगा, लिखियेगा। ये देश के इतिहास को बदलना चाहते हैं। हम इन्हें इतिहास नहीं बदलने देंगे।- **नीतीश कुमार, मुख्यमंत्री बिहार**
- लगातार लड़ाई लड़ते-लड़ते हम लोग इस मुकाम पर आये हैं कि हम सब एक निष्कर्ष पर पहुंचे हैं, एक स्वरूप बना है। इसरो के वैज्ञानिकों से अपील कर रहे हैं कि इन्हें चंद्रलोक की जगह सूर्य लोक भेज दो।- **लालू प्रसाद यादव, राजद प्रमुख**
- अगर हम एकजुट होकर लड़ेंगे, तो भाजपा जीत ही नहीं सकेगी। विकास में गरीबों और किसानों को साथ लेकर चलेंगे। भाजपा गरीबों से धन छीनकर कुछ चुने हुए लोगों को देती है। अब सीट बंटवारे पर बात होगी।-**राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद**

### बैठक में पास हुआ प्रस्ताव

- हम आइएनडीआइए के सदस्य लोकसभा चुनाव जहां तक संभव हो मिलकर लड़ने का संकल्प लेते हैं।
- राज्यों में सीट-बंटवारे की व्यवस्था तुरंत शुरू होगी और लेन-देन की भावना के साथ जल्द समाप्त की जायेगी।
- हम आइएनडीआइए के सदस्य सार्वजनिक महत्व के मुद्दों पर देश भर में पब्लिक रैली निकालने का संकल्प लेते हैं।
- हम आइएनडीआइए के सदस्य कई भाषाओं में ‘जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया’ थीम के साथ अपनी रणनीतियों और अभियानों को कोऑर्डिनेट करने का संकल्प लेते हैं।

# जमीन घोटाला में इडी ने 161 करोड़ के तीन भूखंड कुर्क किये

- नयी चार्जशीट दाखिल
- सीएम हेमंत सोरेन को तीसरी बार भेजा समन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने जमीन घाटाला मामले में बड़ी कार्रवाई की है। उसने इस मामले में 161 करोड़ रुपये के भूखंडों को शुक्रवार को कुर्क किया है। इस मामले में आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र भी दायर किया। साथ ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को तीसरी बार समन जारी किया गया।

### नौ सितंबर को हेमंत सोरेन को बुलाया

इडी ने भूमि फर्जीवाड़ा मामले में पूछताछ के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को तीसरी बार समन भेजा है। इससे पहले उन्हें दो बार पूछताछ के लिए बुलाया गया था, लेकिन वह नहीं गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार सीएम हेमंत सोरेन को तीसरी बार समन जारी करते हुए नौ सितंबर को रांची स्थित इडी कार्यालय बुलाया गया है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री ने इडी की कार्रवाई के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है, लेकिन इस पर अभी सुनवाई नहीं हुई है।

**तीन भूखंड अस्थायी रूप से कुर्क :** गौरतलब है कि इडी रांची में सेना की जमीन समेत अन्य भू-खंडों के फर्जीवाड़ा और मनी लांड्रिग मामले की जांच कर रही है। रांची के चेशायर होम रोड, पुगरू और सिरम में स्थित इन तीन भूखंडों का व्यावसायिक मूल्य 161.64 करोड़ रुपये है। इडी ने एक बयान में बताया कि इन्हें धनशोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत अस्थायी रूप से कुर्क किया गया है।

**अब तक 14 आरोपी गिरफ्तार :** इडी ने इस मामले में अब तक 14 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया गया है। चेशायर होम रोड की एक एकड़ की जमीन की फर्जी तरीके से खरीद-बिक्री मामले में इडी ने रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, न्यूक्लियस मॉल के संचालक विष्णु अग्रवाल, नेताओं और नौकरशाहों के करीबी प्रेम प्रकाश, सहयोगी भरत प्रसाद, राजेश राय, इम्तियाज अहमद, अफसर अली उर्फ अफ्सू खान और अन्य पर आरोप पत्र दाखिल किया है। सभी जेल में बंद हैं।

## न्यूज रील्स

### आदित्य एल1 की लांचिंग का काउंटडाउन शुरू

बेंगलुरु। इसरो यानी इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन ने शुक्रवार दोपहर 12 बजकर 10 मिनट पर सोलर मिशन आदित्य एल1 की लांचिंग का 23 घंटे 40 मिनट का काउंटडाउन शुरू कर दिया है। आदित्य एल1 को शनिवार सुबह 11 बजकर 50 मिनट पर पीएसएलवी 6 रॉकेट के जरिये श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से लांच किया जायेगा।

### भारत के बाद 4 देशों में चीनी मैप का विरोध

नयी दिल्ली। भारत के बाद अब फिलीपींस, वियतनाम, मलेशिया और ताइवान ने भी चीन के विवादित मैप का विरोध किया है। उन्होंने साउथ चाइना सी में चीन के दावे को खारिज कर दिया है। फिलीपींस ने कहा कि चीन को जिम्मेदारी से फैसले लेते हुए अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन करना चाहिए। वहीं मलेशिया ने नक्शे को लेकर डिप्लोमैटिक प्रोटेस्ट दर्ज करायी है।

### अवैध शादी में जन्मी संतान वैध: सुप्रीम कोर्ट

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि किसी भी अवैध शादी से जन्मी संतान का उनके माता-पिता की अर्जित और पैतृक प्रॉपर्टी में अधिकार होगा। ऐसे मामलों में बेटियां भी प्रॉपर्टी में बराबर की हकदार होंगी। चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि अवैध शादी से जन्मे बच्चे वैध होते हैं। माता-पिता की संपत्ति पर उनका उतना ही अधिकार है, जितना की वैध शादी में दंपती के बच्चे का होता है।

### चंद्रयान-3 ने चंद्रमा की सतह पर भूकंप रिकॉर्ड किया

बेंगलुरु। चंद्रयान-3 का लैंडर और रोवर चंद्रमा के साउथ पोल से धरती पर रोज नयी-नयी जानकारी भेज रहे हैं। चंद्रयान-3 के विक्रम लैंडर पर लगे इंस्ट्रूमेंट ऑफ लूनर सीस्मिक एक्टिविटी पेलोड ने चंद्रमा की सतह पर भूकंप की प्राकृतिक घटना को रिकॉर्ड किया है। ये भूकंप 26 अगस्त को आया था। इसरो ने बताया कि भूकंप के सोर्स की जांच जारी है।

### लखनऊ में केंद्रीय मंत्री के घर में हत्या

लखनऊ। केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर के लखनऊ स्थित घर में हुए युवक की हत्या की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मंत्री के बेटे विकास के दोस्त की हत्या के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये आरोपियों की पहचान अंकित, अजय और शमीम बाबा के रूप में हुई है। सूत्रों के मुताबिक जुए में हार-जीत को लेकर विवाद हुआ था। इस विवाद में ही विनय श्रीवास्तव को गोली लगी थी।

# चारा घोटाला मामले में 35 दोषियों को चार-चार साल की कैद

- 75 हजार से लेकर एक करोड़ का तक का जुर्माना

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** चारा घोटाले के 27 साल पुराने और अंतिम मामले (कांड संख्या आरसी 48 ए/96) में शुक्रवार को 35 दोषियों को सजा सुनायी गयी। सभी को चार-चार साल की सजा और सबसे कम 75 हजार तथा सबसे अधिक एक करोड़ का जुर्माना लगाया गया। एक करोड़ का जुर्माना तत्कालीन जिला पशुपालन पदाधिकारी गौरी शंकर प्रसाद और कृष्ण मोहन प्रसाद पर लगा है। सीबीआइ के विशेष न्यायाधीश विशाल



श्रीवास्तव की अदालत ने यह फैसला सुनाया। मामले में विशेष लोक अभियोजक रविशंकर ने सीबीआइ की ओर से पैरवी की।

यह मामला डोरंडा कोषागार से 36.59 करोड़ की अवैध निकासी से जुड़ा हुआ है। इसके पहले 28 अगस्त को इस मामले में सुनवाई हुई थी। मामले में 124 आरोपित ट्रायल फेस कर रहे थे। इनमें से 35 आरोपितों को रिहा कर दिया गया था, जबकि 53 दोषियों को दो से तीन साल की सजा सुनायी गयी थी। निचली अदालत ने उन्हें बेल दे दिया था।

### किसे सुनायी गयी सजा

डॉ गौरी शंकर प्रसाद, शरद कुमार, बिजेश्वरी प्रसाद सिन्हा, कृष्ण मोहन प्रसाद, दयानंद प्रसाद कश्यप, नित्यानंद कुमार सिंह, डॉ जुनुल भेंगराज, डॉ कृष्ण मोहन प्रसाद, डॉ राधा रमण सहाय, राजन मेहता, अनिल कुमार, मो सईद, मो तौहिद, डॉ रविंद्र कुमार सिंह, डॉ फणींद्र कुमार त्रिपाठी, महेंद्र प्रसाद, देवेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव, अशोक कुमार यादव, रामनंदन सिंह, अजय कुमार सिन्हा, रवि नंदन कुमार सिन्हा, राजेंद्र कुमार हरित, रामा शंकर सिंह, अरुण कुमार वर्मा, संजय कुमार, उमेश दूबे, अजीत कुमार वर्मा, सुशील कुमार सिन्हा, जगमोहन लाल कक्कड़, श्याम नंदन सिन्हा, मोहिंदर सिंह बेदी, प्रदीप कुमार चौधरी, सत्येंद्र कुमार मेहरा, मदन मोहन पाठक और प्रदीप वशिष्ठ उर्फ प्रदीप कुमार। एक आरोपित सुरेश दूबे फरार है।

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा : ऐसा केस पहले नहीं देखा

# दो वोट के लिए दो मर्डर, पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह को उम्रकैद

- 70 साल की उम्र, भगवान ही मालिक

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल के पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह को सुप्रीम कोर्ट ने साल 1995 के मशरख डबल मर्डर केस में उम्रकैद की सजा सुनायी है। कोर्ट ने मृतकों के परिवारों को 10-10 लाख रुपये और घायल के परिवार को पांच लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश भी दिया है।

सुनवाई के दौरान जस्टिस संजय किशन कौल ने कहा कि इस मामले में दो विकल्प हैं, या तो हम जीवन दें या मौत। फिर



जस्टिस विक्रम नाथ ने पूछा कि प्रभुनाथ सिंह की उम्र कितनी है? उनके वकील ने बताया कि 70 साल। इसके बाद जस्टिस ने कहा कि तब तो भगवान ही मालिक हैं। आज से पहले ऐसा केस नहीं देखा। प्रभुनाथ सिंह को इस मामले में पटना की एक कोर्ट ने साल 2008 में बरी कर दिया था। बाद में साल 2012 में पटना हाइकोर्ट ने भी इस फैसले को सही ठहराया था। पीड़ित के भाई ने इसके बाद सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी। कोर्ट ने 18 अगस्त को प्रभुनाथ सिंह को दोषी करार दिया था। वे फिलहाल विधायक अशोक सिंह हत्याकांड में झारखंड के हजारीबाग केंद्रीय जेल में उम्रकैद की सजा काट रहे हैं। गौरलतब है कि साल 1995 में बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान छपरा के मशरख में 18 साल के राजेंद्र राय और 47 साल के दरोगा राय की पोलिंग बूथ के पास ही गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। आरोप था कि दोनों ने ही प्रभुनाथ सिंह के कहे अनुसार वोट नहीं दिया था। यह वही चुनाव था जिसमें अशोक सिंह ने प्रभुनाथ सिंह को हराया था। इसके बाद प्रभुनाथ सिंह ने 90 दिनों के अंदर अशोक सिंह की हत्या करने की धमकी दी थी। 3 जुलाई, 1995 के दिन अशोक सिंह की हत्या हो गयी। यह उनके विधायक बनने का 90वां दिन था।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 02 सितंबर, 2023
www.azadsipahi.in



# मोदी सरकार के एक फैसले से बौखलाया विपक्ष, बढ़ा सस्पेंस

## ■ संसद का विशेष सत्र बुलाने के पीछे की वजह तलाश रहे हैं सभी

## ■ महिला आरक्षण, समान नागरिक संहिता और एक देश-एक चुनाव जैसे मुद्दों पर निर्णायक फैसला लिये जाने के लगाये जा रहे कयास

जिस समय विपक्ष मुंबई में आइएनडीआइए गठबंधन की बैठक कर 2024 के लोकसभा चुनाव में केंद्र सरकार को घेरने की योजना बना रहा है, उसी बीच अचानक यह समाचार आ गया कि सरकार संसद का विशेष सत्र बुलाने जा रही है। 18 से 22 सितंबर के पांच दिवसीय विशेष सत्र में क्या होगा, इस पर कयासबाजी जारी है। इस विशेष सत्र को बुलाने के पीछे सरकार की मंशा को लेकर भी तमाम तरह के प्रश्न खड़े किये जा रहे हैं। विपक्ष ने हालांकि अभी से इसे बौखलाहट में उठाया हुआ कदम करार दिया है, लेकिन हकीकत यही है कि मोदी सरकार के इस एक कदम से पूरा विपक्ष बौखला गया है। उसे पता ही नहीं चल पा रहा है कि अब वह क्या करे, क्योंकि संसद के इस विशेष सत्र में क्या होगा, इसकी जानकारी अब तक सामने नहीं आयी है। जिस तरह मोदी सरकार ने एक देश-एक चुनाव की दिशा में कदम बढ़ाते हुए इसकी संभाव्यता का अध्ययन करने के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समिति बनायी है, उससे तो यही लगता है कि विशेष सत्र में इस पर कोई निर्णायक फैसला लिया जा सकता है। इसके अलावा महिला आरक्षण और समान नागरिक संहिता भी ऐसे मुद्दे हैं, जिन पर मोदी सरकार अगले चुनाव से पहले कोई निर्णायक कदम उठाना चाहती है। दरअसल इस तरह के कई मुद्दे हैं, जो सरकार की प्राथमिकता में रहे हैं, लेकिन अलग-अलग कारणों से उन पर अमल नहीं हो पाया है। संसद का विशेष सत्र बुलाये जाने के पीछे की वजह चाहे कुछ भी हो, इसने विपक्ष को पूरी तरह कन्फ्यूज कर दिया है। मोदी सरकार के इस फैसले का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

**आजाद सिपाही विशेष**


राकेश सिंह

केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने एक बार फिर अपने फैसले से सभी को चौंका दिया है। संसद का मानसून सत्र कुछ ही दिन पहले समाप्त हुआ है और इसके कुछ ही दिनों बाद संसद का विशेष सत्र 18 से 22 सितंबर को बुलाया गया है। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी की ओर से इस फैसले की जानकारी दी गयी। संसद का विशेष सत्र बुलाये जाने की खबर के बाद अचानक से इसकी टाइमिंग को लेकर चर्चा शुरू हो गयी है। आखिर सरकार ने यह विशेष सत्र बुलाया क्यों? चुनाव से पहले शीतकालीन सत्र भी है, तो उससे पहले यह फैसला क्यों लिया गया। विपक्ष की ओर से भी इस फैसले पर सवाल खड़े किये जा रहे हैं, क्योंकि वह इस फैसले के कारण बौखला गया है। लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि ऐसी कौन सी इमरजेंसी है, शीतकालीन सत्र तो होना है। विपक्ष के सवाल के बीच समय पूर्व चुनाव, संसद की नयी इमारत में प्रवेश, चंद्रयान और जी 20, विधानसभा चुनाव से पहले कोई बड़ा फैसला, एक देश एक चुनाव का बिल या कुछ और, इसको लेकर अलग-अलग चर्चा शुरू है।

### क्या है संवैधानिक प्रावधान

जरूरत पड़ने पर देश के राष्ट्रपति को संसद का विशेष सत्र बुलाने का अधिकार है। केंद्र सरकार ने इसी प्रावधान का प्रयोग करते हुए राष्ट्रपति से संसद का विशेष सत्र बुलाने की सिफारिश की और मंजूरी भी ले ली। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने पांच दिन के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाये जाने की जानकारी दी है। यह बैठक संसद के नये भवन में होने की जानकारी है। वैसे तो विशेष सत्र में क्या होगा, इस बारे में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं है, लेकिन संकेत मिल रहे हैं कि इस दौरान करीब 10 विधेयक पेश किये जा सकते हैं। चर्चा यह भी है कि मोदी सरकार कुछ बड़ा करने वाली है।

### क्या हो सकता है विशेष सत्र में

माना जा रहा है कि नयी इमारत में पांच दिनों तक चलनेवाला संसद का यह विशेष सत्र कुछ विशेष कारणों से बुलाया गया है। हालांकि सत्र नयी इमारत में होगी या पुरानी में, इस बारे में आधिकारिक तौर कोई जानकारी सामने नहीं आयी है।



लेकिन संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने इस फैसले की जानकारी देते हुए जो तस्वीर पोस्ट की है, उसमें संसद की नयी और पुरानी, दोनों ही इमारत दिख रही है। संसद के मानसून सत्र से पहले यह चर्चा थी कि नये संसद भवन में ही सत्र का आयोजन होगा, हालांकि ऐसा हुआ नहीं। यह भी चर्चा है कि नयी इमारत का उद्घाटन तो शुभ मुहूर्त पर कर दिया गया, लेकिन पहले सत्र के लिए कोई शुभ मुहूर्त नहीं था। अब शुभ मुहूर्त में नये संसद भवन में विशेष सत्र का आयोजन होगा।

### जी 20 और चंद्रयान-3 वाला क्या है कनेक्शन

संसद का विशेष सत्र (17वीं लोकसभा का 13वां सत्र और राज्यसभा का 261वां सत्र) 18 से 22 सितंबर को बुलाया गया है। संसद के इस विशेष सत्र के एजेंडे के बारे में आधिकारिक तौर पर कुछ भी नहीं कहा गया है। हालांकि यह सत्र 9-10 सितंबर को राष्ट्रीय राजधानी में जी 20 शिखर बैठक के कुछ दिनों बाद आयोजित होने जा रहा है। वहीं इससे पहले चंद्रयान-3 की सफलता भी है। चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पर चंद्रयान-3 पहुंचा है और इससे पहले कोई भी देश ऐसा कारनामा नहीं कर पाया है। भारत के लिए यह बहुत बड़ी सफलता है। वहीं जी 20 के आयोजन के कुछ ही दिन बीते होंगे, जब यह सत्र शुरू होगा। ऐसे में इन मुद्दों पर भी संसद के भीतर सरकार अपनी बात रख सकती है।

### समय से पहले चुनाव वाली बात क्या होगी सच

वहीं एक और चर्चा जोरों पर है, जिसका जिक्र विपक्ष की ओर से भी किया जा रहा है। विपक्ष की ओर से दावे किये जा रहे हैं कि मोदी सरकार इस बार समय से पहले चुनाव करा सकती है। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी की ओर से दावा किया गया कि दिसंबर में ही सरकार लोकसभा चुनाव करा सकती है। नीतीश कुमार की ओर से भी ऐसा दावा किया जा चुका है। कई राज्यों में विधानसभा चुनाव है और उसके आस-पास चुनाव हो सकते हैं, ऐसी चर्चा है। हालांकि सरकार के मंत्री और भाजपा नेता ऐसी बात को नकारते रहे हैं। चुनाव के लिए विशेष सत्र की कोई जरूरत नहीं, लेकिन पांच दिन के सत्र में सरकार कौन से महत्वपूर्ण बिल पास करायेगी, इस पर नजर रहेगी। माना जा रहा कि सरकार कुछ ऐसे फैसले कर सकती है, जिसका चुनावी राज्यों पर असर पड़ सकता है।

### यूसीसी, एक देश एक चुनाव, महिला आरक्षण या कोई बड़ा सरप्राइज

कुछ ही महीने बाद राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में चुनाव होने वाले हैं। पांच दिनों के इस विशेष सत्र में सरकार कुछ महत्वपूर्ण बिल पास करा सकती है। चर्चा यूसीसी, यानी समान नागरिक संहिता की भी शुरू है, हालांकि इसकी संभावना काफी कम है। भाजपा सबसे पहले इसे उत्तराखंड में लागू कराना चाहती है। वहीं इस बात की भी चर्चा है कि सरकार इस सत्र में एक देश एक चुनाव का बिल ला सकती है। प्रधानमंत्री मोदी इस मुद्दे को लंबे समय से उठाते रहे हैं। उनका कहना रहा है कि बार-बार चुनाव कराने से देश पर अनावश्यक खर्च बढ़ता है और सरकारों पर दबाव रहता है। यदि पांच साल में एक ही बार चुनाव हों, तो सरकारें इस दबाव से मुक्त होकर जनहित के निर्णय ले सकेंगी। इस चर्चा को तब और मिला है, जब मोदी सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में इस प्रस्ताव की संभाव्यता पर विचार करने के लिए एक समिति का गठन कर दिया है। प्रधानमंत्री मोदी अपने फैसलों से अक्सर लोगों को चौंकाते रहे हैं। माना जा रहा है कि इस विशेष सत्र में भी उनकी ओर से कोई बड़ा सरप्राइज देखने को मिल सकता है।

### विशेष सत्र पर विपक्ष की ओर से क्या कहा गया

सरकार के इस फैसले की चर्चा विपक्षी दलों के बीच भी शुरू है। कांग्रेस ने सरकार द्वारा संसद का विशेष सत्र बुलाने के फैसले के बाद आरोप लगाया कि अडानी समूह के खिलाफ नये खुलासे होने और विपक्ष की बैठक के चलते समाचारों से ध्यान भटकाने के लिए विशेष रणनीति के तहत विशेष सत्र की घोषणा गयी है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि इस विशेष सत्र के दौरान भी अडानी समूह के मामले में संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की जांच की मांग सदन के भीतर और बाहर जारी रहेगी। जदयू की ओर से कहा गया कि यह केंद्र सरकार का बौखलाहट में लिया गया फैसला है।

### विपक्षी खेमे में बौखलाहट

सरकार के इस फैसले का असर विपक्षी गठबंधन की मुंबई बैठक में भी साफ देखा जा सकता है। मोदी सरकार की यही रणनीति है कि विपक्ष को संभलने का मौका न मिले। विपक्षी दल अब तक लोगो और संयोजक में उलझे हुए हैं और इधर सरकार ताबड़तोड़ फैसले लेकर सियासी माहौल को अपने पक्ष में मोड़ती जा रही है।

---

**पहल: शिल्पकारों को सम्मान मिले और उनकी कला जीवित रहे**

# सीएम के निर्देश पर शिल्पकारों के गांव पहुंचे डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** तबला, मांदर, ढोल, मृदंग की गूंज कभी कम ना हो। सदियों से चली आ परंपरा अक्षुण्ण रहे। शिल्पकारों को सम्मान मिले और उनकी कला जीवित रहे। इसी उद्देश्य से झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर जमशेदपुर के बोड़ाम प्रखंड स्थित अंधारझोर गांव में शुक्रवार को जिला प्रशासन की टीम पहुंची। मुख्यमंत्री ने ये आदेश ग्रामीणों को आवास, पेंशन, राशन समेत अन्य योजनाओं का लाभ नहीं मिलने की जानकारी मिलने के बाद दिया था। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने शिल्पकारों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं से अवगत हुए। उन्होंने जमशेदपुर के साकची स्थित संजय मार्केट के पास खाली स्थान में विश्वकर्मा प्वाइंट बनाने की संभावनाओं को देखा। इस प्वाइंट पर शिल्पकारों के लिए मार्केट विकसित करने पर विचार किया गया है। डीसी ने कहा कि कहा कि मुख्यमंत्री के आदेश पर ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं से जोड़ा गया है। गांव को मूलभूत सुविधाओं से आच्छादित करने की प्रक्रिया शुरू हुई है। शिल्पकारों की



सैकड़ों वर्षों से चली आ रही वाद्ययंत्र निर्माण की परंपरा को बढ़ावा दिया जायेगा। इसके लिए कार्य शुरू हो चुका है।

### विशेष शिविर का हुआ आयोजन

पूर्वी सिंहभूम जिले के अंधारझोर गांव में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस कैंप में आवास, राशन कार्ड में नाम जोड़ने व हटाने, सामाजिक सुरक्षा के तहत पेंशन और कृषि विभाग द्वारा केसीसी से संबंधित आवेदन प्राप्त किये गये। अंधारझोर गांव के ग्रामीणों के आवास, पेंशन एवं राशन कार्ड को लेकर जिला प्रशासन ने योजना से जोड़ने का कार्य शुरू कर दिया है। इसके साथ ही गांव की अन्य समस्याओं के जल्द समाधान को लेकर आश्वस्त किया गया है।

### सैकड़ों आवेदन प्राप्त हुए

शिविर में आवास योजना के 104, नया राशन कार्ड के लिए 05, राशन कार्ड में सदस्य का नाम जोड़ने संबंधी 02, राशनकार्ड स्थानांतरण का 01, राशन कार्ड में आधार सुधार का 01, सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत दिव्यांग पेंशन का 01, वृद्धा पेंशन का 05 तथा निराश्रित पेंशन का 02 आवेदन प्राप्त हुए। 25 लोगों ने केसीसी का लाभ लेने के लिए आवेदन किया।

### शिल्पकारों को मिला भरोसा

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने शिल्पकारों से मुलाकात की। उन्होंने शिल्पकारों से तबला, मांदर, ढोल, मृदंग आदि बनाने में लगने वाला समय, लागत, निर्माण सामग्री, मार्केट तथा उनके उत्पाद के मूल्य की जानकारी ली। 70 परिवारों का गांव अधारझोर के ग्रामीणों ने बताया कि कई पीढ़ियों से उनका गांव शिल्पकला को संरक्षित रखने का कार्य कर रहा है, लेकिन लागत के अनुपात में मूल्य नहीं मिलने तथा बाजार उपलब्ध नहीं होने के कारण लोग इससे विमुख भी होने लगे हैं। उपायुक्त ने जमशेदपुर के साकची स्थित संजय मार्केट के पास खाली स्थान में विश्वकर्मा प्वाइंट बनाने की संभावनाओं को देखा। इस प्वाइंट पर शिल्पकारों के लिए मार्केट विकसित करने पर विचार किया गया है।

### जागरूक हुए ग्रामीण

मौके पर प्रशासन द्वारा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, फुलो झानो आशीर्वाद योजना, छात्रवृत्ति, धान अधिप्राप्ति, अनुदानित दर पर कृषि उपकरण वितरण योजना तथा अन्य महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी दी गयी। इसके साथ ही लोगों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

### शिल्पकारों की परंपरा का होगा संरक्षण

पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री के आदेश पर ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं से जोड़ा गया है। गांव को मूलभूत सुविधाओं से आच्छादित करने की प्रक्रिया शुरू हुई है। शिल्पकारों की सैकड़ों वर्षों से चली आ रही वाद्ययंत्र निर्माण की परंपरा को बढ़ावा दिया जायेगा। इसके लिए कार्य शुरू हो चुका है।

---

## यौन शोषण मामले में प्रदीप यादव की याचिका खारिज

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड हाइकोर्ट ने महिला के यौन शोषण के आरोपित पोड़ैयाहाट से कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव की क्रिमिनल रिवीजन पर फैसला सुनाया है। हाइकोर्ट के जस्टिस सुभाष चंद की कोर्ट ने शुक्रवार को प्रदीप यादव की याचिका को खारिज कर दिया। पूर्व में सभी पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। पूर्व में कोर्ट ने प्रदीप यादव के खिलाफ दुमका के एमपी-एमएलए कोर्ट में इस मामले से संबंधित चल रही कार्यवाही पर रोक लगायी थी। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता विमल कीर्ति सिंह एवं अधिवक्ता ललित यादव ने पैरवी की। सूचक की ओर से अधिवक्ता गौतम कुमार, विनोद साहू और ने पैरवी की। प्रदीप यादव ने मामले में स्पेशल जज, दुमका द्वारा 02 अप्रैल, 2022 को उनके डिस्चार्ज पिटीशन को खारिज किये जाने को हाइकोर्ट में चुनौती दी है। पीड़ित ने प्रदीप यादव के खिलाफ यौन शोषण मामले में 20 अप्रैल, 2019 को देवघर महिला थाना में कांड संख्या 13/ 2019 दर्ज करायी थी। इस मामले में 28 सितंबर, 2019 को प्रदीप यादव को हाइकोर्ट से बेल मिली है।

---

# चाइबासा मनरेगा घोटाला की जांच करेगी इडी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) से चाइबासा में हुए 28 करोड़ के मनरेगा घोटाला को लेकर रिपोर्ट मांगी है। इडी ने हाइकोर्ट के उस आदेश के बाद यह जानकारी मांगी है जिसके तहत हाइकोर्ट ने मंगलवार को मनरेगा घोटाले में इडी से जांच कराने का निर्देश दिया था। इडी के अधिकारियों ने एसीबी को पत्र लिखकर यह जानकारी मांगी है।

### इडी ने मांगी अब तक की पूरी जांच रिपोर्ट

इडी ने अपनी चिट्ठी में लिखा है कि मनरेगा घोटाले से जुड़े मामले में दर्ज प्राथमिकी की प्रति, केस में आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में दर्ज चार्जशीट और केस के अनुसंधान से संबंधित पूरी रिपोर्ट दें। मनरेगा घोटाला में पुलिस ने कुल 14 प्राथमिकी दर्ज की थी और इस पर जांच शुरू की थी। यह घोटाला वित्तीय वर्ष 2008-09, 2009-10, 2010-11 के दौरान किया गया था। इस

**एसीबी को पत्र लिखकर इडी ने 28 करोड़ के मनरेगा घोटाला से संबधित जानकारी मांगी**

मामले की जांच के लिए तत्कालीन सरकार के निर्देश पर एसीबी को सौंपा गया था। 2015 में एसीबी ने मामले की जांच शुरू की। जांच के दौरान एसीबी के सामने कई तथ्य सामने आये जिससे पता चला कि यह घोटाला बड़े स्तर पर हुआ है।

### काम किये बगैर हो गया पैसे का भुगतान

एसीबी ने जांच में अबतक पाया कि बगैर काम किये पैसे का भुगतान कर दिया गया। इसमें काफी गड़बड़ी है। पश्चिमी सिंहभूम के सोनुआ, गोइलकेरा, आनंदपुर, मनोहरपुर प्रखंड में एसीबी ने कई ऐसे जगहों का दौरा किया जहां के काम दिखाकर पैसे की निकासी की गयी थी। बिना सड़क और कुआं तथा अन्य कार्य कराये ही योजना मद में राशि की निकासी कर ली गयी। अब इस मामले की जांच इडी आगे करेगी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 33.0 °c | 24.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 18.08 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.31 बजे | |



## प्रदेश अध्यक्ष बोले : हेमंत सरकार के खिलाफ जनता में आक्रोश

# डुमरी की जनता ने परिवर्तन का मन बना लिया है: बाबूलाल मरांडी

**पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने संकल्प यात्रा को बीच में रोककर डुमरी उपचुनाव के प्रचार अभियान में पूरी ताकत झोंक दी है**



आजाद सिपाही संवाददाता

**डुमरी।** डुमरी उपचुनाव में एनडीए का प्रचार अभियान जोर-शोर से चल रहा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने संकल्प यात्रा को बीच में रोककर डुमरी उपचुनाव के प्रचार अभियान में पूरी ताकत झोंक दी है। सभी छह मंडलों में बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन के बाद अब गांव-गांव संपर्क अभियान पर पार्टी ने जोर लगाया है। आज भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने ससारखों मंडल के दर्जनों गांवों का दौरा कर लोगों से एनडीए प्रत्याशी यशोदा देवी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। श्री मरांडी ने अपने पहले मतदान फिर जलपान का अनुरोध किया। श्री मरांडी ने शुक्रवार को संपर्क अभियान की शुरुआत खरको मोड़ पर स्थापित झारखंड के अमर शहीद सिदो कान्हो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। मरांडी कई संथाल समाज की बस्तियों में भी गये जहां उनका पारंपरिक रीति रिवाज से स्वागत किया गया। जनसंपर्क अभियान में श्री मरांडी आज जरीडीह, बाराडीह, खकसावा, करमा, बहियार, बरवाडीह सहित दर्जनों गांवों में लोगों को संबोधित किया। श्री मरांडी ने कहा कि जिस प्रकार से जनता का आक्रोश हेमंत सरकार के खिलाफ झलक रहा उससे स्पष्ट हो गया है कि डुमरी विधानसभा क्षेत्र की जनता ने हेमंत सरकार को सबक सिखाने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि जनता आखिर झामुमो प्रत्याशी को क्यों वोट करे। कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार पैसे और परिवार के लिए सत्ता में बने रहना चाहती है। उसे राज्य के गरीब जनता, बेरोजगारों, किसानों, बहन बेटियों, आदिवासी दलित पिछड़े किसी की चिंता नहीं है।

### सड़कों की मरम्मत भी नहीं करवा रही हेमंत सरकार

उन्होंने कहा अटल बिहारी बाजपेयी ने झारखंड के आदिवासी, मूलवासी की भावनाओं का सम्मान करते हुए अलग राज्य की स्थापना की थी। लेकिन हेमंत सरकार ने राज्य को लुटेरों, बिचौलियों, दलालों के हाथों गिरवी रख दिया। उन्होंने कहा कि इसके पहले भी आंदोलन को बेचने का इनका पुराना इतिहास है।

उन्होंने कहा कि आज हेमंत सरकार भाजपा सरकार में बनायी गयी सड़कों की मरम्मत भी नहीं करवा रही। राज्य में चारों तरफ भ्रष्टाचार है। ब्लॉक थाना या कोई ऑफिस जाइये बिना पैसे का कोई काम नहीं होता। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने में भी गरीब जनता को घूस देने पड़ते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में दलाल बिचौलिये हावी हैं। पुलिस प्रशासन कानून व्यवस्था संभालना छोड़ वसूली में लगी है। कहा कि गरीबों के अनाज मुख्यमंत्री के विधानसभा क्षेत्र में भी दलाल बिचौलिए लूट रहे। संथाल समाज के गांव में उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि संथाली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने शामिल किया। आज संथाल समाज की आदिवासी बेटी को नरेंद्र मोदी ने भारत की राष्ट्रपति बनाकर आदिवासियों को बड़ा सम्मान दिया। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजाति गौरव दिवस घोषित किया गया। आज भारत सरकार में आठ आदिवासी मंत्री शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार गांव, गरीब किसान मजदूर के विकास के लिए समर्पित है और हेमंत सरकार लूट और परिवारवाद भ्रष्टाचार तुष्टिकरण में व्यस्त है। उन्होंने कहा कि राज्य के विकास केलिए, भ्रष्टाचार, परिवारवाद, तुष्टिकरण से झारखंड को बचाने के लिए एनडीए को मजबूत करें। उन्होंने आगामी 5 सितंबर को केला छाप पर बटन दबाकर एनडीए प्रत्याशी यशोदा देवी को केला छाप पर वोट देने की अपील की। आज संपर्क अभियान में श्री मरांडी के साथ पूर्व प्रदेश अध्यक्षा डॉ रवींद्र, पूर्व सांसद रविंद्र पांडेय, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रणव वर्मा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेश साव आदि शामिल थे।

# जनता का नहीं, अपराधियों का हौसला बुलंद है गठबंधन सरकार में: सुदेश महतो



फोटो : प्रदीप ठाकुर।

**हेमंत सरकार में दलितों की भागीदारी शून्य, डुमरी में कुछ झमेला है बाकी सब केला है**

**झूठ की नींव पर खड़ी सरकार का जाना तय, चार साल में एक भी वादा पूरा नहीं किया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**डुमरी।** एनडीए प्रत्याशी यशोदा देवी के पक्ष में शुक्रवार को नावाडीह के भलमारा, नावाडीह, चिरूडीह, परसबानी, दहियारी और आहारडीह में नुक्कड़ सभा करते हुए आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा कि हेमंत है तो हिम्मत है का नारा देकर सत्ता में आने वाली सरकार में जनता का हिम्मत तो नहीं बढ़ा लेकिन अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। यही इस सरकार की सबसे बड़ी उलब्धि है। राज्य के लिए जिन लोगों का कोई समर्पण और कर्तव्य बोध नहीं है वैसे लोग सत्ता में बैठे हुए हैं। इनकी सोच में राज्य सेवा नहीं बल्कि परिवार सेवा है। डुमरी को भय मुक्त और विकास युक्त बनाना ही हमारा लक्ष्य है। जेएमएम की सरकार का जाना तय है। जनता मन बना चुकी है। हेमंत सरकार झूठ की नींव पर खड़ी है। इस सरकार ने जनता से किया एक भी वादा पूरा नहीं किया है। पिछले चार सालों में वादों के नाम पर राज्य की जनता को छलने का काम किया जा रहा है। डुमरी का उपचुनाव भी ये लोग विकास पर नहीं बल्कि झूठ और आतंक के जोर पर लड़ना चाहते हैं। सुदेश महतो से जनता का सीधा जुड़ाव देखते हुए जेएमएम अब आतंक और भय का सहारा ले रही है। यही इनका चरित्र है। सरकार के हर मंच से सुदेश महतो को टारगेट किया जा रहा है। पूरी हेमंत कैबिनेट डुमरी पर्यटन पर है। जनता से जुड़े मुद्दों की तरफ इनका ध्यान नहीं है। उपचुनाव के परिणाम आने के बाद जेएमएम की विदाई तय है। झारखंड आंदोलन बेचने वाले वोट खरीद कर चुनाव जितना चाहते हैं। सुदेश महतो विकास की राजनीति करता है। झारखंडी विचारों, विषयों और जनभावना को साथ लेकर चलने का काम करता है।

सुदेश महतो ने कहा मेरे गांव आने के दो मकसद है पहला जेएमएम के 19 साल के शासन का चहेरा देखना चाहता हूं और दूसरा 2019 में जिन संकल्पों के नाम पर यह सरकार बानी थी उसका चेहरा कैसा है। मैं यह देखने आया हूं कि 3 कमरों वाला मकान किसको किसको मिला है। गांव के किन युवाओं को सरकारी नौकरी मिली है। सरकार ने प्रति वर्ष के 5 लाख नौकरियां देने का वादा किया था गांव के किस पढ़े लिखे नौजवान को बेरोजगारी भत्ता मिल रहा है। सरकार ने गांव की मां को यह वादा किया था कि 72 हजार रुपये चूल्हा खर्च के नाम पर दिया जायेगा। छात्रों को क्रेडिट कार्ड योजना से 4 लाख रुपये पढ़ाई के लिए दिया जायेगा। आपके गांव में जो भी इस प्रकार की योजना का लाभ लिये हैं मैं उनसे मिलने आया हूं।

चुनाव पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि मैं धर्म की राजनीती नहीं करता और राम और रहीम में कोई फर्क भी नहीं करता। गरीब के चहेरे को ही भगवान मान कर हूँ। गुलामी की मानसिकता से बाहर निकल कर ही बेहतर प्रतिनिधि और बेहतर सरकार चुना जा सकता है। इसलिए 5 तारीख को अपने अधिकार का प्रयोग करते हुए यशोदा माता को क्षेत्र की सेवा करने का अवसर प्रदान करें।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | नौकरी में उच्चाधिकारियों एवं सहयोगियों के सहयोग मिलेगा, मान-सम्मान। |
| वृष | बुद्धि-चतुरता से महत्वपूर्ण कार्य में सफलता, कर्मक्षेत्र में मनोनुकूल वातावरण रहेगा। |
| मिथुन | धन-द्रव्य-वस्त्र आभूषण की प्राप्ति, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रुचि बढ़ेगी। |
| कर्क | कर्मक्षेत्र यशस्वीकार्य करने का अवसर, सुख-संसाधनों की वृद्धि, योजना सफल होगा। |
| सिंह | संकल्पित कार्य पूरा होगा, घर-गृहस्थी का सुख, व्यापारिक लाभ, संतान की उन्नति से मन प्रसन्न रहेगा। |
| कन्या | धन प्राप्ति के प्रयासों में सफलता मिलेगी, शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। |
| तुला | विविध उलझनों से छुटकारा मिलेगा, परिश्रम-प्रयत्न से नौकरी-व्यापार एवं सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी। |
| वृश्चिक | धन लाभ होगा.संयम, धैर्य,कूटनीतिक चालों से जरूर राहत मिलेगी। |
| धनु | विद्या-बुद्धि प्रतिभा का विकास, रोजी-रोजगार के क्षेत्र में प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास। |
| मकर | संतान की उन्नति से मन प्रसन्न रहेगा, कुटुंबियों का सहयोग, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा। |
| कुंभ | नयी नौकरी मिलने के संयोग बनेगा, सपरिवार मनोरंजन-भ्रमण के साधन बनेंगे। |
| मीन | रोजी-रोजगार के क्षेत्र में कठिनाइयों पर विजय, शादी-शुदा जिंदगी में परेशानी से छुटकारा। |

# एक देश-एक चुनाव स्वागत योग्य कदम, इससे देश में होगी आर्थिक बचत : राजेंद्र प्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कहा एक देश एक चुनाव का निर्णय होता है तो वाकई यह स्वागत योग्य कदम होगा। उन्होंने कहा कि यह देश हित में है और इस निर्णय के साथ सभी राजनीतिक दलों को साथ खड़ा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस तरह के निर्णय से समय भी बचेगा



और आर्थिक बचत भी देश को होगी। प्रसाद ने कहा कि इसमें कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों के थोड़ा त्याग से देश को एक बहुत बड़ी आर्थिक लाभ होगा। जिससे गरीबों के हित में पैसे का उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि देश में लोकसभा विधानसभा का चुनाव 1952 से 1966 तक आजादी के बाद ऐसा हो चुका है। ऐसे में इसका विरोध नहीं होना चाहिए।

# एशियन गेम्स के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा, झारखंड की 3 बेटियां शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** 19वें एशियन गेम्स के लिए 18 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की हुई घोषणा हुई। इस टीम में झारखंड के भी तीन खिलाड़ी निक्की प्रधान, सलीमा टेटे और संगीता कुमारी का चयन किया गया है। तीनों ही खिलाड़ी भारतीय टीम के नियमित सदस्य हैं। बेंगलुरु में हॉकी इंडिया ने विशेष कार्यक्रम आयोजित कर समस्त पदाधिकारियों और खिलाड़ियों के परिजनों की उपस्थिति में टीम की घोषणा की गयी। हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने झारखंड के सभी खिलाड़ियों का बेंगलुरु में स्वागत किया गया। इस मौके पर भोलानाथ सिंह ने कहा कि किसी भी खिलाड़ी को बनाने में सबसे बड़ा योगदान, समर्पण और त्याग उनके अभिभावकों का होता है, परंतु उनका सम्मान अपवाद में ही होता है। इसलिए हॉकी इंडिया ने शुरुआत की है कि खिलाड़ियों के अभिभावकों को भी सम्मान मिले। इसलिए हमलोगों ने इस बड़े अवसर पर खिलाड़ियों के अभिभावकों को आमंत्रित किया है। बता दें कि 19वें एशियन गेम्स का आयोजन 23 सितंबर से 8 अक्टूबर तक चीन हांगझू में किया जायेगा। 1

## सावन माह में छह करोड़ 44 लाख से ज्यादा की आमद

# 54 लाख से ज्यादा भक्तों ने किये बाबा वैद्यनाथ के दर्शन

**श्रावणी मेला की तर्ज पर होगा भादो मेला**

आजाद सिपाही संवाददाता


**देवघर।** देवघर में विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेले की सफलता में प्रशासन ने अहम भूमिका निभाई। भक्तों को किसी तरह की परेशानी ना हो। लोग आसानी से बाबा वैद्यनाथ के दर्शन कर सकें इसकी पूरी तैयारी की गयी थी। संपूर्ण मेला क्षेत्र में कुल 635 मजिस्ट्रेट और पदाधिकारियों के अलावा 9,729 पुलिस बल मौजूद रहा।

**सुरक्षा के थे पुख्ता इंतजाम**

उपायुक्त विशाल सागर ने बताया 04 सीआरपीएफ की कंपनी जिनमें एक महिला बटालियन के अलावा 50 सदस्यीय एनडीआरएफ की टीम मेला क्षेत्र में प्रतिनियुक्त है। आगे मेला में कार्यरत 21 अस्थायी थाना की संख्या, ट्रैफिक ओपी 11, पुलिस आवासन हेतु 73 स्थानों पर आवासन की व्यवस्था सुनिश्चित की गयी थी।

### कितनी हुई कमाई

उपायुक्त विशाल सागर ने बताया कि श्रावणी मेला, 2023 में 04.07.2023 से अब तक कुल



54,02,786 कांवरियों ने बाबा बैद्यनाथ को जलार्पण किया है। साथ हीं शीघ्र दर्शनम कूपन के माध्यम से 1,36,249 श्रद्धालु शामिल हैं। बाबा मंदिर के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि 04.07.2023 से 28.08.2023 तक बाबा मंदिर की कुल आय 6,44,30,370.00 रुपये रहे। जिसमें मंदिर के अन्य स्त्रोतों से आय भी शामिल है। मंदिर दान काउंटर से 05 ग्राम सोने का सिक्का 11, चांदी का सिक्का 02 ग्राम का 24, चांदी 10 ग्राम का सिक्का 1053 अदद बिक्री की गयी।

### सीसीटीवी से रखी गयी कड़ी निगरानी

संपूर्ण मेला क्षेत्र की निगरानी हेतु 747 सीसीटी कैमरा व 04 ड्रॉन कैमरा कार्यरत है। इसके अलावा श्रद्धालुओं के आवासन हेतु 02 टेंट सीटी बनाये गये हैं, जिनमें कोठिया टेंट सिटी 1500 बेड की क्षमता व बाघमारा टेंट सिटी में 350 बेड की क्षमता के अलावा आध्यात्मिक भवन में 10,000 श्रद्धालुओं के आवासन की व्यवस्था सुनिश्चित की गयी है।

### स्वास्थ्य विभाग ने रखा कावंरियों की सेहत का ध्यान

उपायुक्त विशाल सागर द्वारा मेला क्षेत्र में कांवरियों को स्वास्थ्य सुविधाओं के संदर्भ में बात करते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग के द्वारा मेला क्षेत्र में कुल 34 अस्थाई स्वास्थ्य केंद्र लगाये गये हैं एवं इन स्वास्थ्य केंद्रों में 4.07.2023 से 28.08.2023 तक कुल 2,29,388 श्रद्धालुओं का इलाज किया गया है, जिनमें से 1,56,587 पुरुष, 60,541 महिलाएं एवं 12,260 बच्चे शामिल हैं।

**पूर्व तट रेलवे**

निविदा सूचना सं.eT-M-KUR-RM-MRDL-232-23

कार्य का नाम : दो वर्षों की समयावधि के लिए TATA साइडिंग, BSL, मेरामण्डली (MRDL) में वैगन की रेक परीक्षण गतिविधियां।

विज्ञापित मूल्य (रुपये में) : 2,61,79,840.76, EMD(रुपये में) : 2,80,900.00, पूरा होने की अवधि : 24 महीने।, बिड प्रारंभ होने की तिथि : दिनांक : 06.09.2023, निविदा बंद होने की तिथि व समय : दिनांक : 20.09.2023 को 1530 बजे।

ऐसी निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है और इस तरह प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जायेगा।

ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण विस्तृत विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in में उपलब्ध है।

सीनियर डिवीजनल मैकेनिकल इंजीनियर, खोरधा रोड

PR-523/O/23-24

**भारतीय खाद्य निगम**
**क्षेत्रीय कार्यालय, भुवनेश्वर**

File No: S&S/2/OMSS(D)/Wheat/2023-24 Date: 01.09.2023

प्रेस नोट

गेहूं और चावल की बाजार कीमतों को नियंत्रित करने के लिए भारत सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया है की, भारतीय खाद्य निगम के माध्यम से ओएमएसएस (डी) के तहत चरणबद्ध तरीके से ई–नीलामी के माध्यम से 50 LMT गेहूं और 25 LMT चावल खुले बाजार में उतारेगी। चावल का आरक्षित मूल्य रु.3100/ क्विंटल रुपये से घटाकर रु. 2900/ क्विंटल किया गया।
एफसीआई द्वारा जारी हालिया निविदा के अनुसार, एफसीआई ओडिशा क्षेत्र के 13 केंद्रों से 7000 मीट्रिक टन गेहूं और 6000 मीट्रिक टन चावल ई–नीलामी के लिए पेश किया गया है। ओएमएसएस (डी) योजना के तहत गेहूं और चावल की बिक्री के लिए एफसीआई द्वारा प्रत्येक सप्ताह शुक्रवार को निविदा निकाली जायगी ।
प्रति व्यापारि बोलीदाता को चावल की ई–नीलामी के लिए 1000 मीट्रिक टन तक की अनुमति है। इच्छुक बोलीदाता ई–नीलामी में भाग लेने के लिए एम–जंक्शन (http://www.valuejunction.in/fci) पर अपना पंजीकरण करा सकते हैं। महाप्रबंधक (क्षेत्र)

## ओरमांझी ट्रिपल मर्डर: मारपीट की घटना का बदला लेने के लिए तीन लोगों की हत्या की गयी

# नौ आरोपी गिरफ्तार, निशानदेही पर हथियार बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** ओरमांझी थाना क्षेत्र के गुंजा गांव के झांकी टोला में गुरुवार को हुए तीन लोगों की हत्या में शामिल नौ आरोपी गिरफ्तार हुए हैं। मारपीट की घटना का बदला लेने के लिए तीन लोगों की हत्या की घटना को अंजाम दिया गया था। गिरफ्तार आरोपियों में सहजनाथ बेदिया, सहजनाथ बेदिया की पत्नी राजो देवी और बेटा हेमंत बेदिया, संजीत बेदिया, रंजीत बेदिया, महेंद्र बेदिया, पंचित बेदिया, सुकरा मुंडा और कामेश्वर बेदिया शामिल हैं। सभी आरोपी ओरमांझी थाना क्षेत्र के गुंजा के रहने वाले हैं। आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में शामिल दबली, कुदाल और चापड़ बरामद किया गया है।

### जानें क्या है पूरा मामला

पुलिस ने पीसी कर कहा की दो सप्ताह पहले मृतक झामेश्वर बेदिया का सुअर सहजनाथ बेदिया और उसके पड़ोसियों के खेतों में जाकर धान की फसल बर्बाद कर दिया था। इस बात को लेकर झामेश्वर बेदिया का आरोपी के साथ लड़ाई-झगडा हुआ था। आरोपी महेंद्र बेदिया का बीते बुधवार को चाचा झामेश्वर बेदिया और उसकी पत्नियों ने मारपीट कर सिर फोड़ दिया था। इसी बात का



बदला लेने के लिए आरोपी अपने परिजनों के साथ मिलकर चाचा झामेश्वर बेदिया के घर घुसकर दोनों पत्नी के साथ चाचा की लाठी-डंडे, कुदाल, दबली आदि से मारकर हत्या कर दी थी।

**मृतक के भतीजे के बयान पर दर्ज हुई प्राथमिकी :** गुरुवार को ओरमांझी थाना क्षेत्र के देवनजड़ा स्थित झझी टोला गुंजा में करीब 11 बजे झामेश्वर बेदिया और उनकी दोनों पत्नी सरिता देवी और संजू देवी की हत्या कर दी गयी। सूचना पर ओरमांझी थाना पुलिस घटनास्थल पहुंचकर तीनों के शव उनके घर से बरामद किया था, साथ ही घटनास्थल से दाबली, कुदाल, चापड़ भी बरामद किया था। वहीं मृतक झामेश्वर बेदिया के भतीजे संतराज बेदिया के बयान पर नामजद प्राथमिकी दर्ज की गयी है। इसमें 11 नामजद गोतिया और चार-पांच अज्ञात के बारे में बताया गया था।

**नाम एवं उम्र सुधार हेतू घोषणा**

शपथ पत्र संख्या 1868 दिनांक 27 मई 2023 के अनुसार मैं **शेख हिरू**, पिता- शेख सुकुर ग्राम- मोहन नगर चलीस क्वाटर, क्वाटर न.- 384 पोस्ट-डकरा, थाना-खलारी, जिला - रांची, झारखंड का वर्तमान निवासी हूं। मैं घोषणा करता हूं कि मेरे पुत्री MAHAJABEEN का नया नाम MAHAJABEEN BEGUM उम्र 37 वर्ष. ISHRAT BEGUM का नया नाम ISHRAT KHATUN उम्र 31 वर्ष, तथा पुत्र TANVEER SEKH का नया नाम SHEKH TANBIR उम्र 35 वर्ष, एवं पुत्र SEKH SABIR का नया नाम SHEKH SABBIR उम्र 25 वर्ष एवं SEKH SAMIR का नया नाम SHKEH SAMIR उम्र 23 वर्ष हैं। यह घोषणा पत्र मैं अपने पुत्र पुत्रियों का नाम विभिन्न दस्तावेजो में सुधार हेतू कर रहा हूं।

**AFFIDAVIT**

As per affidavit Ref. No. 743 dated 01.09.2023I Sagar Singh, S/o Janki Das, R/o **Permanent-** Chabba (Demote, PO Chanderkote, Tehsil - Ramban, Dist-Ramban (J&K), Pin- 182148 and at Present – 1 JAK LI (SHER-E- KASHMIR), C/o 99 APO Morabadi, Ranchi (Jharkhand)- 834008, do hereby solemnly affirm and declare as under:-

1. That I am an Indian citizenship by birth.
2. That **my wife** actual name is **"Neelama Devi"** in my service book but by mistake in aadhar card my wife name is mentioned "Neelma Devi" which is wrong.
3. That **"Neelama Devi"** and **"Neelma Devi"** both are one and same **Person**
4. That my wife actual date of birth is 02.04.1984 but in Aadhar card by mistake my date of birth is mentioned 13.11.1985.
5. That this affidavit is purpose for Correction of my wife name and Date of birth in Aadhar.
6. That all above statement are true and correct to the best of my knowledge and belief.

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW



# मनरेगा एक्ट उल्लंघन के मामले में झाप्रसे के अधिकारी पर होगी विभागीय कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी विनय कुमार सुमन पर विभागीय कार्रवाई चलाने का निर्णय लिया गया है। उनके ऊपर जामा बीडीओ के पद पर रहते पंचायत स्तर की योजनाओं का प्रखंड स्तर का एफटीओ कराने, बिना कार्य हुए 9,73,500.00 रुपये की राशि पंचायत एवं प्रखंड से निकासी करने, मनरेगा एक्ट का उल्लंघन करने और भ्रष्टाचार में शामिल रहने सहित कई आरोप हैं।

दुमका उपायुक्त ने 24 मई, 2018 को आरोप पत्र गठित कर कार्रवाई की अनुशंसा की थी। इसकी जांच करायी गयी, जिसमें प्रथम द्रष्टया आरोप सत्य पाया गया। इसके बाद विभागीय कार्रवाई का फैसला लिया गया है। कार्मिक विभाग ने शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी है।

# मुख्यमंत्री के प्रति जताया आभार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में राज्य कर्मियों के लिए पुरानी पेंशन योजना के पुनर्बहाली के एक वर्ष पूर्ण होने पर राज्यकर्मियों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार व्यक्त किया है। इस मौके पर योजना से आच्छादित सभी राज्यकर्मियों ने एक दूसरे को बधाई दी है। मालूम हो कि राज्यकर्मियों द्वारा वर्षों से पुरानी पेंशन योजना झारखंड में लागू करने की मांग की जा रही थी, जिसे एक वर्ष पूर्व राज्य सरकार द्वारा स्वीकृति प्रदान की गयी थी। ऐसा करने वाला झारखंड देश का पहला राज्य बना था।

# झारखंड कैबिनेट की बैठक छह सितंबर को

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड कैबिनेट की बैठक छह सितंबर को होगी। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) द्वारा सूचित किया गया है कि कैबिनेट (मंत्रिपरिषद्) की बैठक छह सितंबर को शाम 4 बजे से प्रोजेक्ट भवन स्थित मंत्रिपरिषद् कक्ष में होगी।

# पीएम आंगनबाड़ी केंद्रों का राष्ट्रीयकरण करें: जेपी पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड भाजपा किसान मोर्चा के नेता सह आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका संघ झारखंड प्रदेश के उपाध्यक्ष जय प्रकाश पांडेय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिख कर संपूर्ण राष्ट्र के आंगनबाड़ी सेविका/ सहायिका को राष्ट्रीयकरण कर केंद्रीय वेतनमान देने की गुहार लगायी है ताकि संपूर्ण भारत में लगभग आजादी के बाद से ही शोषित, पीड़ित और दुखों का पहाड़ झेल रही सेविकाओं/सहायिका महिलाओं को संपूर्ण लाभ मिल सके तथा प्रधानमंत्री के सोच के अनुरूप पंचायत स्तर पर भारत सरकार का एक सशक्त पुल तैयार हो सके तथा कोर्ट के अनुरूप उन्हें केंद्रीय वेतनमान और अन्य सुविधाओं की लाभ मिल सके और नारी सशक्तिकरण और प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना के लाभ के साथ ये महिलाएं सशक्त राष्ट्र और विकसित राष्ट्र के निर्माण में सेविकाओं/सहायिका का संपूर्ण योगदान हो सके। क्योंकी झारखंड सहित समूर्ण राष्ट्र में केंद्रांश की अनुदान राशि भी लगभग 08 माह से भुगतान नहीं हुआ है जिसके कारण गर्भवती, धात्री और बच्चों को कुपोषण से मुक्ति में लगी महिला कर्मचारियों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है और प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना और महिला एवं बच्चों के सशक्तिकरण और विकसित भारत के निर्माण के लिए मजबूत मानव संसाधन तैयार करने में बाधा उत्पन्न हो रही है। जिसके कारण मानव विकास बाधित हो रहा है। आपके सोच के अनुरूप मानव संसाधन और कुपोषण मुक्त भारत के अभियान के लिए संपूर्ण राष्ट्र के आंगनवाड़ी सेविका/ सहायिका का अधिग्रहण और केंद्रीय वेतनमान ही विकल्प है क्योंकि राज्य सरकारें भी इन शोषित और पीड़ित महिला कर्मचारियों का भरपूर शोषण कर रही हैं और समय पर मकान माकन भाड़ा, पोषाहार राशि, मोबाइल, मोबाइल रिचार्ज और मानदेय का भुगतान भी नहीं कर रही हैं। अब प्रधानमंत्री गति शक्ति अभियान और महिला सशक्ति करण अभियान को शक्तिशाली , सबल और विकसित मानवसंसाधन के मजबूत पिलर तैयार करने वाले महिला आंगनवाड़ी सेविका / सहायिका को शोषण से मुक्ति के लिए उन्हें केंद्रीय वेतनमान और राष्ट्रीय करण ही विकल्प है। तभी हम एक मजबूत बचपन और मानव संसाधन तैयार कर भारत को विकसित राष्ट्र के श्रेणी में खड़ा करने में कामयाब होंगे और नारी शक्ति का सम्मान भी मिल सकेगा।

सभी महिला सेविका/ सहायिका महिलाओं ने 2024 चुनाव में भजपा को संपूर्ण शक्ति प्रदान करने का संकल्प दुहराया है ताकि सशक्त राष्ट्र के निर्माण में हम कामयाब हो सकें।

## विरोध : विभिन्न श्रमिक संगठनों का प्रदर्शन शुरू

# एचइसी के 1623 ठेका कर्मियों की नौकरी समाप्त, कारखाना के अंदर जाने से रोका

**आश्वासन के बाद ठेका कर्मियों का गुस्सा शांत हुआ**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** एचइसी के 1623 ठेका कर्मी शुक्रवार को एक साथ बेरोजगार हो गये। कंपनी के एफएफपी कारखाना के मुख्य गेट पर ठेका कर्मियों को अंदर जाने से रोक दिया गया। एफएफपी प्लांट प्रबंधन ने नोटिस जारी कर ठेका कर्मियों के कारखाना के अंदर जाने पर रोक लगा दी है। मेन गेट पर ठेका कर्मियों को सीआइएसएफ ने रोका। जिसके बाद एचइसी में ठेका कर्मियों को लेकर विभिन्न श्रमिक संगठनों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया।

**नये कांट्रैक्टर की तलाश जारी: संजय कुमार**

एचइसी का औद्योगिक माहौल खराब नहीं हो, इसे देखते हुए एचइसी सप्लाई संघर्ष समिति का प्रतिनिधिमंडल एफएफपी के सीनियर डीजीएम ऑपरेशन संजय कुमार से मिला। प्रतिनिधिमंडल में ठेका श्रमिक मनोज पाठक, दिलीप सिंह, वाई त्रिपाठी, राजेश कुमार शर्मा और प्रमोद कुमार शामिल थे। संजय कुमार ने ठेका कर्मियों को बताया कि उनका कांट्रैक्ट 31 अगस्त 2023 को समाप्त हो गया है। नये कांट्रैक्ट के लिए मैनेजमेंट ने टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। टेंडर भी हुआ था, मगर किसी कांट्रैक्टर ने रूचि नहीं दिखाई। कांट्रैक्टर की तलाश जारी है। एफएफपी मैनेजमेंट ने दो दिनों के लिए कारखाना में प्रवेश पर रोक लगायी है। उसके बाद ठेका कर्मी प्लांट के अंदर प्रवेश कर सकेंगे। जब तक ठेका कर्मियों से संबंधित नया कांट्रैक्ट नहीं हो जाता है, तब तक ठेका कर्मी अपने कार्य स्थल पर आना-जाना कर सकेंगे। मैनेजमेंट के ऐसे आश्वासन के बाद ठेका कर्मियों का गुस्सा शांत हुआ।

**एजेंसी ने खुद को पीछे कर लिया**

एचइसी के ठेका कर्मियों की नौकरी एक सितंबर से समाप्त हो गयी। क्योंकि 31 अगस्त के बाद से ठेका कर्मियों का कांट्रैक्ट समाप्त हो गया। जिस कंपनी के तहत ठेका कर्मी एचइसी में इनरॉल थे। उस कंपनी ने आगे काम लेने से इनकार कर दिया है। क्योंकि एचइसी ने एजेंसी को ठेका कर्मियों के इएसआइ और जीएसटी आदि मद का भुगतान बंद कर दिया था। जिस वजह से एजेंसी पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ता गया। अंततः एजेंसी ने खुद को पीछे कर लिया। वर्तमान में कंपनी की आर्थिक स्थिति को देखते हुई कोई नयी कंपनी भी नहीं आ रही है। ऐसे में 1 सितंबर से 1623 ठेका कर्मी एक साथ बेरोजगार हो गये। ठेका कर्मी मैनेजमेंट के आश्वासन पर कारखानों में आते हैं और किसी तरह की दुर्घटना हो जाती है, तो उसके लिए मैनेजमेंट जवाबदेह नहीं होगा। दूसरी तरफ ठेका कर्मियों और उनके परिवार वालों को अब मेडिकल आदि सुविधाओं से भी वंचित रहना पड़ेगा।

**18 माह से स्थायी सहित ठेका कर्मियों को वेतन नहीं दिया जा रहा**

एचइसी द्वारा 18 माह से स्थायी सहित ठेका कर्मियों को वेतन नहीं दिया जा रहा है। पीएफ और इएसआइ के खाते में पैसा नहीं जमा किया जा रहा है। एचइसी में अभी कुल 2776 कर्मी कार्यरत हैं। इसमें 1153 स्थायी कर्मी हैं। इसमें अफसर की संख्या 500 है। 625 वर्कर और 25 सुपरवाइजर हैं। वहीं 1623 ठेका कर्मी हैं। यह आंकड़ा जुलाई माह का है। ठेका कर्मियों के नौकरी के संकट को देखते हुए मैनेजमेंट के आला अफसर नये कांट्रैक्टर की तलाश में जुट गये हैं।

**रोजमर्रा का कार्य प्रभावित न हो : राणा संग्राम सिंह**

इधर, हटिया प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन के महामंत्री राणा संग्राम सिंह ने विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि बिना टेंडर और बिना ठेकेदार के भी अब सप्लाई कामगारों को प्लांट में जाने से कोई नहीं रोकेगा। ठेकेदार जेपी राय के स्वर्गवास के बाद नया टेंडर हुआ नहीं है। रुपये की कमी की वजह से इएसआइ वगैरह का रुपया जमा नहीं हो पाया है। न ही दूसरा कोई ठेकेदार तैयार हो रहे हैं। इसीलिए हमने पूर्व में कहा था कि प्रभारी निदेशकों की अनुपस्थिति में एचइसी में वर्तमान महाप्रबंधकों में से किसी एक को मुख्य महाप्रबंधक या महाप्रबंधक वर्क्स बनाया जाये। ताकि रोजमर्रा का कार्य प्रभावित न हो। प्रभारी अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक नलिनी सिंघल को एचइसी में आने की न इच्छा है न चाहत है। वह बस एचइसी का पद तमगा की तरह छाती पर लटकाये घूम रहे हैं। शेष निदेशक आ रहे हैं। कार्य पूर्ण कर रहे हैं। श्री राणा ने कहा कि अगर स्थानीय बड़ा पदाधिकारी होता, तो संवाद की कमी की वजह से एफएफपी गेट पर सप्लाई कामगारों को घंटों प्रतीक्षा में खड़ा नहीं होना पड़ता।

# अनिमेष जैन ने एनटीपीसी के कोयला खनन प्रभाग के मुख्य महाप्रबंधक (प्रभारी) का पदभार संभाला

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना के परियोजना प्रमुख अनिमेष जैन ने 1 सितंबर से एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय, रांची में मुख्य महाप्रबंधक (प्रभारी) का पद ग्रहण किया है। वह एनटीपीसी के कोयला खनन प्रभाग के प्रमुख होंगे और झारखंड, ओडिशा और छत्तीसगढ़ राज्यों में स्थित सभी कोयला खनन परियोजनाओं और रांची में कोयला खनन मुख्यालय की देखभाल करेंगे। अपनी वर्तमान पोस्टिंग से पहले श्री जैन चट्टी बरियातु कोयला खनन में परियोजना प्रमुख के रूप में कार्यरत थे। 32 वर्षों से अधिक के अपने शानदार करियर में श्री जैन का सूचना और प्रौद्योगिकी, सीएमडी और निदेशक (तकनीकी) सचिवालय, ईआरपी, कॉर्पोरेट योजना, कोयला खनन आदि क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान है। उन्होंने व्यवसाय के क्षेत्र में भी बड़े पैमाने पर काम किया है। भारत और विदेश दोनों में विकास, विलय और अधिग्रहण, जोखिम प्रबंधन, रणनीतिक प्रबंधन, कॉर्पोरेट मामले शामिल है। श्री जैन ने 2020-21 में बांग्लादेश इंडिया फ्रेंडशिप पावर कंपनी लिमिटेड (बीआइएफपीसीएल) के प्रबंध निदेशक के रूप में भी कार्य किया और आज तक बोर्ड के सदस्य बने हुए हैं। बीआइएफपीसीएल में प्रबंध निदेशक की भूमिका संभालने से पहले, वह म्यांमार में एनटीपीसी लिमिटेड के संचालन की स्थापना के लिए जिम्मेदार थे। म्यांमार में एनटीपीसी लिमिटेड के कंट्री हेड होने के अलावा, उन्होंने अंतर-सरकारी समितियों में सदस्य के रूप में बिम्सटेक क्षेत्र के लिए बिजली क्षेत्र की पहल में योगदान दिया। उन्होंने एनइएससीएल के सीइओ के रूप में भी कार्य किया, और दो वर्षों से अधिक समय तक त्रिंकोमाली पावर कंपनी लिमिटेड (सीलोन इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड और एनटीपीसी लिमिटेड का एक संयुक्त उद्यम) और टीइएलके के बोर्ड में निदेशक रहे हैं। विश्व ऊर्जा परिषद भारत के कार्यकारी निदेशक के रूप में अपनी जिम्मेदारी में, 2021 से 2023 तक उन्होंने भारत और विश्व स्तर पर चल रहे ऊर्जा परिवर्तन सहित बिजली क्षेत्र का एक समग्र दृष्टिकोण विकसित किया है। अपनी टीम के सशक्तिकरण में दृढ़ विश्वास रखने वाले, श्री जैन उत्कृष्टता के लिए प्रयास करते हैं। उनकी सफलता का मंत्र है 'सावधानीपूर्वक योजना और दोषरहित क्रियान्वयन'। बिजली उत्पादन और खनन क्षेत्र के अनुभवी श्री अनिमेष जैन अपने साथ समृद्ध अनुभव के साथ-साथ गतिशील नेतृत्व गुण भी लेकर आते हैं। अकादमिक मोर्चे पर श्री जैन भारत में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआइटी) से एक योग्य मैकेनिकल इंजीनियर हैं और उन्होंने अमेरिका के जॉर्ज वाशिंगटन विश्वविद्यालय से सूचना प्रणाली और इंजीनियरिंग प्रबंधन में मास्टर डिग्री प्राप्त की है। उन्होंने मैनेजमेंट सेंटर यूरोप, बेल्जियम से मिनी-एमबीए पूरा किया है और मैरीलैंड विश्वविद्यालय, यूएसए, भारतीय प्रबंधन संस्थान (आइआइएम), कोलकाता और भारतीय प्रबंधन संस्थान (आइआइएम), अहमदाबाद में वैश्विक नेतृत्व कार्यक्रमों में भाग लिया है। व्यक्तिगत मोर्चे पर, उन्हें यात्रा करना पसंद है और उन्होंने पेशेवर उद्देश्यों और प्रशिक्षण के लिए चार महाद्वीपों में 25 से अधिक देशों का दौरा किया है।

# यह सरकार झूठ की बुनियाद पर टिकी हुईः भानुप्रताप शाही



आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर से भाजपा विधायक भानुप्रताप शाही ने यशोदा देवी के पक्ष में जनसभा की**

**डुमरी।** भवनाथपुर से भाजपा के विधायक भानुप्रताप शाही ने यशोदा देवी के पक्ष में जनसभा की। श्री शाही ने जनसभा में उमड़ी भीड़ को संबोधित करते हुए हेमंत सोरेन पर हमला बोला। उन्होंने हेमंत सरकार पर किसानों, युवाओं, महिलाओं, मजदूरों को ठगने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह सरकार झूठ की बुनियाद पर टिकी हुई है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने कहा था कि 1932 खतियान आधारित नियोजन नीति और स्थानीय नीति बनायेंगे पर नहीं बनाया। किसानों के लोन माफ करेंगे नहीं किया। महिलाओं को चूल्हा खर्च साल में 72 हजार रुपये देंगे नहीं दिया। साल में पांच लाख नौकरी देंगे और नहीं दे सके तो स्नातक और स्नातकोत्तर बेरोजगारों को मासिक 5000 और 7000 रुपये बेरोजगारी भत्ता दिया जायेगा, नहीं दिया। इस सरकार ने सिर्फ और सिर्फ झूठ बोलकर सत्ता हासिल की है। अतः इस झूठी सरकार को सबक सिखाने के लिए डुमरी की जनता को एक होकर एनडीए उम्मीदवार यशोदा देवी को वोट और इस भ्रष्ट और झूठी सरकार को चोट देना है। श्री शाही ने पुलिस प्रशासन पर बोलते हुए कहा कि आज राज्य की पुलिस पैसे की उगाही में लगी हुई है। बालू ट्रैक्टर पकड़ना, मोटर साइकिल वालों को पकड़ कर पैसे वसूलने में व्यस्त है और राज्य में अपराधी मस्त है। श्री शाही ने उपस्थित जनसमूह से अपील करते हुए कहा कि आप सिर्फ अपना वोट देकर चुपचाप न रहें बल्कि अपने रिश्ते, नाते, हित कुटुंब को भी यशोदा देवी के पक्ष में वोट देना निश्चित करें।

# सीसीएल जन आरोग्य केंद्र ने ग्रामीण स्वास्थ्य शिविर लगाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शुक्रवार को रांची के नवा टोली बस्ती में जन आरोग्य केंद्र, सीसीएल द्वारा एनीमिया (खून की कमी ) जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में 107 ग्रामीणों का निःशुल्क जांच कर उन्हें चिकित्सीय परामर्श दिया गया। शिविर में इसके अतिरिक्त हिमोग्लोबिन, ब्लड सुगर, हाइपरटेंशन का निःशुल्क जांच की गयी।

इस शिविर में एनीमिया के 22, उच्च रक्तचाप के 37, मधुमेह के 12 मरीजों का इलाज व दवा वितरण किया गया और बाकी सभी जो अन्य बीमारियों से ग्रसित थे उनका भी इलाज किया गया। शिविर के सफल आयोजन में सीएमएस इंचार्ज, सीसीएल, डॉ. रत्नेश जैन, सीएसआर इंचार्ज, डॉ. प्रीति तिग्गा, डॉ. मयूरी भट्टाचार्य, डॉ. शशिकांत प्रसाद, डॉ. अनिता होरो, डॉ. स्वाति सुनेहा, मुन्ना कुमार सिंह, कमलेश पंडित एवं अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा। ज्ञात हो कि सीसीएल अपने कर्मियों के साथ-साथ समाज के हर वर्ग के लिए चिकित्सा सेवा मुहैया कराने के लिए नियमित रूप से इस तरह के स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करता है जिसमें आवश्यकतानुसार निःशुल्क दवाओं का वितरण भी किया जाता है। नवा टोली निवासियों ने सीसीएल की इस पहल की सराहना की एवं इस शिविर के सफल आयोजन के लिए सीसीएल प्रबंधन को धन्यवाद दिया।

# श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर्व 7 को धूमधाम से मनेगा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा जगतगुरु भगवान श्री कृष्ण का 5248वां श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर्व श्री कृष्ण जन्माष्टमी के रूप में 7 सितंबर गुरुवार को हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में भव्यता के साथ मनाया जायेगा। श्री श्याम मित्र मंडल की कार्यकारिणी समिति की बैठक में उपरोक्त निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने की। बैठक में मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू को जन्माष्टमी समारोह का संयोजक मनोनीत किया गया है। श्री कृष्ण जन्माष्टमी का कार्यक्रम की जानकारी देते हुए मंत्री सह संयोजक गौरव अग्रवाल मोनू ने बताया कि संपूर्ण मंदिर परिसर को बैलून व विभिन्न फूलों से सजाया जायेगा। सभी गर्भगृहों के बाहर भव्य सजावट की जायेगी। मोनू ने बताया कि रात्रि 8:00 बजे से विशेष भजन संकीर्तन का आयोजन होगा। मंडल के सदस्यों स्थानीय गायकों द्वारा सुमधुर भजनों का गायन किया जायेगा। इस अवसर पर कोलकाता से मोहिनी केडिया विशेष रूप से हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर पधार रही हैं जो अपने भजनों से खाटू नरेश को रिझायेंगी व भक्तों को भजनों की गंगा में डूबोएंगी। संयोजक गौरव अग्रवाल मोनू ने बताया कि भजनों का कार्यक्रम रात्रि 12:00 बजे तक होगा। जन्मोत्सव आरती रात्रि 12:00 बजे तथा जन्मोत्सव का उत्सव विविध रूप से रात्रि 12:10 बजे से मनाया जायेगा। इसके बाद सभी भक्तों को सभी प्रकार का प्रसाद वितरित किया जायेगा।

## विशेष कार्यक्रम

जन्माष्टमी के अवसर पर राधा कृष्ण के रूप में सज-धज कर आने वाले बाल गोपालों व राधा को इस वर्ष श्री श्याम बाबा का विशेष प्रसाद सम्मान के रूप में प्रदान किया जायेगा। अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने बताया कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व की सभी तैयारियां प्रारंभ हो गयी हैं। हिनू निवासी विनय प्रसाद द्वारा सभी देवी देवता के लिए नये वस्त्र की सेवा निवेदित की जायेगी।

**आज 77वां श्री श्याम भंडारा**

श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 77 वां श्री श्याम भंडारा शनिवार को सांय 5 बजे से होगा। अमरेश गुप्ता प्रमोद गुप्ता परिवार के साथ श्री श्याम भंडारे की सेवा निवेदित करेंगे।

# इक्फाई विवि में 2023 बैच के नये छात्रों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम का उद्घाटन सत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** इक्फाई विश्वविद्यालय, झारखंड परिसर में नव प्रवेशित छात्रों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम आयोजित किया गया। इसमें 2023 बैच के सभी कार्यक्रमों के छात्रों और अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इंडक्शन प्रोग्राम के उद्घाटन के मुख्य अतिथि प्रोफेसर (डॉ) अजीत कुमार सिन्हा, कुलपति रांची विश्वविद्यालय थे। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि प्रोफेसर (डॉ) अजीत कुमार सिंह, कुलपति, रांची विश्वविद्यालय, रांची ने कहा कि आप सभी छात्रों ने इक्फाई विश्वविद्यालय में प्रवेश लेकर सही निर्णय लिया है। उन्होंने आज की शिक्षा प्रणाली में राष्ट्रीय शिक्षा नीति की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कृषि आधारित स्टार्टअप को अपनाने पर जोर दिया जो हमारी अर्थव्यवस्था में योगदान दे सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को स्टार्टअप के माध्यम से उद्यमी बनने की सलाह दी।

इस अवसर पर इक्फाई विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो (डॉ) रमण कुमार झा ने कहा कि हमारा विश्वविद्यालय अपने छात्रों को सक्षम पेशेवरों के रूप में तैयार करने पर केंद्रित है, पेशेवर सफलता और खुशी के लिए योग्यता और चरित्र जैसे मूल्य समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने छात्रों को अपने लक्ष्य हासिल




करने के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ अपने दिल और दिमाग का इस्तेमाल करने की सलाह दी। विश्वविद्यालय छात्रों की नेतृत्व क्षमता को बढ़ाने और समर्थन देने के लिए मौजूद रहेगा। उन्होंने छात्रों से अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए अपने वर्तमान पर ध्यान केंद्रित करने को कहा। छात्रों का स्वागत करते हुए, इक्फाई के रजिस्ट्रार, प्रोफेसर (डॉ) जेबी पटनायक ने छात्रों को मन की आंतरिक शांति के लिए आध्यात्मिकता विकसित करने की सलाह दी। उन्होंने उन्हें चरित्र विकास पर ध्यान केंद्रित करने के लिए भी प्रोत्साहित किया, जो उनकी सफलता और खुशी के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने महाभारत का उल्लेख किया और छात्रों को अर्जुन की तरह पढ़ाई में मन लगाने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर योगदा सतसंग आश्रम रांची के स्वामी श्रेयानंद ने दृढ़ संकल्प, समर्पण और इच्छा के माध्यम से सफलता का मंत्र दिया। उद्घाटन समारोह के दौरान विशिष्ट अतिथि हरमू हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, रांची के डॉ सुहास टेटरवे ने भी छात्रों को संबोधित किया और कहा कि आप सभी देश का भविष्य हैं। सभी अभिभावकों ने विश्वविद्यालय द्वारा व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए की गयी पहल पर प्रसन्नता व्यक्त की। सीनियर बैच के छात्रों ने कैंपस जीवन के अपने अनुभव और हाल ही में संपन्न ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप से मिली सीख को साझा किया।

धन्यवाद प्रस्ताव देते हुए विश्वविद्यालय के डीन अकादमिक प्रो अरविंद कुमार ने कहा कि प्रेरण कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूली जीवन से विश्वविद्यालय जीवन में उनके सुचारु परिवर्तन को सुनिश्चित करना है और आप सभी पाठ्येतर गतिविधियों में भाग ले सकते हैं। उद्घाटन समारोह में कई छात्र, उनके माता-पिता और संकाय सदस्य शामिल हुए।

## जिले की समस्याओं को लेकर सांसद ने डीसी से की मुलाकात

# डीसी ने हर समस्या के निराकरण का दिया आश्वासन

**रामगढ़ जिले में छोटे-छोटे विकास कार्यों के लिए सांसद मद से करीब ढाई करोड़ रुपए जारी किए गये थे।**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में चल रहे विकास कार्य और जिले की समस्या को लेकर सांसद जयंत सिन्हा पार्टी नेताओं के साथ डीसी चंदन कुमार से मिले। शुक्रवार को हुई इस मुलाकात में सांसद ने कई मुद्दों पर डीसी के साथ चर्चा की। पीवीयूएनएल के विस्थापित, सेवटा क्रासिंग, मेडिकल स्टाफ भर्ती, गोला चौक निर्माण, सामुदायिक भवन निर्माण, जमीन रजिस्ट्री, विस्थापितों की समस्याओं सहित सेंट्रल स्कूल भुरकुंडा के स्थान्तरण के विरोध पर चर्चा हुई। इस दौरान डीएमएफटी फंड से हो रहे विकास कार्य के पूरा होने में हुई देरी पर भी चिंता जतायी गयी।

### सांसद मद में भेजी गयी राशि का जल्द हो उपयोग

डीसी से मिलकर सांसद ने असंतोष जाहिर करते हुए कहा कि रामगढ़ जिले में छोटे-छोटे विकास कार्यों के लिए सांसद मद से करीब ढाई करोड़ रुपए जारी किए गए थे। लेकिन आज तक वह राशि अनुसंसित मद में नहीं पहुंची।

### डीएमएफटी फंड से जल्द हो सामुदायिक भवन का निर्माण

जिले भर में आमजनों के सामाजिक कार्यों एवं शादी विवाह की जरूरतों को पूरा करने वाले सामुदायिक भवनों के निर्माण होने चाहिए। इसके लिए जमीन अधिग्रहण पर तेजी लाने साथ हीं सामुदायिक भवनों पर झारखंड की स्थानीय कलाओं को उकेर कर उसे झारखंडी पहचान देने को प्राथमिकता में रखने पर जोर देते हुए सांसद ने कहा कि जब हमारे पर डीएमएफटी फंड में सरप्लस राशि उपलब्ध है तो विकास कार्यों में देरी नहीं होनी चाहिए।

### सरकार की उदासीन प्रक्रिया की भेंट चढ़ चुका है ट्रामा सेंटर

जयंत सिन्हा ने कहा कि घाटी में हो रही दुर्घटना में त्वरित इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर का निर्माण करवाया गया था। सीटी स्कैन सहित अन्य आधुनिक उपकरणों से सुज्जाजित सदर अस्पताल का निर्माण करवाया था। पर आज ये भी मेडिकल स्टाफ की भर्ती में सरकार की उदासीन प्रक्रिया का भेट चढ़ चुकी है, जो दुखद है। यहां के स्टाफ नियुक्ति में आने वाली अड़चनों को भी समाप्त करने में स्वस्थ मंत्रालय का सारा सहयोग मिल रहा है तो अब इसकी न्युक्ति प्रक्रिया में तेजी लाने की जरूरत है।

### ये थे शामिल

**डीसी से मिलने वालों में जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, सांसद प्रतिनिधि प्रकाश मिश्रा, नारायण चंद्र भौमिक, रंजीत पांडे, रविंद्र शर्मा, सुमन सिंह, योगेश दांगी, जिला मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी आदि शामिल थे।**

### डीसी ने दिया सकारात्मक पहल करने का आश्वासन

सांसद की बातों को गंभीरता पूर्वक सुनने के बाद डीसी ने अपनी सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। डीसी चंदन कुमार ने डीआरएम से बात की कहा कि सेवटा में जबतक वहां के पच्चीस पंचायतों के निवासियों के लिए रास्ते का कोई दूसरा विकल्प नहीं मिलता तब तक उस क्रासिंग को बंद नही किया जायेगा। साथ हीं उन्होंने बताया की जिस जमीन पर भवन बना है उसकी रजिस्ट्री की प्रक्रिया शुरू की जा रही है और जिस जमीन पर किसी प्रकार का निर्माण नही है उसके रजिस्ट्री हेतु उचित मापदंडों के निर्धारण हेतु राज्य सरकार का निर्देश इंतजार किया जा रहा है। बॉन्ड पेपर का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया की इसको वापस करने की प्रक्रिया को अपनाते हुए सभी लोग अपना रिफंड प्राप्त कर सकते है, इसमें कोई समस्या नही है।

### अन्य मांगों पर डीसी ने जतायी सहमति

डीसी ने सभी मांगों पर सहमति जताते हुए कहा कि डीवीसी चौक पर जल्द ही गोलंबर का निर्माण होगा। साथ हीं सामुदायिक भवनों की उपयोगिता के हिसाब से जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया जारी है। डीसी ने प्रतिनिधि मंडलों को रजरप्पा मंदिर, महामाया टुंगरी, टोटी झरना जैसे धार्मिक स्थलों को भी पर्यटन स्थल में बदलने के लिए उनका पंजीयन करवाने का सुझाव दिया। जिसके बाद राज्य सरकार के अनुदान से वहां भवन निर्माण करवाकर मंदिर कमेटी को सौंपा जा सके।

## किसानों की स्थिति दयनीय, ना जमीन की कट रही रसीद, ना फसल का मिल रहा दाम

# किसानों की समस्या को लेकर भाकपा ने समाहरणालय के समक्ष दिया धरना

आजाद सिपाही सवांददाता




**रामगढ़।** पूरे झारखंड में किसानों की स्थिति दयनीय हो गई है। सरकार अगर जल्द उनकी समस्या का समाधान नहीं करती है तो उनके जीवन पर संकट मंडराने लगेगा। यह बातें शुक्रवार को समाहरणालय के समक्ष धरना देते हुए हजारीबाग के पूर्व सांसद भुवनेश्वर मेहता ने कही। उन्होंने कहा कि आज किसानों की समस्या को लेकर सीपीआई पूरे राज्य में धरना प्रदर्शन कर रही है। रामगढ़ में भी यह प्रदर्शन इसलिए किया जा रहा है क्योंकि यहां के किसान भी जिंदा रहने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उनके कब्जे की जमीन का ना तो रसीद काटा जा रहा है और ना ही उनकी फसल का उचित दाम मिल रहा है। भुवनेश्वर मेहता ने कहा कि जब रघुवर दास की सरकार राज्य में थी तो उन्होंने बिना सोचे समझे लाखों हेक्टेयर जमीन को जीएम लैंड बताकर ब्लॉक कर दिया गया।

जबकि सैकड़ो वर्षों से किसानों की उस जमीन का रसीद कटता आ रहा था। आज किसानों की जमीन को ब्लॉक कर उनके जीवन के आधार को खत्म कर दिया गया है।

### रामगढ़ को अकाल क्षेत्र घोषित करें राज्य सरकार

झारखंड में पिछले 2 वर्षों से अच्छी बारिश नहीं हुई है। जिसकी वजह से लाखों हेक्टेयर जमीन बंजर पड़ी हुई है। जिस जमीन पर रोपनी हुई भी तो किसानों का उसका लाभ नहीं मिल पाया। आज अगर सरकार सर्वदलीय बैठक बुलाकर इस संकट से उबरने का रास्ता नहीं अपनाती है तो किसान आत्महत्या करने पर मजबूर हो जायेंगे। सरकार को तत्काल राज्य को अकाल ग्रस्त क्षेत्र घोषित करना चाहिए और किसानों को उचित मुआवजा देना चाहिए।

### भारतमाला परियोजना पर अडानी का शिकार हो रहे किसान

किस प्रदर्शन में की के नेता महेंद्र पाठक ने कहा कि सरकार अदानी ग्रुप को लाभ पहुंचाने के लिए लाखों किसानों की बलि चढ़ाने को तैयार है। भारत माला परियोजना भी इसका उदाहरण है। इस परियोजना को पूरा करने के लिए जमीन अधिग्रहण किया जा रहा है लेकिन उसके दाम कौड़ी के भाव दिए जा रहे हैं आज ग्रामीण इलाकों में भी लख रुपए कट्ठा जमीन की बिक्री हो रही है लेकिन सरकार 4000 से 5000 रुपए कट्ठा का भाव लेकर अन्याय कर रही है।

# भुवनेश्वर के उपनगरीय इलाके में बनेगा 15 मंजिला अपार्टमेंट

## खर्च होंगे 8 हजार करोड़ रुपये



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** राजधानी से कम होगी भीड़। राजधानी के बाहरी इलाके चमकेंगे। 'नया शहर' भुवनेश्वर के उपनगर दाशपुर और गोठपाटणा मौजा में करीब 821 एकड़ जमीन पर 8 हजार करोड़ की लागत से बनाया जाएगा। डेढ़ से दो लाख लोगों के रहने की व्यवस्था की जायेगी। आधुनिक सुविधाओं से युक्त 15 मंजिला अपार्टमेंट बनाए जायेंगे। 15 मंजिला इमारत बनेगी। 2 लाख लोगों के रहने के लिए 50 हजार फ्लैट। प्रस्तावित स्थान पर केन्द्रीय टीम का अनुध्यान।

भुवनेश्वर के बाहरी इलाके में 'नया शहर' बसाया जायेगा। केंद्र सरकार ने पंचदश अर्थ कमिशन की सिफारिशों के मुताबिक देश के 8 राज्यों में 'नये शहर' बनाने की योजना बनायी है। बीडीए का लक्ष्य गंगुआ नहर का जल शुद्धिकरण, इंटर स्टेट बस टर्मिनल कार्यक्षम, किफायती आवास परियोजनाएं प्रदान करना। नाकागेट से काटेनि चॉक तक सड़क विकसित कर शहर को जोड़ने की योजना बनायी है। भुवनेश्वर विकास प्राधिकरण का लक्ष्य अपने 41वें स्थापना दिवस पर भुवनेश्वर को एक विकसित, संगठित और रहने योग्य शहर बनाना है।

# टंडवा व्यापार मंडल के अध्यक्ष बने विजय गिरी, लोगों ने दी बधाई

आजाद सिपाही सवांददाता



**टंडवा।** टंडवा व्यापार मंडल अध्यक्ष पद पर विजय कुमार गिरी निर्विरोध निर्वाचित किये गये हैं। उपस्थित निर्वाचन पदाधिकारी अनिल गुप्ता तथा प्रशासक विकास रंजन के द्वारा नव निर्वाचित व्यापार मंडल अध्यक्ष विजय कुमार गिरी को निर्वाचन प्रमाण पत्र दिया गया। बताया गया कि अध्यक्ष के साथ कार्य समिति सदस्य के लिए आठ सदस्य निर्वाचित किये गये हैं। अध्यक्ष से लेकर कार्य समिति सदस्य के सभी पद निर्विरोध निर्वाचित किया गया। बताया गया कि कार्य समिति सदस्य के 15 पदों के लिये निर्वाचन किया जाना था, जिसके विरुद्ध में मात्र 8 सदस्यों के द्वारा हीं नामांकन दाखिल किया गया। कार्य समिति सदस्य में विजय कुमार पांडे, मंगल देव सिंह, निर्मल घांसी, विजय कुमार पाठक, कृष्णा उरांव, जितेंद्र नायक, नत्थू गुप्ता, मुकेश महतो, निर्वाचित किये गये हैं। जिन्हें प्रमाण पत्र दिया गया। शुक्रवार को व्यापार मंडल भवन में आम सभा का आयोजन किया गया। जहां सैकड़ो सदस्य आमसभा के कार्यवाही में उपस्थित हुये। मुख्य अतिथि के तौर पर प्रखंड विश्व सूत्री क्रियान्वयन समिति के अध्यक्ष सुभाष यादव तथा सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडे भी शामिल हुये। कार्यक्रम में राहम मुखिया विश्वजीत उरांव, भाजपा मंडल अध्यक्ष गोविंद तिवारी, मिस्त्रौल मुखिया सुबेश राम, गोकुल नारायण दास, मिथिलेश गुप्ता, अजय सिंह, सकेंद्र महतो, परशुराम चौधरी के साथ काफी संख्या में व्यापार मंडल के सदस्य मौजूद थे।

नवनिर्वाचित व्यापार मंडल अध्यक्ष विजय गिरी ने बताया कि व्यापारियों के हित में ईमानदारी पूर्वक कार्य किया जायेगा जिला प्रशासन के दिशा निर्देश तथा कार्य समिति सदस्यों के विचार विमर्श के बाद व्यापार हित में कई अच्छे कार्य किये जायेंगे।

# डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में फादर कामिल बुल्के की जयंती मनायी गयी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** स्नातकोत्तर हिंदी विभाग डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के तत्वाधान में 1 सितंबर को फादर कामिल बुल्के की 114 जयंती का आयोजन किया गया इस अवसर पर मुख्य वक्ता डॉ चंद्रिका ठाकुर अध्यक्ष हिंदी विभाग रांची विश्वविद्यालय रांची ने कहा कि फादर बुल्के सच्चे सेवी थे जिन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा एवं संस्कृति को विश्व के कोने-कोने तक पहुंचाया। विभाग अध्यक्ष डॉ जिन्दर सिंह मुंडा ने कहा कि रामचरितमानस के सच्चे अनुसंधाता फादर कामिल बुल्के भाषा साहित्य के प्रेरक हैं और रहेंगे। डॉ विनोद कुमार ने कहा कि फादर बुल्के को झारखंडी भाषा एवं संस्कृति से बेहद लगाव था। कार्यक्रम का संचालन प्रियांशु कुमार धन्यवाद ज्ञापन-डा पी पी महतो ने किया। इस कार्यक्रम का सफल संचालन में कमलेश, अभय, रोहित, पूनम, ज्योति, आराधना की सराहनीय भूमिका रही।

## उड़िया हिंदी गीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन




**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (बैंक), भुवनेश्वर के तत्वावधान में पंजाब नेशनल बैंक अंचल कार्यालय भुवनेश्वर द्वारा 30 अगस्त को आयोजित उड़िया हिंदी गीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिता में बैंकों एवं बीमा कंपनियों के 25 प्रतिभागियों ने प्रतिभागिता किया। इस अवसर पर संगीत गुरु रजनीकांत महापात्र, ए उदय भास्कर रेड्डी, अंचल प्रबंधक पंजाब नेशनल बैंक, अंचल कार्यालय भुवनेश्वर, नराकास सदस्य सचिव डॉ बीबी गोपाल रेड्डी एवं वरिष्ठ अधिकारी तथा स्टाफ उपस्थित थे।

# देशी पिस्टल और ब्राउन शुगर के साथ दो गिरफ्तार

आजाद सिपाही सवांददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग पुलिस ने अवैध हथियार और ब्राउन शुगर के साथ दो को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चौथे को गुप्त सूचना मिली थी कि एक लाल रंग के स्कूटी में दो व्यक्ति अवैध हथियार के साथ मादक पदार्थ ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री के लिए दीपू गढ़ा चौक की ओर आ रहें है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस उपाधीक्षक, मुख्यालय, हजारीबाग के नेतृत्व में कोर्रा थाना प्रभारी व अन्य सदस्यों के साथ एक छापामार दल का गठन किया गया। उक्त छापामार दल के द्वारा दीपुगढा चौक, शेमरोक स्कूल के समीप चेकिंग लगाया गया। चेकिंग के दौरान एक लाल रंग के प्लेजर स्कूटी सहित दो व्यक्तियों को अवैध हथियार पिस्टल एवं मादक पदार्थ ब्राउन शुगर के साथ पकड़ा गया। तत्पश्चात विधिवत कार्रवाई करते हुए कोर्रा थाना कांड संख्या 248/23 दर्ज किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का अपराधिक इतिहास भी रहा है। अभियुक्त विक्रम सिंह पिता स्व सुमित सिंह गिद्धौर थाना चतरा और लोहसिघना थाना हजारीबाग से आर्म्स एक्ट और एन. डी. पी. एस एक्ट के काण्डों में जेल जा चुका है। वर्तमान में विक्रम सिंह के द्वारा बड़े पैमाने पर चतरा से ब्राउन शुगर लाकर छोटे-छोटे पुडिया बनाकर छात्रों वा युवाओं के पास बिक्री किया जा रहा है।

### गिरफ्तार अभियुक्त

विक्रम सिंह पिता स्व सुमित सिंह सा दीपुगढा चौक, कनहरी हिल रोड, थाना कोर्रा जिला हजारीबाग एवम राहुल कुमार मेहता पिता रवि कुमार मेहता ग्राम दरिया जरगा थाना ईचाक जिला हजारीबाग वर्तमान में कृष्णापुरी, गली नंबर 4, थाना कोर्रा जिला हजारीबाग।

### आपराधिक इतिहास है विक्रम सिंह का

गिद्धौर थाना काण्ड संख्या 43/ 21 धारा 307/34 भा0द0वि0, 25 (1-) अ/26/27/35 आर्म्स एक्ट एवं 20/21/22 एन डी पी एस एक्ट, लोहसिंघना थाना काण्ड संख्या 100/21 धारा 147/148/149/307 भा0द0वि0, 25(1-ए) / 26/27/35 आर्म्स एक्ट

### बरामदगी

7.65 एम एम का देशी पिस्टल एक, 7.65 एम एम का जिंदा कारतुस7.65 एम एम का मैगजीन, मादक पदार्थ ब्राउन शुगर करीब 04 ग्राम, एण्ड्रॉयड मोबाइल, 16200 रुपये नगद, प्लेजर स्कूटी, वेईंग मशीन।

## भेल के एजेंसी आरपीआर कंपनी में मजदूर घायल

**पतरातु (आजाद सिपाही)। पीवीयुएनएल के निमार्धीन पावर प्लांट में भेल के एजेंसी आरपीआर कंपनी में कार्यरत मजदूर ग्राम पंचायत पालू पारगढा निवासी सिकंदर महतो पिता सुरेश महतो काम के दौरान 15 मी की ऊंचाई से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर रूप से घायल सिकंदर महतो का इलाज बेहतर अस्पताल में पीवीयूएनल और भेल के पदाधिकारी के निगरानी में करवाया जाये। और उनके परिवार को प्रत्येक माह एक लाख का भुगतान सुनिश्चित किया जाये। नहीं तो विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा आंदोलन के लिए बाध्य होगा ।**

## भारत सरकार की ओर से दिव्यांगों के लिए रोजगार मेला छह सितंबर को

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** दिव्यांग व्यक्तियों के लिए राष्ट्रीय करियर सेवा केंद्र (एनसीएससीडीए) भुवनेश्वर श्रम और रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार जोमैटो और नियो मिशन के सहयोग से 6 सितंबर को एक भर्ती मेले का आयोजन करने जा रहा है। यह रोजगार मेला केवल गतिशीलता बाधित दिव्यांग पुरुषों के लिए उपयुक्त है। इस मेले में डिलिवरी एग्जीक्यूटिव के पद के लिए दिव्यांग व्यक्ति आवेदन कर सकते हैं। इस जॉब फेयर में, जोमैटो ओड़िशा और पैन इंडिया में भर्ती के अवसर प्रदान करेगा और नियोमोशन चयनित उम्मीदवारों को सब्सिडी वाली इलेक्ट्रिक व्हीलचेयर प्रदान करेगा। इसलिए दिव्यांग (गतिशीलता प्रतिबंधित) नौकरी के इच्छुक सभी उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे अपने सभी शैक्षिक प्रमाणपत्रों, आधार कार्ड, पासपोर्ट आकार की तस्वीर, दिव्यांग प्रमाण पत्र और बायोडाटा फॉर्म जैसे दस्तावेजों के साथ इस भर्ती मेले में भाग लें। इसलिए दिव्यांग नौकरी के इच्छुक उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे इस नौकरी के लिए आवेदन करने के लिए उपरोक्त दस्तावेजों के साथ इस पता पर आयें। आयु सीमा: 23 वर्ष से 40 वर्ष, शैक्षिक योग्यता: सभी पात्र (स्मार्ट फोन का उपयोग करना चाहिए और जानना चाहिए), समय: सुबह 9 बजे, पता: एनसीएससीडीए, (पूर्व में: वीआरसीएच) प्लॉट नंबर 1, 2, 5 और 6, गडमुंडा, पोखरीपुट, भुवनेश्वर, खुर्दा-751030 (मधुसूदन दास पार्क के सामने)। अधिक जानकारी के लिए 06742352317 नंबर पर फोन करें।

# डीसी ने बाल संरक्षण में कार्यरत कर्मियों के अवधि विस्तार को लेकर की बैठक

आजाद सिवपाही सवांददाता



**रामगढ़।** जिला बाल संरक्षण विभाग रामगढ़ में संविदा के आधार पर कार्यरत कर्मियों के अवधि विस्तार को लेकर शुक्रवार को डीसी चंदन कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में बैठक किया। इस दौरान बैठक में डीसी ने कर्मियों के बायोमैट्रिक अटेंडेंस की जांच व विगत वर्षों में किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए कर्मियों की नियुक्ति के लिए अपनायी गयी प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी ली। डीसी ने संबंधित अधिकारियों के साथ विचार विमर्श करने के उपरांत अवधि विस्तार के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कार्यों की समीक्षा के क्रम में एक कर्मी के कार्यों पर असंतोष व्यक्त करते हुए संबंधित कर्मी से स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया। साथ ही बाल संरक्षण कार्यालय में सभी रिक्तियों के विरुद्ध नियम अनुसार एवं पूरी पारदर्शिता के साथ नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिये। बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, कार्यपालक दंडाधिकारी सह प्रभारी स्थापना शाखा सहित अन्य उपस्थित थे।

## राहुल भगत का हिप हॉप इंडिया में हुआ चयन

**रांची (आजाद सिपाही)।** सेंसेशनल डांस एकेडमी रांची के छात्र राहुल भगत का चयन इंडिया के पहले हिप हॉप रियलिटी शो हिप हॉप इंडिया में हुआ है। जिसके जज बॉलीवुड डायरेक्टर एवं कोरियोग्राफर रेमो डिसूजा एवं अभिनेत्री नोरा फतेही है। राहुल भगत जो की टॉप 6 में थे, उनका चयन अब टॉप 3 में हो गया है जिसके साथ ही अब वह इस शो के फाइनलिस्ट बन चुके हैं। राहुल रातू रोड रांची के रहने वाले हैं जो पिछले 13-14 सालों से सेंसेशनल डांस एकेडमी में रवि तिग्गा से डांस के गुरु सिख रहे हैं। इससे पहले भी कई डिस्ट्रिक्ट लेवल, स्टेट लेवल, जोनल लेवल, साथ ही साथ डांस इंडिया डांस लिटिल मास्टर में अपने डांस का जलवा दिखा चुके हैं। पिता रमेश भगत झारखंड पुलिस में कार्यरत हैं। माता दयामणि देवी हाउसवाइफ है। उक्त जानकारी सेंसेशनल डांस एकेडमी के डायरेक्टर रवि तिग्गा एवं अनमोल खलखो ने दी। झारखंड पुलिस में कार्यरत रमेश भगत व गृहिणी दयामणि देवी के पुत्र राहुल शनिवार को रांची पहुंचेंगे। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर उतरने के बाद सुबह 10:30 बजे बिरसा चौक पर भगवान बिरसा की प्रतिमा पर वह माल्यार्पण करेंगे। इसके बाद अलबर्ट एक्का चौक पहुंचकर यहां भी माल्यार्पण करेंगे। दोपहर 12 बजे से करमटोली स्थित केंद्रीय धुमकुड़िया में उनके लिए सम्मान समारोह आयोजित किया जायेगा।

# पूर्ण राज्य की हैसियत

केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर को अनुच्छेद 370 के तहत मिला विशेष दर्जा खत्म किये जाने से जुड़े एक मामले की सुनवाई के दौरान गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में जो कुछ कहा, उससे दो बातें बिल्कुल स्पष्ट हैं। एक तो यह कि जम्मू-कश्मीर का केंद्रशासित इकाई का दर्जा एक अस्थायी चीज है और जब भी स्थितियां अनुकूल होंगी, उसे पूर्ण राज्य का दर्जा दे दिया जायेगा। दूसरी बात यह कि राज्य में विधानसभा चुनाव को लेकर सरकार गंभीर है और इससे जुड़ी सारी तैयारियां लगभग पूरी कर चुकी है। हालांकि केंद्र सरकार की ही बातों से यह भी संकेत मिलता है कि सारी तैयारियों के बावजूद विधानसभा चुनावों में थोड़ा वक्त लग सकता है, क्योंकि पहले पंचायत चुनाव और नगरपालिकाओं के चुनाव करवाये जाने हैं। वैसे दोनों मुद्दों पर सरकार अपना यही रुख पहले भी सार्वजनिक कर चुकी है और इसलिए कुछ लोग पूछ सकते हैं कि इसमें नया क्या है। अव्वल तो यह कि सुप्रीम कोर्ट के सामने सरकार का कुछ कहना वैसे भी अहम है और इसकी तुलना कहीं और कही गयी सरकार की वैसी ही बातों से नहीं की जा सकती। दूसरी बात यह कि मौजूदा माहौल में पहली बार सरकार ने कहा है कि चुनाव से जुड़ी तमाम तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं और अब चुनाव तिथियों की घोषणा करने की औपचारिकता ही बच गयी है, जो चुनाव आयोग अपने हिसाब से कभी भी पूरी कर सकता है।

**जम्मू-कश्मीर की संवेदनशील स्थिति को लेकर कोई संदेह नहीं हो सकता, लेकिन नॉर्थ ईस्ट से लेकर पंजाब तक तमाम सीमावर्ती राज्य हैं, जहां देश कानून-व्यवस्था, आतंकवाद और अलगाववाद से जुड़ी गंभीर चुनौतियां झेल चुका है।**

मगर ज्यादा बड़ा मुद्दा जम्मू-कश्मीर के पूर्ण राज्य के दर्जे का है, जिस पर सरकार अभी तक कोई टाइमफ्रेम बताने की स्थिति में नहीं आ पायी है। सवाल है कि इसके पीछे आखिर क्या वजह हो सकती है। जहां तक अनुच्छेद 370 के तहत मिले विशेषाधिकार को खत्म किये जाने की बात है, तो संवैधानिक और कानूनी कसौटियों पर उसे परखने का काम सुप्रीम कोर्ट कर रहा है, लेकिन पूर्ण राज्य का दर्जा कोई ऐसी बात नहीं है, जो सीधे तौर पर उससे जुड़ी हो। राज्य में कानून-व्यवस्था और आतंकी गतिविधियों के मोर्चे पर खुद सरकार के मुताबिक जबर्दस्त सुधार है। जम्मू-कश्मीर की संवेदनशील स्थिति को लेकर कोई संदेह नहीं हो सकता, लेकिन नॉर्थ ईस्ट से लेकर पंजाब तक तमाम सीमावर्ती राज्य हैं, जहां देश कानून-व्यवस्था, आतंकवाद और अलगाववाद से जुड़ी गंभीर चुनौतियां झेल चुका है। एक ही बात है, जो जम्मू-कश्मीर को थोड़ा अलग करती है और वह है अनुच्छेद 370 से जुड़े कानूनी और संवैधानिक सवालों का पेंडिंग रहना। हो सकता है सरकार चाहती हो कि जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की दिशा में कदम उठाने से पहले अनुच्छेद 370 के मसले पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला देख लिया जाये। बहरहाल, यह समझना होगा कि जम्मू-कश्मीर में सामान्य स्थिति बहाल होने की बात वहां के लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों की बहाली के साथ ही उसके पूर्ण राज्य के दर्जे से भी अभिन्न रूप में जुड़ी है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**जलवायु परिवर्तन के कारण आग की घटनाओं में वृद्धि हुई है। 150 साल पहले की तुलना में गर्म हवाओं (हीट वेव) की तीव्रता पांच गुना अधिक हो गयी हैं। इस प्रकार भूसंरचना का निर्जलीकरण होने से जंगलों में आग लगने की और भी अधिक घटनाओं के लिए अनुकूल वातावरण तैयार होता है। इसके परिणामस्वरूप उत्सर्जन में वृद्धि होती है और जलवायु परिवर्तन का प्रभाव तेज होता है।**

# जंगलों में आग की घटनाएं: भारत की अध्यक्षता में जी-20 के माध्यम से प्रत्युत्तर की तैयारी



**डॉ के रविचंद्रन**

पिछले कुछ दशकों में जंगलों में आग लगने की घटनाओं में काफी तेजी आयी है। इन घटनाओं से कनाडा के बोरियल जंगलों और ब्राजील के अमेजोन के वर्षा वनों जैसे महत्वपूर्ण वैश्विक कार्बन सिंक क्षेत्रों को अत्यधिक नुकसान हुआ है। मार्लीलैंड विश्वविद्यालय के एक नये अध्ययन में पाया गया कि जंगलों में आग लगने की घटनाओं के कारण अब 2001 की तुलना में, प्रति वर्ष 3 मिलियन हेक्टेयर अधिक वृक्षों को नुकसान हो रहा है, जो पिछले 20 वर्षों में सभी वृक्षों के नुकसान की तुलना में एक-चौथाई से अधिक है। आग की घटनाओं की पुनरावृत्ति, तीव्रता और भौगोलिक प्रसार में इस खतरनाक वृद्धि ने पारिस्थितिक तंत्र पर प्रभाव और मानव गतिविधियों की क्षमता के बारे में चिंताओं को जन्म दिया है।

जलवायु परिवर्तन के कारण आग की घटनाओं में वृद्धि हुई है। 150 साल पहले की तुलना में गर्म हवाओं (हीट वेव) की तीव्रता पांच गुना अधिक हो गयी हैं। इस प्रकार भूसंरचना का निर्जलीकरण होने से जंगलों में आग लगने की और भी अधिक घटनाओं के लिए अनुकूल वातावरण तैयार होता है। इसके परिणामस्वरूप उत्सर्जन में वृद्धि होती है और जलवायु परिवर्तन का प्रभाव तेज होता है। जलवायु परिवर्तन के कारण भूसंरचना का निर्जलीकरण भी वनों की कटाई में योगदान देता है।

**पूरे देश में 36,165 जेएफएम समितियां हैं, जो 10.24 मिलियन हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र को कवर करती हैं।**

**भारत की स्थिति :** भारत ने अपने क्षेत्र के जंगलों में आग लगने की घटनाओं को लेकर निगरानी प्रणालियों का विस्तार करके विश्व भर में जंगलों में आगजनी के बढ़ते मामलों की रोकथाम की दिशा में पहल की है। भारत के 25 प्रतिशत जंगल आग के प्रति अत्यधिक संवेदनशील हैं, लेकिन केवल 3 प्रतिशत वृक्ष आवरण का नुकसान जंगल की आग के कारण होता है। भारतीय वन सर्वेक्षण ने आगजनी की बड़ी घटनाओं की तत्काल एवं निरंतर निगरानी और ट्रैकिंग के लिए जंगल की आग से संबंधित डेटा को उपयोगकर्ता के अनुकूल इंटरैक्टिव दृश्य प्रदान करने के लिए वन अग्नि जियो-पोर्टल विकसित किया है। यह पोर्टल भारत में जंगल की आग से संबंधित जानकारी के लिए एकल बिंदु स्रोत के रूप में काम करेगा। जंगल की आग का प्रबंधन जल्द ही राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के दायरे में होगा, जिससे जंगल की आग का प्रभावी तौर पर तत्काल प्रबंधन सुनिश्चित हो सकेगा।



अधिकारियों की ओर से तकनीकी और नियामक उन्नयन के अलावा जंगल की आग की प्रबंधन रणनीति को प्रभावी ढंग से सुधारने के लिए सामूहिक कार्रवाई के उपायों को अपनाया जा रहा है। संयुक्त वन प्रबंधन (जेएफएम) का उपयोग जंगल की आग की रोकथाम और प्रबंधन में स्थानीय समुदायों को शामिल करने के लिए किया गया है। सुरक्षा और संरक्षण को लेकर गतिविधियों के विस्तार के लिए देश भर में ग्रामीण स्तर पर जेएफएम समितियां स्थापित की गयी हैं। वर्तमान में पूरे देश में 36,165 जेएफएम समितियां हैं, जो 10.24 मिलियन हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र को कवर करती हैं।

कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले सहित भारत के विभिन्न क्षेत्रों में समुदाय-आधारित अग्नि प्रबंधन से जुड़ी कार्य प्रणालियां लोकप्रियता हासिल कर रही हैं। इन कार्य प्रणालियों में जागरूकता कार्यक्रमों, नुक्कड़ नाटकों, घर-घर अभियान, अग्नि नियंत्रण कक्ष और वॉच टावरों के माध्यम से सामुदायिक भागीदारी और क्षमता निर्माण शामिल है। वन विभाग ने एक वर्ष के भीतर अलर्ट में 5 प्रतिशत से अधिक की कमी का अनुभव किया गया, और जंगल की आग से जले हुए क्षेत्र में 58 प्रतिशत से अधिक की कमी आयी है। बांदीपुर टाइगर रिजर्व में जंगल की आग से प्रभावित क्षेत्रों के पुनरुद्धार संबंधी कार्य को अच्छी तरह से प्रबंधित किया गया है, जिसमें घटिया स्तर का वृक्षारोपण को हटाने की कार्य प्रणालियों को मिट्टी द्वारा सुरक्षित करना और वृक्षारोपण प्रजातियों और वयस्क पेड़ों की कुशल बंडलिंग शामिल है। इससे 12-18 महीनों के भीतर जैव विविधता के घनत्व में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

भारत मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों और मौसमी घटनाओं को देखते हुए जंगल की आग के प्रबंधन से निपटने की तैयारी कर रहा है। भारत के पारंपरिक जंगल की आग पर नियंत्रण और इसकी प्रभावशीलता का सम्मान करते हुए भारत लगातार अपनी पारंपरिक विशेषज्ञता को बढ़ावा दे रहा है और अनेक उपायों को अपना रहा है। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप जंगल की आग की घटनाओं और उनसे होने वाले नुकसान में कमी आयी है। भारत जंगल की आग पर जल्द से जल्द प्रत्युत्तर देने के लिए स्थानीय समुदाय की ताकत पर भरोसा करते हुए समुदाय-आधारित जंगल की आग के प्रबंधन को प्रोत्साहित करता है। साथ ही, निवारक कार्रवाई और आग की घटनाओं के बाद प्रबंधन संबंधी निर्णय लेने में फील्ड प्रबंधकों की सहायता के लिए आधुनिक तकनीक, जैसे अग्नि चेतावनी प्रणाली, जीपीएस ट्रैक द्वारा वन अग्नि के प्रबंधन और पुनरुद्धार आदि को शामिल किया जा रहा है, ताकि आग की घटनाओं और उनसे होने वाले नुकसान को कम किया जा सके।

**जी20 का महत्व :** जलवायु परिवर्तन पर जंगल की आग के प्रभाव के बढ़ते खतरे को ध्यान में रखते हुए, इस वर्ष जी20 शिखर सम्मेलन में भारत की अध्यक्षता ने जी20 वैश्विक भूमि पहल को मजबूत करने के लिए 'गांधीनगर कार्यान्वयन रोडमैप (जीआइआर) और गांधीनगर सूचना मंच (जीआइपी)' लॉन्च किया। रोडमैप का उद्देश्य वन अग्नि प्रभावित क्षेत्रों और खनन प्रभावित क्षेत्रों की इकोसिस्टम के पुनरुद्धार संबंधी कार्य में तेजी लाने के लिए भागीदार देशों के बीच आपसी सहयोग को बढ़ाना है।

यह जी-20 की भारत की अध्यक्षता द्वारा शुरू किया गया एक अनूठा प्रयास है। जी-20 सदस्यों की एक सहज समझ है कि जलवायु संकट को हल करने के लिए पूरे विश्व में बड़े पैमाने पर सामूहिक कार्रवाई के प्रयास करने होंगे और यथासंभव परिवर्तन को एक संभावना बनाने के लिए वैश्विक परिदृश्य में प्रभावी ढंग से साझा करना होगा। जीआइपी-जीआइआर पहल की अनिवार्य प्रकृति यह है कि यह रणनीतिक रूप से सामुदायिक भागीदारी और स्वदेशी ज्ञान साझाकरण और तकनीकों के साथ स्थायी वानिकी से संबंधित कार्य प्रणालियों के सक्रिय कार्यान्वयन पर ध्यान देगी। इससे न केवल विभिन्न देशों के बीच स्थिरता आधारित सहकारी संबंधों को मजबूत करने में मदद मिलेगी, बल्कि ज्ञान के महत्वपूर्ण प्रवाह को बेहतर बनाने में भी मदद मिलेगी। इससे पुनरुद्धार से जुड़े क्रियाकलापों के विस्तार में भी मदद मिलेगी।

**(लेखक : आइआइएफएम के निदेशक हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# दिंदली बस्ती निवासी दीपक दास लापता, जांच में जुटी है पुलिस



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**आदित्यपुर।** आदित्यपुर दिंदली बस्ती निवासी 28 वर्षीय दीपक दास रक्षाबंधन के दिन लापता हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार दीपक दास गुरुवार अहले सुबह अपने बहन के घर हाता के हैसला जूरी में रक्षाबंधन के पर्व मनाने के बाद अपने घर के लिए निकला था, लेकिन वहा से निकलने के बाद आदित्यपुर निवास स्थान नहीं पहुंचा। वही शाम को दीपक दास के मोबाइल से अनजान व्यक्ति ने उनके चचेरे भाई को फोन किया। उन्हें सूचना मिला उनके भाई दीपक दास को पुलिस पकड़ लिया।उनके परिवार ने जानकारी लेने का प्रयास किया लेकिन अनजान व्यक्ति ने बताया मुझे नहीं पता मैं उनसे बहुत दूर निकल चुका हूं। फिर कुछ देर बाद अनजान व्यक्ति ने दीपक दास के मोबाइल से उनके परिवार को फोन किया। दीपक दास को पुलिस द्वारा छोड़ दिया है, लेकिन उनके परिवार वाले इंतजार करते रहे वह वापस नहीं लौटा। सभी जगह पर खोजबीन के बाद भी कोई सुराग नहीं लगा। साथ ही दीपक दास का मोबाइल भी स्विच ऑफ हो गया। फिलहाल परिजनों ने आदित्यपुर थाने में गुमशीद की शिकायत दर्ज करवाया। उधर लापता होने से परिवार में मायूसी छा गयी है।

# जनता की चिंता छोड़ राज्य के मुखिया निकले पॉलिटिकल टूर पर : षाड़ंगी

**चाकुलिया में तेजी से पैर पसार रहा डेंगू,कुणाल षाड़ंगी ने 250 से अधिक मच्छरदानी का किया वितरण**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले में डेंगू तेजी से पेर पसारने लगी गई।गंभीर स्थिति का खतरा उन रोगियों में देखा जा रहा है जिनकी प्रतिरोधक क्षमता कमजोर है।चाकुलिया प्रखण्ड में डेंगू के आंकड़े डराने वाले हैं। अगस्त के महीने के अंत तक यहां डेंगू ने बीते कई सालों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। शुक्रवार को पूर्व विधायक व नाम्या स्माइल फाउंडेशन के संस्थापक कुणाल षाडंगी ने चाकुलिया धर्मशाला में स्वास्थ्य सहिया दीदीयों के साथ बैठक की। मौके पर 250 से अधिक मच्छरदानी का वितरण कर जागरूरता अभियान चलाया। श्री षाड़ंगी ने बताया प्रदेश में डेंगू के मामले में लगातार वृद्धि हो रही है। सरकारी अस्पताल में मरीजों को ना बेड मिल रहा और ना ही सही इलाज मिल रहा है। झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता पर भी तंज कसते हुए कहा एक ओर राज्य के लोग डेंगू से परेशान हैं। वही गिरते स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को छोड़ स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता समेत पूरी कैबिनेट चुनाव प्रचार में व्यस्त हैं। जिले में सफाई को लेकर सन्तोषजनक काम नहीं हो रहा, ना ही ब्लिचिंग पाउडर छिड़काव व फॉगिंग हो रही है। चाकुलिया क्षेत्र की जनता झारग्राम के अस्पतालों में इलाज कराने को मजबूर हैं। कुणाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान भारत पर राज्य सरकार की उदासीनता पर सवाल उठाते हुए कहा डेंगू को आयुष्मान भारत योजना में शामिल ना करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। नाम्या स्माइल फाउंडेशन के सदस्य डॉक्टर श्रद्धा सुमन ने कहा डेंगू के जोखिमों को कम करने के लिए सबसे जरूरी है मच्छरों को काटने से बचाव के लिए प्रयास करें। पूरे आस्तीन के कपड़े पहनें, घर के आसपास साफ-सफाई रखें व पानी एकत्रित न होने दें। मौके पर दिनेश सिंह, विकाश लोधा, गोपन परिहारी, नाम्या स्माइल फाउंडेशन से डॉ श्रद्धा सुमन, पूर्णेंदु पात्र, सतप्रित सिंह,अमन भारद्वाज मौजूद रहे।

# भीषण गर्मी में बिजली का संकट, उपभोक्ता परेशाना



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले के खासकर आदित्यपुर क्षेत्र में बिजली की समस्याओं से लोगों की परेशानी बढ़ने लगी है।बिजली उपभोक्ताओं को परेशानी झेलना पड़ रहा है। वैसे आदित्यपुर इंडस्ट्रियल एरिया को देश में इंडस्ट्रियल हब के नाम से जाना जाता है। लगातार बिजली काटने से कंपनी प्रबंधन से लेकर मजदूरों का रोजगार पर भी असर पड़ने का संभावना है। उधर तेज गर्मी में लगातार बिजली काटने से बिजली उपभोक्ताओ में सरकार के प्रति संतुष्टि देखने को मिल रही है। बताया जा रहा है तेनुघाट से पर्याप्त बिजली नहीं मिलने से ऐसी स्थिति उत्पन्न हो रही है। विद्युत विभाग के जीएम श्रवण कुमार के अनुसार 3 सितंबर तक ऐसी स्थिति बनी रहेगी। उसके बाद ही उपभोक्ताओं को राहत मिलने की संभावना हैं। हालांकि बिजली विभाग के आलाधिकारियों पर इस भीषण बिजली संकट से कोई लेनादेना नहीं है।उन्हें बस सरकार से मिले टार्गेट को अचीव करना है। वैसे इस भीषण बिजली संकट में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की चुप्पी को लेकर लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है।

# 25 दिन के बच्चे को 6 हजार रुपये में बेचने की कोशिश



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** पश्चिम बंगाल के बलरामपुर के रहने वाली एक महिला ने अपने 25 दिन के बच्चे को 6 हजार रुपये में बेचने का मामला प्रकाश में आते ही पूरे क्षेत्र में सनसनी कर गयी। शुक्रवार को जिस महिला के पास महिला ने बच्चा बेचने गयी थी, उसने बच्चा तो नहीं खरीदा, लेकिन उसे लेकर सीधे डीसी कार्यालय पहुंच गयी। मौके पर एसडीओ पीयूष कुमार सिन्हा से मुलाकात कर जानकारी देने पर मामला थाने तक पहुंच गयी। लोगों ने बताया कि स्टेशन रोड गुदड़ी मार्केट के पास 6 हजार में बच्चा को बेच रही थी। इस बीच लोग उसे लेकर डीसी कार्यालय पर पहुंच गये। बताया जा रहा है इस संबंध में बच्चों की मां रूपा कुछ भी बताने से इनकार करने लगी। कभी बता रही उसका बच्चा तो है, कभी बोल रही उसकी शादी तक नहीं हुई। आखिर मामला समझ में नहीं आने पर एसडीओ ने इसकी जानकारी साकची पुलिस को दी। फिलहाल पुलिस महिला से पूछताछ कर रही है।

## जमशेदपुर कोर्ट में सुरक्षा में बड़ी चूक, चापड़ लेकर घुसा अपराधी

# कोर्ट के ऑफिस क्लर्क पर किया हमला



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर कोर्ट की सुरक्षा में एक बार फिर लापरवाही सामने आई है, जहां एक हमलावर ने एडीजे 1 के कोर्ट रूम में घुस कर कोर्ट के ऑफिस क्लर्क राकेश कुमार पर चापड़ से हमला कर उन्हें जख्मी कर दिया. हालांकि, हमला कर भागने के दौरान हमलावर को कोर्ट के कर्मियों ने पकड़ लिया. उधर सूचना पाकर पहुंची सीतारामडेरा पुलिस हमलावर को अपने साथ थाना ले गई है। उधर घायल राकेश को इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के पश्चात उन्हें टीएमएच रेफर कर दिया गया है। उनके बाएं कान में गंभीर चोट आयी है। सूचना मिलते ही एसएसपी प्रभात कुमार कोर्ट परिसर पहुंचे और मामले की जांच की। पुलिस अधिकारी भी मामले की जांच में जुट गये हैं। हमलावर ने पूछताछ में अपना नाम शाहिद बच्चा बताया और बताया कि वह कदमा का रहने वाला है। कदमा के साबिर ने उसे कोर्ट के पेशकार पर हमला करने के लिए 300 रुपए दिए थे. वह पेशकार को ढूंढ़ रहा था तभी राकेश वहां आ गया। उसने राकेश पर हमला कर दिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

वहीं इस हमले को लेकर वकीलों में भारी रोष देखा जा रहा है। एक वकील ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि इसी कोर्ट में आज दिल्ली से लाये गये अलकायदा के आतंकी अब्दुल रहमान कटकी की पेशी हुई थी और आज ही कोर्ट के पेशकार संजय कुमार पर हमला हो गया. उन्होंने कहा कि यह एक व्यक्ति नहीं बल्कि न्यायपालिका पर हमला है।

# महाराजा रणजीत सिंह सेवा दल के रक्तदान शिविर में 80 यूनिट रक्त संग्रहित



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** श्री गुरु ग्रंथ साहिब के पहले प्रकाश उत्सव के उपलक्ष पर स्टेशन रोड गुरुद्वारा साहिब में रक्तदान शिविर लगाया गया। यहां इस रक्तदान शिविर में केवल जुगसलाई ही नहीं, बल्कि दूर दराज क्षेत्रों से लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मुख्य रूप से इस शिविर में क्षेत्र के विधायक मंगल कालिंदी, पूर्व विधायक सह बीजेपी प्रवक्ता कुणाल षड़ंगी, बीजेपी नेता दिनेश कुमार, सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के भगवान सिंह, सरदार शैलेंद्र सिंह, स्टेशन रोड गुरुद्वारा के कमेटी मेम्बर, महाराजा रणजीत सिंह सेवा दल, वॉइस ऑफ ह्यूमैनिटी के मेम्बर आदि मौजूद थे। सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र और उपहार भेंट किया गया। जानकारी देते हुए स्टेशन रोड गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सेक्रेटरी कमलजीत सिंह भाटिया ने कहा कि जरूरतमंद मरीजों को सही समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सके इस उद्देश्य से रक्तदान शिविर लगाया गया है। हर वर्ष इस शिविर को लगाकर रक्त संग्रह कर ब्लड बैंक को रक्त उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने कहा कि केवल जुगसलाई ही नहीं बल्कि दूर दराज क्षेत्रों से लोग एकत्रित होकर रक्तदान कर रहे हैं. इस रक्तदान शिविर में 80 लोगो ने रक्तदान किया।

# मिथिलेश ठाकुर ने जोगिया मठ मंदिर मेला समिति को 11000 रुपये दिये



आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** रंका अनुमंडल क्षेत्र के भंडरिया प्रखंड अंतर्गत जनेवा पंचायत के जोगिया मठ मंदिर परिसर में बंगाली डेरा मेला समिति के तत्वावधान में श्रावण मास के पूर्णिमा के शुभ अवसर पर भव्य मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री सह गढ़वा विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर के प्रतिनिधि के रूप में बतौर मुख्य अतिथि गढ़वा युवा जिला उपाध्यक्ष शंभू यादव ने भाग लिया और मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर की ओर से जोगिया मठ मंदिर मेला आयोजन समिति को 11000 रुपये नगद राशि सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए शंभू यादव ने कहा कि श्रावण मास के पूर्णिमा के दिन जोगिया मठ मंदिर में मेला का आयोजन बहुत सराहनीय कार्य है। आज पूर्णिमा के दिन भाई बहनों का प्रेम और रक्षा का पवित्र त्योहार रक्षाबंधन भी मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज के दिन हम सब यह प्रण लें कि यदि भविष्य में कोई भी बहन-बेटी या माता किसी भी प्रकार की परेशानी में हों तो उसकी यथा संभव मदद करेंगे। इस अवसर पर मेला आयोजन समिति को बधाई शुभकामनाएं दी। मौके पर गढ़वा जिला झामुमो नेता राहुल कश्यप, झामुमो चुटिया पंचायत अध्यक्ष अरुण कुमार गुप्ता, युवा समाजसेवी पंकज कश्यप, आकाश गुप्ता, रंजीत कश्यप, उदय प्रजापति, पंकज ठाकुर उपस्थित थे।

# बेहतर उपचार के बाद लड़की ने डॉक्टर को ही बांधी राखी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** रक्षा बंधन के पांच दिन पूर्व किसी कारणवश आरती (काल्पनिक नाम) अपने भाई, रमेश ( काल्पनिक नाम) से रूठ कर या यू कहिए गुस्से से नैप्थलीन (जिसे हम कपड़े के बीच में रखते हैं) की 15 गोलियां खा लेती हैं। घर में आरती की मां और भाभी इन सब चीजों से अनजान एवं रमेश अपने ऑफिस में आरती की हाव भाव एवं बात करने के तरीके में बदलाव के कारण ऐसी शंका होती है की आरती ने कुछ गलत किया है। घर के लोग परेशान एवं में रमेश को खबर करते हैं और आनन फानन में तुरंत ही उसे लेकर अस्पताल पहुंचते हैं। सरकारी अस्पताल में प्राथमिक चिकित्सा के पश्चात उसे बड़े अस्पताल ले जाने के लिए रेफर कर दिया जाता है। बड़ी मुश्किल से रमेश अपने आप को संभाल पाते हैं और अपने एक मित्र से सलाह लेते हैं कि वह क्या करें ऐसी स्थिति में उनके मित्र ने उन्हें स्थानीय परमेश्वरी मेडिकल सेंटर की के बारे में जानकारी देते हैं।

रमेश तुरंत ही अपनी बहन आरती को परमेश्वरी मेडिकल सेंटर के आईसीयू में एडमिट करते है। पूरी तत्परता से आरती का इलाज उपचार किया जाता है एवं रक्षाबंधन के दिन पूर्ण रूप से ठीक होने के पश्चात अस्पताल से छुट्टी दी जाती है। रक्षाबंधन के दिन एक भाई को एक बहन के साथ दुबारा मिल गया। दोनो की खुशी और प्यार, रक्षा बंधन के सूत्र की पवित्रता का नायाब तोहफा शायद इस से बेहतर और क्या होगा। लेकिन,आरती को इस उपचार के दौरान ,एक और भाई मिला.... जी, डॉ निशांत के रूप में, जिन्होंने अपने कार्य क्षेत्र ( सर्जरी) से अलग , आरती के उपचार में कोई कमी नहीं आने दी। रक्षा बंधन पर्व और आरती के जीवन को नयी जिंदगी देने वाले बड़े भाई डॉ निशांत को आरती ने अपने हाथो से राखी बांधी और यह विश्वास दिया की वह अपने जीवन में हमेशा खुश रहेगी और किसी प्रकार की चुनौती को स्वीकार करेगी। भाई रमेश और आरती दोनों खुशी खुशी स हृदय परमेश्वरी मेडीकल सेंटर के डॉक्टर्स & आइसीयू के सभी स्टाफ को धन्यवाद दिया।

# दिन भर इंतजार के बाद बिना राशन के लौटा कोरवा परिवार



आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** रंका प्रखंड अंतर्गत ग्राम - सिंजो के आदिम जनजाति कोरवा परिवार के लोग शुक्रवार को सुबह से लेकर साम तक दिन भर राशन के इंतजार में सिजों प्राथमिक विद्यालय के पास आशा में बैठे रहे किंतु राशन नहीं पहुंचा और भूखे प्यासे बड़े बुजुर्ग महिला पुरुष निराश होकर अपने अपने घर लौट गए। इसके संबंध में जानकारी देते हुए हिरामन कोरवा ने बताया कि सुबह मोबाइल फोन से सूचित किया गया था कि आज राशन लेकर ग्राम डाले निवासी उपेंद्र तिवारी सिंजो आ रहे हैं । सूचना के आलोक में सभी कार्ड धारी लाभुकों को खबर देकर बुलाया। लोग दिन भर राशन के इंतजार में बैठे रहे।राशन नहीं आने से निराश हो कर लोग घर चले गए। उन्होंने बताया कि आदिम जनजाति कोरवा परिवार के लोग बेहद गरीब हैं। जिनके पास खाने के लिए अनाज नहीं है। कुछ ऐसे लोग हैं जो सुबह खाते हैं तो साम को भूखे सोते हैं और साम खाते हैं तो सुबह झंखते हैं। किसी प्रकार लोग सरकारी राशन पर जीवित हैं। इसलिए पदाधिकारियों को चाहिए कि समय-समय पर राशन किरोशिन की आपूर्ति कर दिया करें। इस मौके पर जिम्मेवार पदाधिकारी से कोरवा परिवार के लोगों ने एक दिन का हजार्ना देने की मांग की है। इसके संबंध में पूछने पर प्रभारी रंका प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी शंभू राम ने बताया कि राशन एक दो दिन के अंदर चला जाएगा। इस अवसर पर आदिम जनजाति कोरवा परिवार के प्रमिला देवी, सबिता देवी, लालती देवी, सनपतिया देवी, मुनेश्वरी देवी, चिंता देवी, प्रभा देवी, कलावती देवी, पार्वती देवी, रूदना देवी, देवकुमार कोरवा, घुरविगन कोरवा, प्यारी कोरवा सहित कई उपस्थित थे।

# ईट भट्ठों में कार्यरत मजदूरों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जिला में संचालित ईट भट्टों में कार्यरत मजदूरों को सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने एवं उनके बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान कराने के उद्देश्य से आज उपायुक्त शेखर जमुआर द्वारा अपने कार्यालय वेश्म में बैठक किया गया। बैठक में नीव की ईट फाउंडेशन द्वारा उक्त क्षेत्र में जिला प्रशासन के साथ जुड़ बेहतर कार्य करने का प्रस्ताव दिया गया। मौके पर नीव की ईट फाउंडेशन के निदेशक अंशू कुमार द्वारा प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताया कि किस प्रकार जिले में ईट भट्टों में कार्यरत मजदूरों को सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जाए एवं उनके बच्चों को किस प्रकार से शिक्षा प्रदान की जाये, इस संबंध में व्यापक रूप से एक्शन प्लान प्रस्तुत किया गया। उन्होंने बताया कि उनके फाउंडेशन द्वारा जिले में संचालित ईट भट्टों का सर्वे कर उनमें कार्यरत मजदूरों की जानकारी एकत्र की जाएगी, सभी का पंजीकरण कर सभी जरूरी दस्तावेज तैयार कर जिला प्रशासन के साथ सर्वे रिपोर्ट साझा किया जाएगा। जिससे उन्हें सरकारी जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलायी जा सके। आगे उन्होंने बताया कि हर वर्ष अक्टूबर माह से लेकर मई माह तक मजदूर अपने बच्चों को लेकर ईट भट्टा पर दिन-रात मजदूरी करते हैं। जिस कारण उनके बच्चे बेहतर शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। ऐसे में उनके फाउंडेशन द्वारा बच्चों को चिन्हित कर उन्हें ईंट भट्टा परिसर में ही स्पेशल क्लास की व्यवस्था कर प्राथमिक शिक्षा मुहैया कराई जाती है।

इस कार्य के लिए फाउंडेशन द्वारा अलग से फेलो नियुक्त किए जाएंगे, जो बच्चों को प्राथमिक शिक्षा प्रदान करेंगे एवं उन्हें विद्यालय में दाखिला लेने हेतु प्रेरित करेंगे। साथ हीं ईट भट्टों को अलग अलग क्लस्टर में बांटा जाएगा एवं कॉर्डिनेटर भी नियुक्त किए जायँगे। उपरोक्त कार्यों के प्रस्ताव को लेकर उपायुक्त ने कार्यकारणी फाउंडेशन के निदेशक को सभी आवश्यक कार्रवाई पूर्ण कर कार्य योजना तैयार करने को कहा गया एवं सभी संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक सहयोग करने के भी निर्देश दिए गए। जिससे उक्त क्षेत्र में समर्पित होकर कार्य प्रारंभ किया जा सके।इस बैठक में उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह, निदेशक डीआरडीए दिनेश प्रसाद सुरीन, गोपनीय शाखा प्रभारी विकास कुमार, स्थापना उप समाहर्ता अरुण उरांव, श्रम अधीक्षक एतवारी महतो, जिला खनन पदाधिकारी नंद देव बैठा, सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा कोषांग नीतीश कुमार निशांत समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# एलआइसी गढ़वा शाखा में 67वां स्थापना दिवस मनाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भारतीय जीवन बीमा निगम गढ़वा शाखा के द्वारा एलआइसी का 67वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि वरीय शाखा प्रबंधक पावन भेंगरा,गढ़वा शाखा प्रबंधक अमित कुमार, वरिष्ठ एसबीए सूर्यदेव दुबे, वीरेंद्र तिवारी सीएम क्लब मेंबर अजय यादव सहित अन्य लोगों ने कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर वरीय शाखा प्रबंधक पावन भेंगरा ने कहा कि एलआईसी का स्थापना इसी दिन हुआ था उस दिन से लेकर आज तक एलआईसी ने कई मुकाम हासिल किया उन्होंने बताया कि गढ़वा शाखा इस वित्तीय वर्ष में कई मानकों में जोनल स्तर पर नंबर वन पर रहा है उन्होंने बताया कि एलआईसी विभिन्न तरह की स्कीम लेकर आई है जिससे ग्राहकों को फायदा होगा कार्यक्रम में विजय गांगुली, प्रदीप कुमार,राम उदित कुमार, संजय शुक्ला,अनिल चौबे, सुदर्शन पांडे सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## एसजीएन मॉडर्न किंडर गार्डन में अभिभावक शिक्षक गोष्ठी का आयोजन

# विद्यालय परिवार एवं अभिभावकों के सामूहिक प्रयास से ही बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है : धर्मेंद्र देव

बलराम शर्मा



**मेराल (आजाद सिपाही)।** एसजीएन मॉडर्न किन्डर गार्डन में शुक्रवार को अभिभावक शिक्षक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में विद्यालय के प्राचार्य तथा अभिभावकों के बीच कई विषयों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर जुलाई माह में आयोजित प्रथम रचनात्मक मूल्यांकन परीक्षा का परिणाम घोषित करते हुए बच्चों की शैक्षणिक प्रगति की वास्तविकता जानने के लिए उत्तर पुस्तिका एवं प्रगति पुस्तिका का वितरण अभिभावकों के बीच किया गया। मौके पर विद्यालय के निदेशक धर्मेंद्र देव ने कहा कि हम सभी के सामूहिक प्रयास से ही विद्यालय के बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है। मूल्यांकन परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वालों में नर्सरी से अनन्या सिंह, एलकेजी से अनिकेत कुमार, यूकेजी से रागिनी कुमारी, प्रथम वर्ग से शिवम कुमार, द्वितीय वर्ग से आशद अख्तर, तृतीय वर्ग से मिथिलेश कुमार, तृतीय वर्ग से मिथिलेश कुमार, चतुर्थ वर्ग से दीपिका भारती, पंचम वर्ग से ऋषिकेश प्रजापति, शष्टम वर्ग से आकाश कुमार, सप्तम वर्ग से खुशबू कुमारी एवं उज्जवल कुमार तथा अष्टम वर्ग से निखिल कुमार ने सर्वाधिक अंक लाकर उपलब्धि प्राप्त किया। गोष्टी में विद्यालय के प्राचार्य कुमारी निर्मला, शिक्षक अमानत अंसारी, रामाशीष, रामकरण कुमार, कौशल, आनंद शाह, मनजीत कुमार, आबिद अंसारी, संजय कुमार गुप्ता, संजय ठाकुर, रेणु कुमारी, पंकज चौधरी, सहित अभिभावक उपस्थित थे।

# दूसरों से अच्छा कहलाने की इच्छा बहुत बड़ी निर्बलता है इसलिए अच्छे बनो, अच्छे कहलाओ मत : जीयर स्वामी


आजाद सिपाही संवाददाता

**बंशीधर नगर।** जैसा मैं चाहूं, वैसा हो जाय - यह इच्छा जबतक रहेगी, तबतक शान्ति नहीं मिल सकती। मनुष्य समझदार होकर भी उत्पत्ति-विनाशशील वस्तुओंको चाहता है - यह आश्चर्य की बात है। शरीरमें अपनी स्थिति मानने से ही नाशवान बस्तु की इच्छा होती है। और इच्छा होने से ही शरीर में अपनी स्थिति दृढ़ होती है। कुछ चाहने से कुछ मिलता है और कुछ नहीं मिलता; परंतु कुछ न चाहने से सब कुछ मिलता है। निंदा इसलिए बुरी लगती है कि हम प्रशंसा चाहते हैं। हम प्रशंसा चाहते हैं तो वास्तवमें हम प्रशंसा के योग्य नहीं हैं; क्योंकि जो प्रशंसा के योग्य होता है, उसमें प्रशंसा की चाहना नहीं रहती। सांसारिक सुख की इच्छा का त्याग कभी-न-कभी तो करना ही पड़ेगा तो फिर देरी क्यों? जहां तक बने, दूसरों की आशापूर्ति का उद्योग करो, पर दूसरों से आशा मत रखो।

दूसरों से अच्छा कहलाने की इच्छा बहुत बड़ी निर्बलता है। इसलिए अच्छे बनो, अच्छे कहलाओ मत। मनुष्य को कर्मों का त्याग नहीं करना है, प्रत्युत कामना का त्याग करना है। मनुष्य को वस्तु गुलाम नहीं बनाती, उसकी इच्छा गुलाम बनाती है। यदि शांति चाहते हो तो कामना का त्याग करो। कुछ भी लेने की इच्छा भयंकर दुःख देनेवाली है, जिसके भीतर इच्छा है, उसको किसी-न-किसी के पराधीन होना ही पड़ेगा। अपने लिये सुख चाहना आसुरी, राक्षसी वृत्ति है। जैसे बिना चाहे सांसारिक दुःख मिलता है, ऐसे ही बिना चाहे सुख भी मिलता है। अतः साधक सांसारिक सुख की इच्छा कभी न करे।

भोग और संग्रह की इच्छा सिवाय पाप कराने के और कुछ काम नहीं आती। अतः इस इच्छाका त्याग कर देना चाहिए अपने लिये भोग और संग्रहकी इच्छा करने से मनुष्य पशुओं से भी नीचे गिर जाता है तथा इसकी इच्छा का त्याग करने से देवताओं से भी ऊंचे उठ जाता है, जो वस्तु हमारी है। वह हमें मिलेगी ही; उसको कोई दूसरा नहीं।

विचार करो, जिससे आप सुख चाहते हैं, क्या वह सर्वथा सुखी है? क्या वह दुःखी नहीं है? दुःखी व्यक्ति आपको सुखी कैसे बना देगा? कामना छूटने से जो सुख



होता है, वह सुख कामनाकी पूर्तिसे कभी नहीं होता। परमात्मा की उत्कट अभिलाषा चाहते हो तो संसार की अभिलाषा को छोड़ो, जो बदलनेवाले (संसार) की इच्छा करता है, उससे सुख लेता है, वह भी बदलता रहता है अर्थात अनेक योनियों में जन्मता-मरता रहता है, जिसको हम सदा के लिए अपने पास नहीं रख सकते, उसकी इच्छा करने से और उसको पानेसे भी क्या लाभ ? कामना के कारण ही कमी है। कामना से रहित होने पर कोई कमी बाकी नहीं रहेगी। कामना का सर्वथा त्याग कर दें तो आवश्यक वस्तुएं स्वतः प्राप्त होंगी; क्योंकि वस्तुएं निष्काम पुरुष के पास आने के लिए लालायित रहती हैं। जो अपने सुख के लिए वस्तुओं की इच्छा करता है, उसको वस्तुओं के अभावका दुःख भोगना ही पड़ेगा। जीवन तभी कष्टमय होता है, जब संयोगजन्य सुखकी इच्छा करते हैं और मृत्यु तभी कष्टमयी होती है, जब जीने की इच्छा करते हैं यदि वस्तुकी इच्छा पूरी होती हो तो उसे पूरी करने का प्रयत्न करते और यदि जीनेकी इच्छा पूरी होती हो तो मृत्युसे बचनेका प्रयत्न करते, परंतु इच्छा के अनुसार न तो सब वस्तुएं मिलती हैं न और न मृत्यु से बचाव ही होता है। इच्छा का त्याग करने में सब स्वतंत्र हैं, कोई पराधीन नहीं है और इच्छा की पूर्ति करने में सब पराधीन हैं, कोई स्वतंत्र नहीं है सुख की इच्छा, आशा और भोग- ये तीनों संपूर्ण दुःखों के कारण हैं। नाशवान की चाहना छेड़ने से अविनाशी तत्त्व की प्राप्ति होती है। ऐसा होना चाहिए, ऐसा नहीं होना चाहिए - इसी में सब भरे हुए हैं। हमारा सम्मान हो– इस चाहनाने ही हमारा अपमान किया है। मन में किसी वस्तु की चाह रखना ही दरिद्रता है। लेने की इच्छावाला सदा दरिद्र ही रहता है नाशवान की इच्छा ही अन्तःकरण की अशुद्धि है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

# प्रसव के बाद महिला की अस्पताल में मौत



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** मेराल थाना क्षेत्र के अटौला गांव निवासी राजेश चौधरी की पत्नी मीना देवी के बच्चे की प्रसव के बाद मौत हो गयी। घटना के संबंध में मीणा के पति राजेश चौधरी ने बताया कि मीना देवी को प्रसव पीड़ा होने के बाद 1 बजे छप्परवार उप स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया था, जहां 2:30 पर लड़का का जन्म हुआ। इसके बाद वहां के एनम ने उसे बच्चा को लेकर गढ़वा सदर अस्पताल के सीएनसीयू में भर्ती करने के लिए वहां से रेफर कर दिया। इसके बाद परिजनों ने बच्चा को लेकर गढ़वा रेहला मार्ग स्थित दो निजी क्लीनिक में इलाज के लिए ले गये, जहां दोनों चिकित्सक ने बच्चों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसके परिजनों को गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती करने की सलाह दी। परिजन द्वारा बच्चा को गढ़वा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसकी मौत हो गयी। इसके बाद परिजन को रो-रोकर बुरा हाल हो गया है।

# युवक ने किया आत्महत्या का प्रयास

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** नगर उटारी थाना क्षेत्र के हुलहुला गांव निवासी सुरेंद्र चंद्रवंशी 32 वर्ष ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास किया उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है । घटना के संबंध में बताया जाता है। कि घर में किसी बात को लेकर कहा सुनी हुआ जिसे अक्रोशित होकर सुरेंद्र ने कीटनाशक खा लिया स्थिति बिगड़ने पर उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया सदर अस्पताल में भी प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया है।

# चापाकल पर पानी भरने को लेकर दो महिलाओं में झगड़ा, घायल दोनों महिला सदर अस्पताल में भर्ती



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला सदर थाना क्षेत्र के चामा गांव में चापाकल पर पानी भरने के दौरान दो महिलाओं के बीच मारपीट हो गई। मारपीट की घटना में दोनों महिला घायल हो गयी, जिनका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। इलाज के दौरान पहला पक्ष से घायल महिला जुबेर अंसारी की पत्नी अकीला बीवी एवं दूसरा पक्ष से नसरुद्दीन अंसारी के पत्नी अकलिमा बीबी का नाम शामिल हैं। मारपीट की घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि घर के पास ही सरकारी चापाकल पर दोनों पानी भरने के लिए पहुंची हुई थी। इस बीच चापाकल का चेन टूट जाने के दौरान दोनों के बीच नोक-झोंक होने लगी और थोड़े ही देर में दोनों के बीच मारपीट हुआ, जिस दौरान दोनों घायल हो गये। घटना के बाद दोनों को इलाज किया सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# रंका में दिव्यांग बच्चों की जांच एवं उपकरण वितरण शिविर का आयोजन




**रंका (आजाद सिपाही)।** समावेशी शिक्षा कार्यक्रम के तहत दिव्यांग बच्चों का जांच एवं उपकरण वितरण शिविर का आयोजन झारखंड शिक्षा परियोजना रांची के निर्देशन में रंका अनुमंडल के सदर प्रखंड संसाधन केंद्र रंका में एलिम्को भुवनेश्वर के छह सदस्य दिव्यांग विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में चिकित्सीय जांच एवं उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में प्रखंड संसाधन केंद्र के 32 विद्यालयों के छात्रों के बीच ट्राई साइकिल सहित अन्य उपकरण छात्रों के बीच वितरण की गयी। इसके संबंध में जानकारी देते हुए प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रंभा चौबे ने बताया कि विगत दो दशक से दिव्यांग बच्चों के जांच शिविर एलिम्को के विशेषज्ञों के द्वारा जांचोप्रांत बच्चों को दिव्यांगता के अनुसार उपकरण मुहैया कराई जाती है ताकि बच्चे स्कूल की पहुंच तक इस उपकरण की सहायता से आ सकें। इस मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संतोष कुमार दुबे ने कहा कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत 3 वर्ष से लेकर 18 वर्ष आयु के बच्चों के लिए दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया था, जिसमें 32 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं सहित उनके शिक्षक और बच्चों के माता-पिता ने भाग लिया। मौके पर संकुल साधन सेवी देवेंद्र नाथ उपाध्याय, पंकज कुमार गुप्ता, शिक्षक सत्येंद्र कुमार सिंह सहित काफी संख्या में बच्चों के माता-पिता तथा शिक्षक उपस्थित थे।

# समस्या के समाधान में जुटी हैं मुखिया रीमा देवी



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका प्रखंड अंतर्गत सोनदाग पंचायत के सिकठ गांव में मुखिया रीमा देवी चुनाव जीतने के बाद से लेकर आज तक लगातार लोगों की समस्याओं का समाधान के लिए प्रयास करते नजर आ रही हैं। इस अवसर पर उन्होंने सिकठ गांव पहुंच कर लोगों के बीच राशन संबंधित समस्या का निपटारा किया। ग्रामीणों के सुख दुख की साथी के रूप में अपनी पहचान बनाती हुई लोगों की हर छोटी बड़ी समस्याओं को निपटारे के लिए मुखिया रीमा देवी ने कमर कस ली है। आये दिन हर किसी समस्या को सुलझाने में आतुर अपना आर्थिक धन लोगों को मुहैया करा रही हैं। जिससे क्षेत्र में इनकी चर्चाएं काफी प्रचलित हो रही है। मुखिया प्रतिनिधि हेमंत कुमार पासवान का कहना है कि पंचायत के लोगों ने जिस अरमान से उन्हें मुखिया बनाया है उनके अरमान में कोई कमी नहीं आने देंगे। इसके लिए उन्हें घर से भी आर्थिक क्षति होती है तो हम उस कार्य को भी करना अपना दायित्व समझते हैं। उन्होंने कहा कि मुखिया बनने का यह मतलब नहीं कि केवल सरकारी योजनाओं से लोगों को लाभान्वित किया जाये, बल्कि सुख दुख में उनके साथ निभाना मेरा कर्तव्य है।

## प्रशिक्षु आइएएस अधिकारियों ने लोकेश मिश्रा से साझा किये अपने अनुभव

# उन्नत कृषि गतिविधियों को खूंटी जिले में मिल रहा है बढ़ावा : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** डीसी लोकेश मिश्र की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में बैठक हुई। जिसमें जिला भ्रमण कार्यक्रम के तहत खूंटी पहुंची 14 सदस्यीय टीम के प्रशिक्षु आइएएस अधिकारी शामिल थे। प्रशिक्षु आइएएस अधिकारियों की टीम दो ग्रुप में विभक्त होकर जिले के सुदूरवर्ती अड़की प्रखंड के बिरबांकी और खूंटी प्रखंड के गुटजोरा में एक सप्ताह तक रहकर वहां की स्थिति का जायजा लिया। बैठक के दौरान डीसी ने बिरबांकी और गुटजोरा की टीम के पदाधिकारियों ने भ्रमण के दौरान के अपने अनुभवों को साझा किया। उन्होंने बताया कि उनकी टीम ने जिले में संचालित विभिन्न विभागों की कार्य प्रणाली और संचालित योजनाओं का अवलोकन किया। आइएएस अधिकारियों के दोनों दलों ने पर्यटन उलिहातु, पंचघाघ, लतरातू डैम सहित अन्य पर्यटन स्थलों का भ्रमण किया। अधिकारियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि भ्रमण के दौरान उन्हें जनजातीय जीवन, परंपराओं और संस्कृति से अवगत होने के अवसर मिले। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा सहित अन्य क्रियान्वित योजनाओं का अवलोकन किया। मौके पर डीसीने सभी प्रशिक्षु आइएएस अधिकारियों को शुभकामनाएं दी। कहा कि खूंटी जिले में उनका भ्रमण कार्यक्रम सफल रहा। संबंधित क्षेत्रों में ग्रामीण जीवन शैली एवं योजनाओं के क्रियान्वयन संबंधी जानकारियां ली गई हैं। साथ ही जिले में किए जा रहे नवोन्मेषी प्रयासों से भी अवगत कराया गया है। कहा कि खूंटी जिले में उन्नत कृषि गतिविधियों को भी बढ़ावा मिल रहा है। एसएचजी की महिलाएं सक्रिय और जागरूक हैं। जिले के समग्र विकास की दिशा में हर स्तर पर सफल प्रयास किए जा रहे हैं। बैठक में डीडीसी, एसडीओ, अपर समाहर्ता, परियोजना निदेशक सहित अन्य उपस्थित थे।

## तोरपा के नौ व खूंटी के तीन मतदान केंद्रों को बदलने पर सहमति

**अधिकारियों ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक**



पदाधिकारियों के साथ बैठक करते डीसी लोकेश मिश्रा।

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी लोकेश मिश्र की अध्यक्षता में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के संबंध में एनआइसी सभागार में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ शुक्रवार को प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक हुई। जिसमें आगामी लोकसभा चुनाव 2024 और एसएसआर 2024 के आलोक में जर्जर और ध्वस्त भवनों में स्थित मतदान केंद्रों को बदलने के लिए जिला स्तर पर राजनीतिक दलों की सहमति और अन्य बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। 59 तोरपा (अजजा) के नौ मतदान केंद्रों और 60 खूंटी (अजजा) के तीन मतदान केंद्र के भवन जर्जर-ध्वस्त होने के कारण इन्हें बदलने के प्रस्ताव पर सहमति प्रदान की गई। बैठक में उपस्थित सभी लोगों को हाउस टू हाउस सर्वे कार्यो में बारे में अवगत कराते हुए उक्त कार्यो में अपेक्षित सहयोग का अनुरोध किया गया। डीसी ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि मतदान केंद्रों पर बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति अपने स्तर से सुनिश्चित करें। जिनकी उम्र 18 वर्ष पूर्ण होनेवाला है, वैसे सभी नागरिकों का प्रपत्र-6 के माध्यम से नाम दर्ज करने के लिए प्रयोग होता है। बैठक में कई अधिकारी थे।

## ट्रक के धक्के से दो युवकों की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**ईचागढ़।** थाना क्षेत्र के सिल्ली रांगामाटी सड़क पर दुबराजपुर के पास शुक्रवार को अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। उनकी पहचान ईचागढ़ थाना क्षेत्र के आगसीया निवासी सिकंदर दास (28) और निरंजन लायेक (27) के रूप में हुई है। उधर, हादसे से आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया। इससे उक्त मार्ग पर वाहनों की कतार लग गई। इसकी सूचना पाकर ईचागढ़ पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और लोगों को समझना-बुझाकर सड़क जाम हटवाया। साथ ही दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया।

### सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल

रडगांव/तमाड़ थाना क्षेत्र के रांची टाटा पथ स्थित भूइंयाडीह चौक पर सड़क दुर्घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उनमें से एक ही हालत नाजुक बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार टाटा पैसेंजर मैजिक ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक पर सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी पहचान फुलचंद मुंडा और मुकेश महतो के रूप में हुई है। दोनों को बेहतर इलाज के लिए आरएमसीएच ले जाया गया। बतातें चलें कि भूइंयाडी चौक पर सुबह से ही काफी भीड़ होती है। एनएच पर ही बाजार लगता है, जिससे जाम की समस्या बनी रहती है। एनएच में दोनों तरफ बड़ी गाड़ी खड़ी रहती है जिससे बाइक वालों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्हें दूर की गाड़ी दिखाई नहीं देती है। इसलिए आये दिन दुर्घटना होते रहती है। एनएच आई रोड के किनारे बैरिकेडिंग भी नहीं किया है। जिसके हादसों की संभावना बनी रहती है।

## पलांडू अनुसंधान केंद्र में किसानों को जलवायु अनुकूल समेकित कृषि प्रणाली पर दिया गया पांच दिवसीय प्रशिक्षण

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** कृषि ज्ञानवर्द्धन कृषि प्रणाली का पहाड़ी एवं पठारी अनुसन्धान केंद्र, पलांडु रांची में जलछाजन परियोजना बोकारो की ओर से आयोजित जलवायु अनुकूल समेकित कृषि प्रणाली पर पांच दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार को संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान केंद्र प्रधान डॉ अरुण कुमार सिंह द्वारा किसानों को कद्दूवर्गीय सब्जियों के उत्पादन के विभिन्न तकनीकी पहलुओं एवं आर्थिक महत्व से अवगत कराया गया। प्रमुख वैज्ञानिक डॉ आरएस पान द्वारा समेकित कृषि प्रणाली में कन्दवर्गीय और दलहनी सब्जियों को शामिल करने की सलाह दी गई। प्रमुख वैज्ञानिक डॉ सुशांता कुमार नायक ने समेकित कृषि प्रणाली में पोषक तत्त्वों के पुनर्चक्रण के गुण सिखाये। डॉ वीरेंद्र कुमार यादव ने समेकित कृषि प्रणाली में उद्यमिता के अवसरों पर प्रकाश डाला। वहीं, वरीय वैज्ञानिक डॉ अजित कुमार झा ने किसानों को मशरूम उत्पादन से समृद्धि की राह दिखाई। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ पी भावना ने किसानों को अधिक आमदनी के लिए मौसमी/बेमौसमी सब्जियों की खेती की उन्नत तकनीक की जानकारी दी। डॉ संतोष एस माली ने जल प्रबंधन के तकनीकी पहलू एवं टपक सिंचाई विधि का महत्त्व समझाया। कीट विज्ञानी डॉ जयपाल सिंह चौधरी ने किसानों को समेकित खेती में उगाई जानेवाली फसलों में कीट एवं रोग प्रबंधन की विधियों से अवगत कराया। मृदा वैज्ञानिक डॉ रेशमा शिन्दे ने किसानों को समेकित कृषि प्रणाली के विभिन्न मॉडल एवं घटकों की विस्तृत जानकारी दी। केंद्र की पशु विज्ञानी डॉ रीना कमल ने पशुपालन का समायोजन करने की सलाह दी।

## केडीएच परियोजना में हुआ विक्रम टाटा हिटाची 6.5 टन की मशीन का उद्घाटन



**खलारी (आजाद सिपाही)।** एनके एरिया की केडीएच परियोजना में विक्रम टाटा हिटाची 6.5 टन मशीन का उद्घाटन एक समारोह आयोजित कर किया गया। एनके महाप्रबधंक संजय कुमार की अध्यक्षता उद्घाटन समारोह आयोजित हुआ। इस दौरान महाप्रबंधक उत्खनन सीसीएल एस के सिंह के अलावा जिप सदस्य सरस्वती देवी, प्रखण्ड प्रमुख सोनी तिग्गा, विश्रामपुर पंचायत मुखिया दीपमाला कुमारी, जेसीएससी सदस्य ललन प्रसाद सिंह सहित अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत में परियोजना पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत पुश्प गुच्छ देकर किया। इसके बाद मुख्य अतिथि के रूप में महाप्रबंधक उत्खनन सीसीएल एसके सिंह एवं एनके महाप्रबंधक संजय कुमार ने संयुक्त रूप से पूजन कर विक्रम टाटा हिटाची 6.5 टन मशीन का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि केडीएच परियोजना का भविश्य काफी उज्ज्वल है। नए जामून दोहर पैच के लिए शीघ्र ही परियोजना को 10 क्यूबीक मीटर क्षमता की उत्खन्न मशीन के साथ डंपर भी दिया जा रहा है। वहीं महाप्रबंधक संजय कुमार ने कहा कि वर्तमान में केडीएच परियोजना अंतर्गत जामून दोहर बस्ती के पैच में काम करना है। कहा कि ग्रामीण, जनप्रतिनिधि, रैयत, यूनियन प्रतिनिधि, प्रशासन का सहयोग से ही परियोजना को आगे बढ़ना है। इस अवसर पर के के झा, महाप्रबंधक ऑपरेशन, राजेन्द्र प्रसाद, नवनित शेखर, राघवेंद्र गांधी, मुकेश कुमार, अभिशेक कुमार, राजीव रंजन, शैलेष कुमार, गोल्डेन प्रसाद यादव, उदय सिंह, प्रमोद पाठक, जी के साहू, अरविंद कुमार, दिनेश भर, एसएन सिंह सहित कई अन्य अधिकारी, कर्मचारी और यूनियन प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## केडीएच पीओ अनिल सिंह ने जेहलीटांड़ के तीन लोगों को सौंपी मुआवजा की राशि



**खलारी (आजाद सिपाही)।** केडीएच परियोजना प्रबंधन की ओर से शुक्रवार को जेहलीटांड़ के तीन लोगों को विस्थापन के लिये मुआवजा का चेक प्रदान किया गया। मौके पर परियोजना पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह द्वारा संजय गंझू, रंजीत गंझू व पंकज गंझू को मुआवजा राशि के रूप में दो लाख 70 हजार रुपए का चेक प्रदान किया। वहीं पीओ अनिल कुमार सिंह ने मुआवजा राशि देते हुए कहा कि उक्त पैसे को गलत जगह खर्च नहीं करना है, बल्कि इसका सदुपयोग करना है। कहा कि यहां से विस्थापन होने के बाद किसी दुसरे जगह सीसीएल की जमीन में घर भी नही बनाना है। इस अवसर पर सर्वेयर शैलेन्द्र प्रसाद, अनिल जैन, सुनिल कुमार सिंह सहित सुरक्षा पदाधिकारी उपस्थित थे। उल्लेखणीय है कि जेहलीटांड़ में केडीएच खदान विस्तारीकरण को लेकर कई लोगो को मुआवजा राशि दिया गया था। इसमें 17 लोगों के कागजात में कुछ त्रुटि होने के कारण मुआवजा राशि नहीं मिल पाया था।

## श्रीमद्भागवत कथा सह लक्ष्मी नारायण महायज्ञ आज से

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नंबर चौक स्थित जय बाबा सिद्धेश्वर नाथ मंदिर में शनिवार से आठ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ सह लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की शुरूआत कलश यात्रा के साथ होगी।

## तबियत खराब होने से सीसीएल कर्मचारी का निधन

**मृतक के आश्रित को नौकरी देने के लिए प्रबधंन और ग्रामीणों के बीच हुई बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता





**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार एरिया के सीएचपी/सीपीपी परियोजना में कैटेगरी-एक के पद पर कार्यरत सीसीएल कर्मचारी सुरेश राम की तबियत खराब होने से निधन हो गया। वह पिपरवार थाना क्षेत्र के ग्राम बिजैन के रहने वाले थे। इस संबंध में मृतक के परिजनों ने बताया कि ड्यूटी के दौरान अचानक उनके पेट में दर्द होने लगा, जिसके बाद उन्हें डकरा अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद रांची रेफर कर दिया गया। वहीं, ईलाज के दौरान उनका निधन हो गया। इधर, उनके परिजन सहित स्थानीय ग्रामीण उनके शव को लेकर सीएचपी/सीपीपी परियोजना कार्यालय पहुंचे और मृतक के आश्रित को नौकरी देने की मांग करने लगे। इसकी सूचना पाकर कई सीसीएल अधिकारी भी मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली, जिसके बाद परियोजना कार्यालय में सीसीएल प्रबंधन और स्थानीय ग्रामीणों के बीच वार्ता हुई। वार्ता में मृतक के पुत्र को अनुकंपा के आधार पर नौकरी देने की मांग की गई, लेकिन मृतक के पुत्र का उम्र 18 वर्ष नहीं होने पर घंटों चर्चा की गई। जिसके बाद सर्वसम्मति से मृतक की पत्नी उर्मिला देवी को लाईव रोस्टर के आधार पर रखने एवं 18 वर्ष की आयु होने पर मृतक के पुत्र रोशन कुमार को अनुकंपा के आधार पर नौकरी देने का लिखित समझौता हुआ। वार्ता में बनी सहमति के बाद देर शाम को ग्राम विजैन में सुरेश राम का अंतिम संस्कार किया गया।

इस वार्ता में परियोजना पदाधिकारी धनंजय कुमार, कार्मिक एवं प्रशासनिक अधिकारी आलोक मनीष सोय, एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर अरुण कुमार महतो, नागेश कुमार, अब्दुल अंसारी, बाबूलाल राम, आनन्द सिंह, महावीर राम, अजय राम, राजेश राम, मनोज राम, संजय राम, सुरेंद्र राम, कैलाश राम, रामजीत राम, कुलदीप राम, झरी राम, चमन राम, अनिल राम सहित कई स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

## डायन कुप्रथा सिर्फ अंधविश्वास, इससे दूर रहें ग्रामीणा : मो इकबाल

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जनसुरक्षा में लगी अड़की थाना पुलिस ने अपने सामाजिक दायित्व का निर्वाह करते हुए जिले के पुलिस कप्तान अमन कुमार के निर्देश पर शुक्रवार को अड़की प्रखंड की तिनतिला पंचायत के सुदूरवर्ती उग्रवाद प्रभावित दुंदुपीढ़ी गांव में डायन बिसाही कुप्रथा की रोकथाम को लेकर जन जागगरूकता अभियान चलाया। ग्रामीणों को डायन प्रथा अधिनियम 2001 के अपराध और दंड से सबंधित प्रावधानों के बारे जानकारी दी गई। साथ ही मॉब लीचिंग, यातायात नियमों तथा अवैध अफीम की खेती की रोकथाम के बारे में ग्रामीणों को जागरूक किया गया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी मो इकबाल हुसैन ने कहा कि डायन प्रथा सिर्फ अंधविश्वास के अलावा कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि कोई बीमारी होने पर डॉक्टर से इलाज करायें, ओझा-गुणी के चक्कर में न पड़े। उन्होंने कहा कि डायन कह कर किसी को प्रताड़ित करने पर कड़ी सजा का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि अफीम एक जहर है, लोग इसकी खेती और कारोबार से दूर रहें। उनहोंने कहा कि शिक्षा से ही समाज का विकास हो सकता है। इसलिए हर व्यक्ति को शिक्षित होना जरूरी है। सभी अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल जरूर भेजें।

## खूंटी चेंबर चुनाव को लेकर सरगर्मी हुई तेज

# टीम राजकुमार के 17 लोगों ने दाखिल किया नामांकन पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** खूंटी चेंबर के चुनाव को लेकर टीम राजकुमार से 17 सदस्यों ने शुक्रवार को नामांकन पत्र दाखिल किया। सभी प्रत्याशियों ने चुनाव प्रभारी निरंजन के पास पर्चा जमा किया। अरुण साबू ने कहा कि सरकार और विभाग से व्यवसायियों को हक दिलाना और उनका शोषण रोकना ही टीम राज कुमार का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि उनकी टीम हमेशा व्यापारियों के हित में आवाज बुलंद करेगा। जो होता है उसे रोकना व्यापारी को उनका स्थान दिलाना ही प्राथमिकता होगी। उन्होंने बताया कि चेंबर की 21 सदस्यों की टीम होगी। सबसे अधिक वोट लानावाला अध्यक्ष चुना जाएगा, वहीं अध्यक्ष होगा। इसी प्रकार छह पदों के लिए चुनाव होग, बाकी 15 पद सदस्यों के होंगे। मौके पर अरूण साबू, राज कुमार जयसवाल, उदय लाल भाला आदि मौजूद थे।

## मोतीलाल केशरी को दी गयी श्रद्धांजलि

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति के पूर्व सदस्य और उदघोषक मोतीलाल केशरी के निधन पर शुक्रवार को बाबा आम्रेश्वर धाम कार्यालय में शोकसभा आयोजित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। समिति के सदस्यों ने कहा कि मोतीलाल केशरी एक कुशल वक्ता के साथ ही सुलझे हुए व्यक्ति थे। बाबा आम्रेश्वर धाम में उद्धघोषणा के माध्यम से बाबा आम्रेश्वर धाम के महात्म्य को जन-जन तक पहुचाने में उनका बहुत बड़ा योगदान था। उन्होंने अपने जीवन का बहुमूल्य समय समिति का दिया था, जिसे कभी भूला नहीं जा कसता। मौके पर समिति के सदस्य लाल ज्ञानेंद्र नाथ शाहदेव, रमेश मांझी, मुनिनाथ मिश्रा, संतोष पोद्दार, सुखदेव भगत, परिमल चंद्र घोष, प्रेमचंद महतो, दुर्गा महतो, दानिएल भगत, केशरी कश्यप, महेंद्र प्रसाद भगत, आनंद वर्मा, अरुण कर, नरेंद्र दास आदि थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### दशमफॉल में वृद्ध महिला की हत्या

**टायमारा (आजाद सिपाही)।** दशामफल थाना अंतर्गत ग्राम सरजम केर से आधा किलोमीटर पूर्व दिशा में बाजारतार में बने दो कपड़पोस के कमरे में से एक में दरवाजा नहीं है। शुक्रवार को वहीं से गभारिया ग्राम निवासी 59 वर्षीय मुगली देवी का शव बरामद किया गया। किसी ने उसके चेहरा पर धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दिया था। इसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अंतपरीक्षण के लिए रांची के रिम्स अस्पताल भेज दिया। साथ ही मामला दर्ज कर हत्या के आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है। दशमफाल थानादार प्रेम प्रकाश ने बताया जल्द ही आरोपित सलाखों के पीछे होंगें।

### झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन ने आइआरबी-थ्री कैंप में बांटी मिठाई



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** इंडिया रिजर्व बटालियन आईआरबी-थ्री के पिपरवार कैंप में पुराना पेंशन योजना लागू होने के एक वर्ष पूरे होने पर झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन की ओर से खुशी मनाई गई। एसोसिएशन के अध्यक्ष शमशेर आलम ने बताया कि आज से एक वर्ष पूर्व झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा पुराना पेंशन योजना लागू कर राज्य भर के पुलिस कर्मियों को तोहफा दिया था। झारखंड में पुराना पेंशन योजना पुलिस कर्मियों के लिए बुढ़ापा का सहारा बन गया है। एक सितंबर को पुराना पेंशन योजना के एक वर्ष पूरे होने पर झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन द्वारा खुशी मनाई जा रही है। इस मौके पर एसोसिएशन के अध्यक्ष शमशेर आलम की ओर से केक काटकर इसका उत्साह मनाया गया। इसके बाद उपस्थित सभी लोगों के बीच मिठाई का वितरण किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष शमशेर आलम, मंत्री सुजीत सिंह, सुशील पाण्डेय, संजय यादव, परेश मरांडी, राजेंद्र उरांव, मृत्युंजय महतो, सुनील साहु, रविंद्र कुमार, राकेश कुमार, गोल्डेन चौबे, जितेन्द्र शुक्ला, अजमल हुसैन, प्रदीप रजक, सुरैश प्रजापति, अरविंद यादव, शक्ति चौबे, पिंटू पंडित, राजीव रंजन, प्रदीप ठाकुर, सरविन्द कुमार, अनिता वाडों, ज्योति होरो, सोनी कुमारी, डॉक्टर राजेश कुमार सहित कई पदाधिकारी और जवान मौजूद थे।

### खूंटी की 76 सदस्यीय कराटे टीम पहुंची दुमका

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड के तत्वावघान में एक से तीन सितंबर तक दुमका में आयोजित झारखंड स्टेट सब जूनियर, कैडेट्स एवं जूनियर कराटे चौंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिए खूंटी की टीम दुमका पहुंच गई। जिले का प्रतिनिधित्व करने पहुंची 76 सदस्यीय टीम में 70 खिलाड़ी, दो कोच और एक टीम मैनेजर और तीन नेशनल रेफरी शामिल हैं। टीम के कोच सचिन कुमार तथा मुकेश बोदरा, टीम मैनेजर संतोष गोस्वामी को बनाया गया है। नेशनल रेफरी शादाब खान, शीतल टोपनो तथा बालाजी होरो टूर्नामेंट में तकनीकी रूप से अपना योगदान देंगे। पूरे टूर्नामेंट का संचालन एशियन कराटे फेडरेशन के अधिकृत जज सेंसेई हेजाज असदक करेगे। जानकारी सेंसेई हेजाज असदक ने दी।

### आइआरबी-थ्री के पिपरवार कैंप में सेवानिवृत्त हवलदार को दी गयी विदाई

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** इंडिया रिजर्व बटालियन आईआरबी-थ्री के पिपरवार कैंप में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता डीएसपी जितेंद्र कुमार ने किया। इस समारोह में आईआरबी-थ्री के पिपरवार कैंप से सेवानिवृत हुए हवलदार शिवपूजन प्रसाद को सम्मान के साथ विदाई दी गई। समारोह में उनका स्वागत माला पहनकर व शॉल और श्रीफल देकर उन्हें सम्मानित किया गया। समारोह मे उपस्थित पुलिस अधिकारियों और जवानों ने उनके कार्यकाल की जमकर प्रशंसा की और उनके उज्जवल एवं सुखमय जीवन की कामना की। डीएसपी जितेंद्र कुमार ने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य के साथ सेवानिवृत होना बहुत बड़ी बात है। सेवानिवृत हुए शिवपूजन प्रसाद ने पूरे ईमानदारी और निष्ठा के साथ पुलिस विभाग में अपना योगदान दिया। उनके योगदान को कभी भी बुलाया नहीं जा सकता है। इस मौके पर परेश मंराडी, सुजीत सिंह, शमशेर आलम, सुशील पाण्डेय, संजय यादव आदि उपस्थित थे।

# झारखंड से भेदभाव कर रही केंद्र सरकार : रामेश्वर उरांव



## चान्हो पहुंचे मंत्री रामेश्वर उरांव से जन वितरण प्रणाली दुकानदारों ने की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता

**चान्हो।** प्रखंड के राशन दुकानदार संघ के प्रतिनिधियों ने शुक्रवार को राज्य के खाद आपूर्ति मंत्री रामेश्वर उरांव से मुलाकात कर उनके समक्ष राशन विलंब का मामला उठाया। इस पर मंत्री रामेश्वर उरांव ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार झारखंड के साथ भेदभाव कर रहा है। बावजूद इसके जल्द ही गरीबों का राशन घर तक पहुंचाया जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार युद्ध स्तर पर कार्य कर रही है। बतातें चलें कि मंत्री जी एक निजी कार्यक्रम के तहत चान्हो पहुंचे थे। इस दौरान उनसे मिलने वालों में पूर्व प्रमुख जुल्फान अंसारी, मोहम्मद गयासुद्दीन, जियाउर रहमान, मोहम्मद इब्राहिम और रुक्मिणी भगत आदि शामिल थे।

# रांची एयरपोर्ट पहुंचने पर प्रवीण झा का किया गया भव्य स्वागत



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति दक्षिण पूर्व रेलवे के नवनियुक सदस्य प्रवीण कुमार झा शुक्रवार को दिल्ली से रांची पहुंचे, जहां समर्थकों ने उनका भव्य स्वागत किया और फूलमाला से लाद दिया। उन्हें समिति का सदस्य बनाए जाने पर समर्थको ने हर्ष व्यक्त किया और बधाई दी। वहीं प्रवीण कुमार झा ने कार्यकर्ताओं के प्रति आभार प्रकट किया। स्वागत करने वालों में संजय परमार, अशोक सिंह, राजेश नायक, मुक्तेश सिंह और रतन वर्मा सहित अन्य शामिल थे।

# वाइबीएन विश्वविद्यालय में दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** किसी भी देश की प्रगति के साथ ही उसके नागरिकों के सर्वांगीण विकास के लिये शिक्षा को सबसे महत्वपूर्ण आधार माना गया है। आधुनिक समय की जरूरतों के अनुरूप भारतीय शिक्षा प्रणाली में अपेक्षित बदलाव लाने के लिये केंद्र सरकार द्वारा जुलाई 2020 में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को मंजूरी दी गई। इसके माध्यम से भारतीय शिक्षा परिदृश्य में बड़े बदलावों का दृष्टिकोण प्रस्तुत किया गया है। इसी को लेकर वाईबीएन विश्वविद्यालय में उच्च शिक्षा एनईपी-2020 के संदर्भ में विजन मुद्दे कार्य पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 ने भारतीय शिक्षा प्रणाली में एक नये युग की शुरूआत की है। उच्च शिक्षा के लिये अपनी महत्वाकांक्षी दृष्टि के साथ, इसका उद्देश्य परिदृश्य को ऐसे तरीकों से बदलना है जो रोमांचक और चुनौतीपूर्ण दोनों हों। यह कार्यक्रम एनईपी-2020 में उल्लिखित दृष्टिकोण को साकार करने के लिये आगे आने वाले महत्वपूर्ण मुद्दों और कार्यों पर चर्चा और विचार-विमर्श करने के लिये शिक्षकों, शोधकर्ताओं, नीति निमार्ताओं और विचारकों को एक साथ लाने का प्रयास है। कार्यशाला में प्रो डॉ एसपी सिंह, पूर्व कुलपति वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय (बिहार) ने अनुभवो को साझा किया। आयोजन के दौरान वाईबीएन विश्वविद्यालय प्रशासन समिति के साथ-साथ विश्वविद्यालय के सभी अधिकारी-शिक्षक उपस्थित थे।

# मांडर : कलयुगी बेटे ने की पिता की हत्या

**मांडर/रांची (आजाद सिपाही)।** मांडर थाना क्षेत्र अंतर्गत कंदरी नवाटोली गांव में कलयुगी बेटे द्वारा अपने ही पिता की डंडे से पीट-पीट कर हत्या कर दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक की पहचान दुल्लू उरांव के रूप में हुई है। जबकि आरोपित बेटे का नाम मेंटल उरांव है। जानकारी के अनुसार दुल्लू उरांव की उसके बेटे के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि मेंटल ने अपने पिता दुल्लू पर हमला कर दिया और डंडे से बुरी तरह पिटाई कर दी, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। इसकी सूचना मिलने पर मांडर पुलिस घटनास्थल पर पहुची और कागजी कार्रवाइ के बाद मृतक के शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स अस्पताल भेज दिया। साथ ही हत्या के आरोपी बेटे को भी गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई।

# ट्रैक्टर के धक्के से एक की मौत



**बुढ़मू (आजाद सिपाही)।** बालू लदे अनियंत्रित ट्रैक्टर की चपेट में आने से छापर निवासी अशोक लोहरा नामक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों छापर बस्ती छापर बस्ती मुंडा टोला के रहने वाले थे। घटना बुढ़मू थाना क्षेत्र के करमा चढ़ाई हिंदेगीर पतरातु मुख्य मार्ग के समीप घटित हुई। इसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने घटनास्थल के समीप ही छापर-हेंडेगीर मुख्य पथ को जाम कर मुआवजा की मांग करने लगे। समाचार लिखे जाने तक सूचना पाकर मौके पर पहुंचे बुढ़मू थाना प्रभारी कमलेश राय का प्रदर्शनकारियों से बातचीत जारी थी।

# इटकी में 11 व 12 सितंबर को मनेगा चेहल्लुम

**इटकी (आजाद सिपाही)।** इटकी में चेहल्लुम का त्योहार 11 व 12 सितंबर को मनाया जायेगा। सेंट्रल मोहर्रम कमेटी व मोहर्रम समन्वय कमेटी की शुक्रवार को कलीम अंसारी व इकबाल अंसारी की संयुक्त अध्यक्षता में हुई बैठक में यह निर्णय किया गया। बैठक में नशा पान से वंचित अखाड़ाधारियों को ही जुलूस में शामिल करने का निर्णय लिया गया।

## एलआइसी मांडर शाखा में बीमा सप्ताह कार्यक्रम का उद्घाटन

# रांची में जल्द खुलेगा एलआइसी का मंडल कार्यालय : संजय सेठ

## एलआइसी को लेकर विपक्ष ने लोगों को भ्रमित करने की बहुत की कोशिश, लेकिन हुए नाकाम

आजाद सिपाही संवाददाता

**मांडर।** भारतीय जीवन बीमा निगम का देश के प्रगति में बहुत बड़ा योगदान रहा है। अब भारत पहले जैसा देश नहीं रहा। भारत विश्व की पांचवी इकोनामी बन चुका है। बहुत जल्द ही तीसरी इकोनामी बन जाएगा। उक्त बातें रांची के सांसद संजय सेठ ने भारतीय जीवन बीमा निगम की 67वीं वर्षगांठ पर आयोजित खलारी शाखा मांडर में आयोजित बीमा सप्ताह कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए बतौर मुख्य अतिथि कहा। उन्होंने कहा कि विगत वर्षों में एलआईसी के खिलाफ कुछ दलों द्वारा बीमा धारकों के बीच भ्रम फैलाया गया, जो बिल्कुल निराधार था। फिर से एक बार एलआइसी एक नई ऊंचाई को छूने को तैयार है। सांसद ने आश्वासन दिया कि बहुत जल्द रांची में एलआइसी का मंडल कार्यालय खुलेगा। इस मामले को वे लोकसभा में भी उठा चुके हैं। इसके पूर्व मुख्य अतिथि के मांडर शाखा पहुंचने पर शाखा कर्मचारी व अभिकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर व निगम गीत गाकर किया गया। शाखा प्रबंधक यशवंत भट्ट ने कहा कि एक सितंबर 1956 को ही एलआइसी का राष्ट्रीयकरण किया गया था। देश के सभी कार्यालय में आज भारतीय जीवन बीमा निगम बीमा दिवस के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम का संचालन प्रशासनिक पदाधिकारी राकेश कुमार व धन्यवाद ज्ञापन शाखा प्रबंधक यशवंत भट्ट ने किया। मौके पर डीएन राय, जेपी तिर्की, सुचिता कुजूर, ज्योति लकड़ा, विशाल कमल सिन्हा, अजय सिंह, शुभम कुमार, जेके भगत, समीर सिंह, कृष्णा नायक, संजीव गोप, स्नेहा तिर्की, पुष्पा देवी, अनुराधा कुमारी, विजय रजक, राज किशोर साहू, रविशंकर सहाय, पवन, प्रकाश गुप्ता आदि उपस्थित थे।



एलआइसी के कार्यक्रम का उद्घाटन करते सांसद संजय सेठ व अन्य।

# चेहल्लुम के आयोजन को लेकर हुआ बैठक

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी के प्रेमनगर स्थित हुसैनी इमामबड़ा में शुक्रवार को नगर एक्शन कमेटी के बैनर तले समाजसेवी जाकीर असारी की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें एड़चोरो, बसिला, बरसा, प्रेमनगर सहित आसपास गांव के मुस्लिम समाज के लोग शामिल हुए। बैठक में सर्व सहमति से निर्णय लिया गया कि चेहल्लुम के अवसर पर रविवार को प्रेम नगर स्थित हुसैनी इमाम बड़ा में एक दिवसीय अस्त्र शस्त्र का नुमाइसी खेल का आयोजन किया जाएगा। मौके पर रांची जिला के नगड़ी, रातू, बेड़ों और कर्रा प्रखंड सहित रामगढ़, लोहरदगा और गुमला जिला के विभिन्न गांवों के अखड़ाधारी इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। बैठक में जाकीर अंसारी, यासीन अंसारी, हाजी रकीब अंसारी, माहिर अंसारी, मंजूर अंसारी, इमरान अकमल, समसूल अंसारी, नूरूल होदा, मजीद अंसारी, क्यूम अंसारी, बलकू अंसारी आदि मौजूद थे।

# अगस्त महीने के राशन वितरण में अनियमितता को सुधारें नहीं तो होगा उग्र आंदोलन : गंगोत्री

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सह मांडर के पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ने शुक्रवार को रांची ज़िला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी अल्बर्ट बिलुंग के कार्यालय में मुलाकात की। साथ ही डीएसओ से मिलकर अगस्त महीने के खाद्यान आवंटन को लेकर वार्ता किया। उन्होंने डीएसओ को बताया कि अकाल और त्योहारों के बीच में क्षेत्र के डीलरों द्वारा अंगुठा लगाने के बावजूद आधा खाद्यान्न का वितरण किया जा रहा है। लाभुकों द्वारा डीलर से यह पूछने पर बताया जाता है कि ऊपर से ही कम खाद्यान्न की आपूर्ति की गई है। उन्होंने इस पर संज्ञान लेते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा खाद्यान्न आपूर्ति का आवंटन करने के वावजूद क्षेत्र के लाभुकों तक सुचारू रूप से खाद्यान्नों का वितरण नहीं किया गया तो हम उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस पर जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी ने पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर को आश्वस्त करते हुए कहा कि अगस्त महीने के खाद्यान्न को सितंबर महीने में वितरण किया जाएगा। जो डीलर गलत पाये जाएंगे उन पर कार्रवाई की जाएगी। मौके पर बेड़ो मंडल महामंत्री बलराम सिंह व अभिषेक कुमार आदि मौजूद थे।

# वाहन के धक्के से बाइक पर सवार महिला की मौत, एक गंभीर

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)** रामगढ़ से रांची स्थित बूटी अपने घर लौट रहे बाइक सवार को कलकत्ता पब्लिक स्कूल ओरमांझी के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसकी चपेट में आने से बाइक पर सवार महिला की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि वाहन चला रहा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। डॉ आरबी सिंह अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर ईलाज के लिए रिम्स अस्पताल भेज दिया गया। महिला के शव को भी पोस्टमार्टम के लिए रिम्स अस्पताल भेजा गया। पुलिस की मानें तो मृतक-घायल रिश्ते में मां-बेटे हैं। रक्षा बंधन मनाकर रामगढ़ से अपने घर बूटी लौट रहे थे।

## चिंतित किसान : बेड़ो में सुखाड़ की आशंका

# सूख रहा बिचड़ा और खेतों में लगे धान





आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड क्षेत्र के किसान धान की फसल पर ही आश्रित हैं। पर इस साल वर्षा नहीं होने से खेतों व सुख रहे बिचड़ा व धान लगे खेतो में दरार देखकर किसान सुखाड़ की आशंका से हताश हैं। आलम यह है कि बिना वर्षा के तालाब व कुंआ सूखे पड़े हैं। इस वर्ष प्रकृति की मार के सामने सब बेबस नजर आ रहे हैं। किसानों के माथे पर चिता की लकीरें साफ दिखाई पड़ रही है। जबकि इस समय सभी किसानों के खेत में सब्जी, मक्का व मड़ुआ का फसल लहलहाता था। लेकिन मौसम की बेरूखी से किसान मायुस है। उमस भरी गर्मी और आग उगलते सूर्य से किसान बेबस है। किसान पानी के लिये आकाश की ओर टकटकी लगाय बैठे हैं। वर्षा के अभाव में अब तक किसान रोपनी भी नहीं कर पाये हैं। जो किसान पंपसेट के सहारे रोपनी किए हैं तेज धूप के कारण उनकी फसल खेतों में सुख कर दरार आ गई हैं। प्रखंड 84 गांवों में वर्षा नहीं होने से किसानों में बेचैनी बढ़ने लगी है। धान का बिचड़े को खेतों में लगाने का समय गुजरता जा रहा है। पर्याप्त वर्षा नहीं होने से किसान अपने खेतों में अब तक रोपनी का कार्य नहीं कर पाये हैं। किसानों का कहना है कि यदि वर्षा नहीं हुआ तो धान की फसल पूरी तरह बर्बाद हो जाएगा। जबकि भादो का महीना शुरू हो चुका है। इस महीने में भी खेत सुखे पड़े है, जबकि इस समय धान की रोपनी लगभग समाप्त होने को रहता था। प्रखंड में सूखे की आशंका प्रबल हो चुकी है। पुरियो के किसान नीरज कुजूर ने बताया कि जब सावन व भादो में डोभा, तालाब व कुंआ नहीं भर सका है तो धान की रोपनी किसान अपने खेतों में कहां से कर पाएंगे। मौसम की इस बेरुखी से किसान परेशान हैं। किसान रोपे गये बिचड़े को सुखने से बचाने के लिए पटवन तो कर रहे है, लेकिन पानी कम पड़ रहा है। ऐसे में सुख रहे धान के बिचड़े को देख किसान काफी चिंतित है। चरिमा के किसान पंकज कुजुर, विशेश्वर मिंज और नगड़ी के पवन कुमार विजय कुमार व चंदन कुमार ने बताया कि लगातार वर्षा नहीं होने के कारण रोपनी नहीं हो पायी है। यही नहीं धान का बिचड़ा भी सूख रहा है। लगातार पंपसेट से पटवन करना महंगाई के इस दौर में संभव नहीं है। जबकि इस क्षेत्र के लोगों का मुख्य भोजन चावल ही है। उन्होंने सांसद, विधायक, प्रखंड प्रशासन व स्थनीय जनप्रतिनिधियों से कृषकों के हित में उचित कदम उठाने की मांग की है।

# रातू से युवक लापता पत्नी ने जतायी अपहरण की आशंका



**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के ललितग्राम निवासी साधना पाठक ने शुक्रवार को अपने पति नविन पाठक के अपहरण की आशंका जताते हुए रातू थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। साधना ने ललित ग्राम के ही रहने वाले सोमनाथ पांडेय पर अपहरण का आरोप लगाया है। नवीन ने गुरुवार को पत्नी को बताया था कि सोमनाथ पांडेय के साथ उसका व्यवसाय है। वह रुपये लेने लिए उसके घर जा रहा है। उसके बाद से वह वापस घर नहीं लौटा। नवीन के घर वापस नहीं लौटने पर पत्नी ने अपने भाई आलोक पाठक व विशाल पाठक को ढूंढने के लिए आरोपी के घर भेजा जहां नवीन की कार मिली। मोबाईल भी कार में ही था। काफी खोजबीन के बाद भी नवीन का कुछ पता नहीं चल पाया। इसके बाद साधना ने रातू थाने में सोमनाथ पांडेय के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस आईपीसी की धारा 365 के तहत कांड संख्या 351/23 दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी सोमनाथ पांडेय को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

# इइएफ मैदान में टाईगर जयराम की बदलाव संकल्प सभा 17 सितंबर को, शुरु हुई तैयारी



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** दो साल के भाषा खतियानी आंदोलन के बाद झारखंड की राजधानी में पदार्पण करने जा रही झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति पूरे प्रदेश में बलियापुर की खुला अधिवेशन के बाद बदलाव संकल्प सभा करने जा रही है। जिसमें केंद्रीय अध्यक्ष टाईगर जयराम महतो मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। हजारीबाग, कोडरमा, चतरा आदि जिलों के बाद 17 सितंबर को राजधानी रांची के टाटीसिलवे स्थित ऐतिहासिक इइएफ मैदान में लाखों की भीड़ उमड़ने की संभावना को देखते हुए आयोजन समिति ने झारखंड आंदोलनकारी सह सक्रिय सदस्य लखींद्र महतो की अध्यक्षता में शुक्रवार को टाटीसिलवे के लोला टावर प्रांगण में बैठक की। जिसमें सभा के सफल संचालन एवं प्रचार-प्रसार पर चर्चा की गया। केंद्रीय अध्यक्ष टाईगर जयराम ने पूर्व में ही पूरे प्रदेश के कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया है कि किसी कंपनी प्रबंधन से आयोजन में लगने वाली राशि के लिये सहयोग लेना हमारे समिति के नियम के खिलाफ है। इसलिए सभी आयोजन जन-सहयोग से सफल बनाने के लिये एक अलग बैंक खाता खोला जायेगा। जिसका संचालन समिति के सक्रिय सदस्य राजेश बैठा एवं सरेश महतो द्वारा किया जायेगा। बैठक में आर्मी के रिटायर्ड जुगेश मुंडा, देवेंद्र नाथ महतो, गोविंद महतो, सुमित कुमार महतो, महाबीर महतो, रामपोदो महतो, राजकिशोर महतो, राकेश महतो, कार्तिक बैठा, सुदर्शन प्रसाद, निखिल महतो, रोहित महतो, विवेक, जय मनीराम, सुरेन्द्र महतो, आकाश महतो, नरेश महतो के साथ दर्जनों सदस्य शामिल थे।

# घर के पास खड़े हाइवा से बैटरी की चोरी



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के लोहरदगा रोड निवासी दिलीप कुमार की हाइवा से गुरुवार की रात चोरों ने दो बैटरी व लाइट चोरी कर ली। इस संबंध में भुक्तभोगी दिलीप कुमार ने थाना में आवेदन देकर चोरों के खिलाफ कर्रवाई की मांग की है। भुक्तभोगी ने बताया कि हाइवा घर के पास खड़ी थी। इसी बीच मध्य रात्रि को चोरों ने हाइवा से दो बैटरी व गाड़ी की लाइट को निकाल लिया। शुक्रवार की सुबह उठा तो देखा हाइवा से बैटरी गायब है। इधर-उधर खोजबीन की, लेकिन कहीं नहीं मिला। दिलीप ने बताया कि इससे पहले भी कई बार चोर हाइवा से तेल आदि की चोरी कर चुके है।

# आंगनबाड़ी केंद्र की छत का प्लास्टर गिरा, बाल-बाल बचे लोग

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के लालगंज गांव में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र के छत का प्लास्टर शुक्रवार को अचानक भरभरा कर गिर गया। इस दौरान आगनबाड़ी केंद्र में मौजूद सेविका, सहायिका एवं स्थानीय पालको में खलबली मच गयी। इसकी जानकारी लगते ही स्थानीय लोग भी पहुंच गए। हालांकि इस दौरान किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। घटना के वक्त आंगनबाड़ी की सेविका कौशल्या देवी केंद्र के अंदर ही थी, लेकिन वो बाल बाल बच गई।

# सावन महीने बीतते ही मांस की दुकानों पर टूट पड़े लोग

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** पवित्र श्रावण का महीना खत्म होते ही शुक्रवार को लापुंग में सभी गांव में रखी बांधने आई बहनों का विशेष मेहमान के रूप में स्वागत किया गया। लापुंग के सापुकेरा बसजर में इस दिन सुबह सात बजे से ही खस्सी कटने शुरू हुए और सैकड़ो की भीड़ मांस-मुर्गे की दुकानों में उमड़ पड़ी। सापुकेरा बाजार में 20 क्विंटल खस्सी के मिट की बिक्री हुई। जबकि 10 क्विंटल मुर्गा के साथ ही पांच क्विंटल मछली की भी बिक्री हुई। इसके अलावे अनेक गांव के चौक चौराहा में भी खस्सी-मुर्गा की दुकान में लोग टूट पड़े। कपड़े की दुकानों में भी साड़ी व सूट की खूब बिक्री हुई। रक्षा बंधन के उपरांत सभी घरों में मेहमानों का आगमन हुआ है। मलमास होने के कारण दो माह लोग मांस-मछली से दूर रहे। खस्सी का मांस 700 रुपये किलो, देहाती मुर्गा 400 रुपया किलो और बॉयलर मुर्गा 240 रुपया किलो व मछली 180 रुपया किलो बिकी।

# नवागढ़ स्वास्थ्य उपकेंद्र की ओर से मलेरिया जांच शिविर का आयोजन



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** नवागढ़ स्वास्थ्य उपकेंद्र की ओर से शुक्रवार को खक्सी टोली में निःशुल्क मलेरिया जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें नवागढ़ के अलावा आसपास गांव के लोग भी जांच कराने पहुंचे थे। शिविर में बीपी एवं सुगर के 30 मरीज एवं मलेरिया जांच के लिए 56 लोगों के रक्त की जांच की गयी। जिसमें से दो लोगों का मलेरिया रिपोर्ट पॉजिटिव पाया गया। शिविर के सफल आयोजन में सीएचओ ललीता कुमारी एवं सहयोगी के अलावा दिपेंदर बेदिया आदि का अहम योगदान रहा।

# नरकोपी स्टेशन में पैसेंजर ट्रेन से कट कर युवक की मौत

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के नरकोपी रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार को पोल संख्या 457/ 9-10 के बीच पैसेंजर ट्रेन कटकर एक युवक की मौत हो गई। उसकी पहचान नहीं हो सकी है। घटना की जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी अभिजीत कुमार सदल बल घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस की ओर से शव को अपने कब्जे में लेकर उसकी पहचान सुनिश्चि करने की कोशिश की जा रही है।

# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो लोग घायल

**चान्हो (आजाद सिपाही)।** चान्हो थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग चटवल मोड़ के समीप शुक्रवार को सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए । घायलों की पहचान नहीं हो सकी है। चान्हो पुलिस मौके पर पहुंच कर घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए चान्हो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई है।

## कार्रवाई : दो देसी कट्टा और पिस्टल बरामद, लोगों को धमकाने के दौरान पुलिस ने दबोचा

# कुख्यात फैज खान सहित तीन गिरफ्तार

## गिरफ्तारी से बचने से लिए फैयाज ने पुलिस पर ही तान दी बंदूक

हत्या के मामले में काट चुका है 11 साल की कैद

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर थाना पुलिस ने गुरुवार की रात मुस्लिम नगर व अन्य क्षेत्र में छापामारी कर सजायाफ्ता फैज खान सहित तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा कि गिरफ्तारी से बचने के लिए फैज खान ने पुलिस के उपर पिस्टल तान दिया था। शहर थाना की क्विक एक्शन टीम ने उसे कुछ प्रतिरोध के बाद दबोच लिया। इसकी जानकारी सदर एसडीपीओ ऋषभ गर्ग ने दी। वे शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि गुरुवार की रात 10.30 बजे शहर थाना को सूचना मिली कि मुस्लिम नगर में हत्या की सजा



पकड़े गए आरोपितों की जानकारी देते सदर एसडीपीओ ऋषभ गर्ग व अन्य।

काटकर जेल से बाहर आये फैज खान मुहल्ला में पिस्टल से लोगों को डरा धमका रहा है। वह अपने साथियों के साथ हथियार के लेन देन का काम भी करता है। एसपी व उनकी सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए टीम गठित की गई। इसमें शहर थाना, टीओपी-1 के टाइगर जवान के अतिरिक्त एसडीपीओ, सदर की क्यूआरटी को शामिल किया गया। पुलिस की गठित टीम मुस्लिम नगर पहुंची तो पुलिस के आने की आहट पाकर कई युवक भागते दिखे। हालांकि पुलिस ने उनमें से एक युवक फैज खान को पकड़ लिया। फैज खान पिछले डेढ-दो महीने पहले शहर थाना अंतर्गत हत्या के मामले में 11 साल कैद की सजा काटकर बाहर आया है। फैज की तलाशी लेने पर उसके पास मैगजीन में 7.65 एमएम सात गोली लोडेड एक देशी पिस्टल जब्त किया गया। फैज ने बताया कि वह जमीन के कारोबार से जुड़े अपने विरोधियों की हत्या करने के उद्देश्य से लोडेड पिस्टल रखा था। उसने पुलिस को बताया कि दो देशी कट्टा कुंड मुहल्ला निवासी फेकू खान के मार्फत पहाड़ी मुहल्ला के श्मशान घाट के निकट रहने वाले विक्की राईन को रखने के लिए दिया है। इस सूचना पर पुलिस ने फेकु खान से पूछताछ करने के बाद शहजाद आलम उर्फ विक्की राइन के घर से दो देशी कट्टा बरामद किया। इस संबंध में अवैध तरीके से आग्नेयास्त्र रखने के आरोप में तीनों के विरूद्व शस्त्र अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए गिरफ्तार किया गया। छापामारी टीम में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा, टीओपी वन प्रभारी रेवा शंकर राणा समेत कई अन्य पुलिस जवान शामिल थे।

## बाबूलाल मरांडी के हुसैनाबाद आगमन व संकल्प यात्रा को लेकर कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह : वीडी राम

भाजपा ने की बैठक, बाबूलाल के संकल्प यात्रा को सफल बनाने का दिया गया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू भाजपा की बैठक शुक्रवार को जपला स्थित होटल रिद्धी सिद्धि में हुई। जिसमें झारखंड के नए प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के संकल्प यात्रा को लेकर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता एवं संचालन हुसैनाबाद नगर महामंत्री श्रावण अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में हुसैनाबाद विधानसभा के कार्यक्रम प्रभारी सांसद पलामू विष्णु दयाल राम भी मौजूद रहे। सांसद बीड़ी राम ने कहा कि बाबूलाल मरांडी के हुसैनाबाद आगमन एवं उनके संकल्प यात्रा को लेकर भाजपा के कार्यकताओं में काफी उत्साह है।



बैठक में शामिल पलामू सांसद बीडी राम व अन्य।

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ता जोरशोर से जूट जाएं। भाजपा नेता विनोद सिंह ने कहा कि कार्यक्रम को लेकर भाजपा तैयारी में जुटी है। जगह-जगह बाबूलाल मरांडी जी का स्वागत किया जाएगा। हुसैनाबाद के अनुमंडल मैदान में एक विशाल जनसभा होगी, जिसे बाबूलाल मरांडी संबोधित करेंगें। बैठक को प्रदेश कार्य समिति सदस्य कामेश्वर कुशवाहा, रविंद्र सिंह, कर्नल संजय सिंह ने भी संबोधित किया। इस मौके पर जिला मंत्री संतोष सिंह, जिला सोशल मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह, ईश्वरी पांडे, अखिलेश्वर मेहता, उमेश चंद्र शिव, नरेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, रंजीत पासवान, उदयनाथ विश्वकर्मा, दशरथ यादव, छोटू सिंह, अमित कुमार, संतोष यादव, कुंदन विश्वकर्मा, ललन यादव, मधुसूदन पाठक शशि कुमार, धनंजय चौधरी, राजेश कर्ण, रंजीव सिंह, सोनू कुमार सिंह, संतोष कुमार आदि मौजूद रहे।

## सम्मान मिलने से बच्चों को मिलती है आगे बढ़ने की प्रेरणा : राजू मेहता



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के देवरी खुर्द निवासी सोनू कुमार जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा में उत्तीर्ण हुआ है। उसके उतीर्ण होने पर विद्यालय व गांव के लोगों में हर्ष हैं। उनकी इस सफलता पर उत्तरी जीप सदस्य राजू मेहता ने हौसलाअफजाई करते हुए उन्हें पठन-पाठन समाग्री देकर सम्मानित किया एवं उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जीप सदस्य ने कहा कि सोनू बचपन से अपने क्लास में मेधावी रहा हैं उसे सम्मानित इसलिए किया कि आगे अन्य बच्चों के अंदर छिी हुई प्रतिभा बाहर आये और हमारे क्षेत्र के बच्चों में प्रतियोगिता की भावना जगे। वह हर प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करें, जिससे क्षेत्र का नाम रोशन हो। विदित हो कि जवाहर नवोदय विद्यालय जपला में प्रवेश के लिए क्षेत्र के 11 प्रखंड के बच्चे शामिल होते है जिसमें 40 बच्चों का चयन किया जाता हैं। उसी के आधार पर उसका आगे का बेहतर भविष्य निर्माण होता हैं। सोनू कुमार, बृजमोहन मेहता व उषा देवी का पुत्र हैं। उसकी सफलता पर माता-पिता एवं पूरे परिवार के लोगों ने खुशी जाहिर की हैं। इस मौके पर समाज सेवी सुरेश मेहता समेत कई अन्य लोगों ने उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## पीपरा प्रमुख ने काटी कई प्रखंड कर्मियों की हाजिरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** पिपरा प्रखंड के प्रमुख विक्रांत सिंह यादव नए तेवर में दिखें। उन्होंने शुक्रवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय पहुंचकर कर्मियों की उपस्थिति का निरीक्षण किया। इस दौरान अंचल के तीन कर्मी और प्रखंड कर में 14 अनुपस्थित पाए गए। जिसके बाद प्रखंड प्रमुख ने उपस्थिति पंजी मंगाकर अनुपस्थित कर्मियों की हाजिरी रजिस्टर में ही काट दी। इस कार्रवाई से सभी कर्मियों में हड़कंप मच गया। अनुपस्थित कर्मियों में रोजगार सेवक अभियंता प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, जनसेवक कृषि पदाधिकारी और कंप्यूटर ऑपरेटर सहित अन्य कर्मी शामिल है। प्रमुख विक्रांत सिंह यादव ने बताया कि प्रखंड कार्यालय की उपस्थिति पंजी की जांच करने पर जानकारी मिली कि बगैर सूचना के कर्मी कार्यालय से गायब हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार सभी लोगों का एक साथ अनुपस्थित रहना प्रखंड सह अंचल कार्यालय की लचर व्यवस्था दिखाती है। अगर आगे यही स्थिति बनी रही तो कर्मी कार्रवाई के लिए तैयार रहे।

## डीसी के जनता दरबार में फरियादियों की भीड़, समाधान का आश्वासन



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू डीसी शशि रंजन ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार आयोजित किया। जिसमें लोगों की समस्याओं को बारी-बारी से सुना और निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया। जनता दरबार में भूमि सीमांकन, भूमि विवाद, राशन, अवैध कब्जा, रास्ता बंद हो जाने और मुआवजा आदि समस्याओं को लेकर लोग उपस्थित हुए। जनता दरबार में चैनपुर के चांदो से आये कृष्णा सिंह ने आंगनवाड़ी में काम कराने के बावजूद भुगतान नहीं करने के संबंध में आवेदन दिया। इसी तरह काजल कुमारी ने डीसी को बताया कि उनके पति की 13 दिसंबर 2022 को गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी जिसके बाद से वो असहाय है। उन्होंने डीसी से बच्चों के भरण-पोषण व रहने के लिये आवास की मांग की। इस पर डीसी ने डीडीसी को उक्त महिला को आवास की स्वीकृति प्रदान करवाने को लेकर निर्देशित किया।

## डीडीसी ने नावाबाजार में संचालित योजनाओं का किया औचक निरीक्षण



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू डीडीसी रवि आनंद ने शुक्रवार को जिले के नवाबाजार प्रखंड क्षेत्र में मनरेगा योजना अंतर्गत संचालित कार्य, बागवानी, सीपीटी एवं आवास की योजनाओं का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कुम्भी कलां पंचायत अंतर्गत ग्राम तामदगा में दुत्कालो देवी के खेत मे संचालित हो रहे आम बागवानी में पौधरोपण भी किया। इसके बाद योजना स्थल पर जिंदा घेरान करने का निर्देश दिया, ताकि जानवरों से पौधो का बचाव किया जा सके। इसके बाद सबंधित पदाधिकारी को सीपीटी के निर्माण कार्य को तेजी लाते हुए पूरा कराने का निर्देश दिया। डीडीसी ने मनरेगा अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यों एवं अधूरे पड़े पीएम आवास के निर्माण कार्य को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। कहा कि राज्य सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं को शत प्रतिशत लाभुकों तक पंहुचे इसके लिए जिला प्रशासन पूरी तत्परता से लगी है। मनरेगा योजना व पीएम आवास जैसे कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाई जाती है तो सबंधित लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। दूसरी ओर डीडीसी ने नावाबाजार प्रखंड में लंबित प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत लंबित आवास के लाभुकों के साथ सीधा संपर्क स्थापित कर जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित कर्मियों को कड़ी फटकार लगाते हुए क्षेत्र भ्रमण करने का निर्देश दिया। नावाबाजार के कुम्भी कलां में पंचायती राज के अंतर्गत लगे जल मीनार को बंद पड़े देख उन्होंने पंचायत सचिव को कड़ी फटकार लगाई एवं दो दिनों के अंदर उसे दुरुस्त करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में परियोजना पदाधिकारी, मनरेगा जिला समन्वयक आवास, प्रशिक्षण समन्वयक आवास, नावाबाजार बीडीओ, प्रखंड समन्वयक, पंचायत सचिव आदि उपस्थित थे।

## कांग्रेसियों ने जिला अध्यक्ष को किया सम्मानित



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू जिला कांग्रेस कार्यालय प्रभारी जितेंद्र कमलापुरी के नेतृत्व में पार्टी के जिला कार्यकर्ताओं ने पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन उर्फ बिट्टू पाठक को सम्मानित किया। सभी ने एक स्वर में कहा कि पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बिट्टू पाठक के नेतृत्व में कांग्रेस भवन की चहारदिवारी निर्माण का कार्य जो शुरू हुआ है निश्चित रूप से जिला अध्यक्ष बधाई के पात्र हैं। कांग्रेसियों ने कहा कि जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक के नेतृत्व में संगठन को पंचायत स्तर तक मजबूत करने के साथ-साथ अन्य जो भी कार्य हो रहा है वह सराहनीय है। इस बात पर हम सभी को गर्व होता है क्योंकि उन्होंने यह कार्य करके जिले में दिखाया है कि संगठन सर्वोपरी है। मौके पर कामेश्वर तिवारी, विनोद तिवारी, शमीम अहमद राइन, ईश्वरी प्रसाद सिंह आदि थे।

## विद्यार्थी परिषद ने किया जीएलए कॉलेज के प्राचार्य का घंटों घेराव

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** विद्यार्थी परिषद की ओर से गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय में शैक्षणिक अराजकता का आरोप लगाते हुए कॉलेज अध्यक्ष विपिन यादव के नेतृत्व में सियूइटी के छात्रों एवं पूर्व में दिए ज्ञापन पर उचित कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में परिषद के कार्यकर्ताओं ने प्राचार्य का घेराव किया। महाविद्यालय प्रबंधन से मांग की कि सियूइटी के छात्रों के नामांकन के लिए दो दिनों का अतिरिक्त समय महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा बढ़ाए नहीं जाने से उनका भविष्य अधर में लटका हुआ है। महाविद्यालय में जमें कचरे को प्रबंधन अविलंब सफाई कराएं। सभी कक्षाओं में पंखे एवं साफ सफाई का समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें, लैब में किसी भी प्रकार की सुविधा न होना दुर्भाग्यपूर्ण है। जंतु विज्ञान के विद्यार्थियों का आंतरिक एवं प्रायोगिक परीक्षा का अंक और उपस्थिति प्रपत्र विश्वविद्यालय को भेजा जाए, ताकि परीक्षा परिणाम



अविलंब निकाला जा सके। इस पर प्राचार्य ने छात्रों को स्पष्ट किया कि सियूईटी के छात्रों को नामांकन के लिए दो दिनों का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। साथ ही सभी विषयों पर अविलंब कार्रवाई की जाएगी। परिषद के प्रदेश सोशल मीडिया प्रमुख रोहित देव ने कहा कि पलामू जिले में प्रतिष्ठित महाविद्यालयों में से एक गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय की स्थिति दिन प्रतिदिन दैनिय होती जा रही है। महाविद्यालय में पैसे का बंदरबांट और छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। प्रबंधन इसे अविलंब ठीक करें अन्यथा विद्यार्थी परिषद आंदोलन करेगा।

इस मौके पर विनीत पांडे, गोविंद मेहता, मुकेश कुमार मेहता, जितेंद्र प्रजापति, कनक सिंह, कंचन कुमारी, लवली आदि थे।

## पांकी मे दो धुमकुड़िया भवन और दो सरनास्थल घेराबंदी का शिलान्यास



**पांकी/ पलामू (आजाद सिपाही)।** पांकी प्रखंड क्षेत्र के खजुरी गांव में विधायक प्रतिनिधि प्रकाश मेहता व निजी सचिव प्रो बच्चन ठाकुर ने शुक्रवार को नवडीहा पंचायत के बरनाही व परसावां में धूमकूड़िया भवन का शिलान्यास किया। इसके अलावे ताल पंचायत के खजुरी गांव में अलग-अलग दो स्थानों पर सरनास्थल घेराबंदी का शिलान्यास किया। प्रो बच्चन ठाकुर ने कहा कि विकास के पैमाने को सही मायने में जनता आकलन कर रही है। पिछले कार्यकाल के जनप्रतिनिधियों की तुलना में वर्तमान विधायक का कार्य काफी सराहनीय है। विधानसभा क्षेत्र के सुदूरवर्ती गावों को शहर से जोड़ने वाली पथों का कार्य शुरू है। इसमें गुणवत्ता का ध्यान स्थानीय लोगों को भी देना है, ताकि निगरानी हो सके। मौके पर सुनिल गुप्ता, बनवारी सिंह, धमदेव सिंह, बिन्देश्वरी यादव, जयराम सिंह, बिरेन्द्र यादव, संजय सिंह आदि उपस्थित थे।

## यहां के लोग खेल प्रेमी हैं: थाना प्रभारी

- शहीद एतवा उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट-2023
- पूना हीरा ने जीता उद्घाटन मैच, पुलिस इंस्पेक्टर और मांडर थाना प्रभारी ने किया पांच दिनी शहीद एतवा उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शहीद एतवा उरांव स्मारक न्यास और युवा विकास क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रांची जिला अंतर्गत मांडर प्रखंड के बुढ़ाखुखरा स्थित खेल मैदान में एक सितंबर, 2023 को शहीद एतवा उरांव फुटबॉल टूनामेंट-2023 का उद्घाटन मैच पूना हीरा नागपुर तिगरा, रातू ने रोमांचक मुकाबले में 1-0 से जीत कर अगले राउंड में प्रवेश किया। उद्घाटन मैच एक खिलाड़ी दस अनाड़ी और पूना हीरा नागपुर तिगरा, रातू के बीच खेला गया।

इससे पहले सभी अतिथियों ने शहीद एतवा उरांव की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। उसके बाद मुख्य अतिथि अवधेश ठाकुर (पुलिस इंस्पेक्टर मांडर), विशिष्ट अतिथि श्री विनय यादव (मांडर थाना प्रभारी), फिलिप एक्का (मांडर प्रमुख) श्रीमती सोहती एक्ता (मुखिया, बंझिला पंचायत), प्रकाश उरांव (मुखिया, मांडर पंचायत), प्रेमचंद्र एक्का (मुखिया, कंजिया पंचायत) आदि ने खिलाड़ियों से परिचय कर और अवधेश ठाकुर, पुलिस इंस्पेक्टर मांडर ने फुटबॉल को किक कर टूनामेंट का उद्घाटन किया। अतिथियों के खेल मैदान पहुंचने पर उत्साहित ग्रामीणों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों और





रांची स्थित मांडर प्रखंड के बुढ़ाखुखरा स्थित खेल मैदान में शुक्रवार को टूर्नामेंट के उद्घाटन के मौके पर खिलाड़ियों, आयोजकों व दर्शकों को संबोधित करते विनय यादव, मांडर थाना प्रभारी और साथ में मौजूद मुख्य अतिथि अवधेश ठाकुर, पुलिस इंस्पेक्टर मांडर, सोहती एक्ता (मुखिया, बंझिला पंचायत) व अन्य।

आयोजन समिति के सदस्यों का हौंसला बढ़ाया। उन्होंने आयोजकों द्वारा इस शानदार टूनामेंट के आयोजन के लिए बधाई दी। साथ ही टूनामेंट में हर तरह के सहयोग की बात कही। उन्होंने कहा कि यहां के लोग खेल प्रेमी हैं और खेल का आनंद पूरे अनुशासन में रहकर उठाते हैं।

### मैच का विवरण

शुक्रवार को खेले गए अन्य मैच में जय सरना संघ मुरजुली ने संत अन्ना इंटर कॉलेज मांडर मिशन को ट्राइब्रेकर में 5-4, एमएफए हतिया गोंद कांके ने पूर्वी छोटानागपुर कोयल संगम बारटोली को 1-0, व सनराइज एफसी दलादिली रांची ने वासिम एफसी नावाटांड़ टांगरबसली को ट्राइब्रेकर में 7-6 गोल से हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया।

पूना हीरा नागपुर तिगरा रातू ने कड़े संघर्ष में जय सरना संघ मुरजूली को 1-0, एमएफए हतिया गोंदा कांके ने ट्राइब्रेकर में सनराइज एफसी दलादिली रांची को 3-1 और एमएफए हतिया गोंदा कांके ने ट्राइब्रेकर में पूना हीरा तिगरा रातू को 3-1 गोल से शिकस्त देकर अगले चक्र में अपना स्थान पक्का कर लिया। समिति के अध्यक्ष मो. शकिब (छोटू), पितरुस खलखो, खेल प्रभारी फ्रांसिस जेवियर खलखो, वाजिद खान (गोरे), तारिक अंसारी, मो. अबदुल, विनोद खलखो, प्रदीप केवट, मो. रशीद, लखो उरांव, इरफान, रकीब, पते उरांव राजासहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। दो सितंबर का उद्घाटन मैच एलकेटी करमटोली लोयो और संत जेवियर्स इंटर कॉलेज मांडर के बीच खेला जाएगा।

# स्पोर्ट्स



भारत के महान शतरंज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद ने 37 साल बाद अपनी बादशाहत गवां दी है। 17 साल के ग्रैंडमास्टर डी गुकेश अब सबसे बेहतरीन रैंकिंग वाले भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं।

## शतरंज : चेन्नई के 17 साल के खिलाड़ी ग्रैंड मास्टर डी गुकेश ने छीनी बादशाहत

# विश्वनाथन आनंद ने 37 साल बाद गंवाया भारत के शीर्ष खिलाड़ी का ताज

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत के महान शतरंज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद ने 37 साल बाद अपनी बादशाहत गंवा दी है। अब वह देश के सबसे बेहतरीन रैंकिंग वाले खिलाड़ी नहीं हैं। 17 साल के ग्रैंडमास्टर डी गुकेश अब सबसे बेहतरीन रैंकिंग वाले भारतीय शतरंज खिलाड़ी हैं। आनंद ने तीन दशक से अधिक समय के बाद भारत के शीर्ष शतरंज खिलाड़ी का ताज गंवाया है। आनंद जुलाई 1986 से भारत के शीर्ष खिलाड़ी बने हुए थे। चेन्नई के 17 वर्षीय गुकेश हाल ही में बाकू में फिडे विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में मैग्नस कार्लसन से हार गए थे। हालांकि, वह



फाइड रैंकिंग में आनंद से आगे निकलकर विश्व में 8वें नंबर पर पहुंच गए हैं। गुकेश पहली बार फाइड रेटिंग सूची में शीर्ष 10 में शामिल हुए हैं। पांच बार के विश्व चैंपियन आनंद अब 9वें स्थान पर हैं। एक सितंबर से प्रभावी फाइड रेटिंग के अनुसार, गुकेश की रेटिंग 2758 है जबकि आनंद की रेटिंग 2754 है। गुकेश को एक अगस्त के बाद से रेटिंग सूची में तीन स्थान का फायदा हुआ है।

शतरंज की दुनिया के सबसे युवा उपविजेता बनने वाले प्रगननानंदा 2727 की रेटिंग के साथ सूची में 19वें नंबर पर पहुंच गए हैं। वह गुकेश और विश्वनाथन आनंद के बाद भारत के तीसरे नंबर के खिलाड़ी हैं। वर्तमान में फाइड रैंकिंग में शीर्ष 30 में पांच भारतीय हैं और उनमें विदित संतोष गुजराती (27 नंबर) और अर्जुन एरिगैसी (29 नंबर) शामिल हैं। अनुभवी पी हरिकृष्णा 31वें स्थान पर हैं। गुकेश ने बाकू में विश्व कप के दौरान लाइव वर्ल्ड फाइड रैंकिंग में अपने आदर्श और गुरु आनंद को पीछे छोड़ दिया था। आनंद एक जुलाई, 1986 से भारत के शीर्ष खिलाड़ी बने हुए थे। उन्होंने 37 वर्षों से अधिक समय के बाद शीर्ष स्थान गंवा दिया है। गुकेश ने हाल ही में विश्व कप के दूसरे दौर में अजरबैजान के मिसरतदीन इस्कंदरोव को हराया था, जिसके बाद अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ ने एक्स पर अपने पोस्ट में लिखा था गुकेश डी ने आज फिर से जीत हासिल की और लाइव रेटिंग में विश्वनाथन आनंद को पछाड़ दिया। एक सितंबर को अगली आधिकारिक फाइड रेटिंग सूची आने में अभी भी लगभग एक महीना है, लेकिन इसकी अत्यधिक संभावना है कि 17 वर्षीय खिलाड़ी दुनिया में सबसे अधिक रेटिंग वाले भारतीय खिलाड़ी के रूप में शीर्ष 10 में जगह बना लेगा। गुकेश और प्रगननानंदा, जिन्हें आगामी एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में चुना गया है, कोलकाता में एक तैयारी शिविर में भाग लेंगे और फिर पांच सितंबर से टाटा स्टील शतरंज इंडिया टूर्नामेंट में भाग लेंगे।

### गैंगस्टर प्रिंस के घर दूसरी बार हुई कुर्की जब्ती की कार्रवाई

# पुलिस जेसीबी लेकर पहुंची थी प्रिंस के घर

## धनबाद सीओ और बैंक मोड़ थाना प्रभारी के नेतृत्व में हुई कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद के लिए आतंक का प्रायः बन चुके गैंगस्टर प्रिंस खान के घर में शुक्रवार को न्यायालय के आदेश पर कुर्की जब्ती की कारवाई की गई। इस दौरान धनबाद सीओ प्रशांत लायक और बैंक मोड़ थाना प्रभारी प्रभात रंजन पूरे फोर्स के साथ जेसीबी मशीन लेकर कारवाई पूरी करने पहुंचे थे। फरार चल रहे प्रिंस के घर यह दूसरी बार कुर्की जब्ती की कारवाई हुई। इससे पहले 2022 में भी उसके घर की कुर्की जब्ती हो चुकी है। कुर्की करने पहुंची पुलिस की टीम ने प्रिंस के घर के खिड़की दरवाजे तक कबाड़ कर अपने साथ ले गयी। वहीं घर के सामने बने ऑफिस का ताला तोड़ कर वहां बने जिम के सभी सामानों को जब्त कर पुलिस अपने साथ ले गयी। **मामा फहीम के बेटे साहेबजादे से रंगदारी मांगने के मामले में हुई कुर्की :** शुक्रवार को कुर्की की कारवाई प्रिंस खान के भाई गोपी खान के विरुद्ध की गई। 2015 में मामा फहीम के बेटे साहबजादे को धमकी और रंगदारी देने के मामले में उक्त कारवाई की गई है। बता दें इससे पहले 23 अगस्त को बैंक मोड़ थाना प्रभारी प्रभात रंजन पांडेय ने प्रिंस व गोपी के घर इश्तेहार चिपकाया था साथ ही पूरे गाजे बाजे के साथ प्रिंस के घर पहुंचे थे और माइक से मुनादी कराया था। पुलिस ने बताया कि 2015 से उसके खिलाफ बैंक मोड़ थाने में मामला दर्ज है तभी से गोपी फरार है। इस मामले में न्यायालय ने इश्तेहार जारी किया था। इश्तेहार का तामिला कराया गया था। इश्तेहार के अनुसार एक महीने के अंदर अगर प्रिंस खान और गोपी खान कोर्ट में सरेंडर नहीं करता है तो उनके घर की कुर्की की कारवाई जाएगी। **घर से निकला धार्मिक ग्रन्थ कुरान तो लोगों ने कहा प्रिंस ने भी पढ़ लिया होता उसे ये दिन नहीं देखना पड़ता :** कुर्की की कारवाई के दौरान प्रिंस के घर से पुलिस को इस्लामिक ग्रन्थ कुरान मिला। पुलिस ने कुरान को ससम्मान कमर मखदुमी रोड स्थित मस्जिद में रखवा दिया। जब स्थानीय लोगों को प्रिंस के घर कुरान मिलने की बात का पता चला तो दबी जुबान में सभी कहने लगे कि काश प्रिंस खान और उसके भाई इस ग्रन्थ को पढ़ लिए होते तो आज समाज के लिए नासूर नहीं बनते और न ही उन्हें यह दिन देखना पड़ता। साथ ही उनके परिजन में सम्मान के साथ अपनी जिंदगी गुजर बसर करते। बताते चलें कि कुछ दिन पहले ही प्रिंस खान के पिता ने भी कोर्ट में सरेंडर कर दिया था जिसके बाद से वे भी जेल में हैं।



### प्रिंस के खिलाफ इंटरपोल ने रेड और ब्लू कॉर्नर नोटिस कर चुकी है जारी

फरार गैंगस्टर प्रिंस खान के खिलाफ इंटरपोल ने रेड और ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी कर यूएई की सुरक्षा एजेंसी को भेज दिया है। झारखंड एटीएस द्वारा भी प्रिंस के खिलाफ कारवाई की जा रही है। इसके अलावा इंटरपोल की ओर से प्रिंस खान के बारे नेशनल सिक्यूरिटी काउंसिल को भी जानकारी दी गयी है। उल्लेखनीय है कि धनबाद से पासपोर्ट बनवाने के बाद प्रिंस खान विदेश भाग गया था। धनबाद पुलिस और एटीएस द्वारा प्रिंस की खोज शुरू हुई तो इस बात का खुलासा हुआ था। पुलिस द्वारा प्रिंस का पासपोर्ट रद्द करने को लेकर भी कार्रवाई पूर्व में की गयी थी।

# अगस्त माह में बोकारो स्टील प्लांट ने बनाये नये कीर्तिमान



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट ने परिचालन में समग्र रूप से उत्कृष्टता के साथ नई ऊंचाइयों को छुआ है। प्लांट की सभी प्रमुख इकाइयों ने पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में अगस्त, 2023 के दौरान वृद्धि दर्ज की है। पिछले वर्ष की तुलना में अगस्त 2023 के महीने में हॉट मेटल उत्पादन में 15% की वृद्धि, क्रूड स्टील उत्पादन में 11.7% की वृद्धि और सेलेबल स्टील उत्पादन में 18.1% की वृद्धि हुई। अगस्त माह में कोक ओवन और कोल केमिकल्स , एसएमएस-न्यू तथा हॉट रोल्ड कॉइल फिनिशिंग जैसी प्रमुख उत्पादन इकाइयों ने उत्पादन लक्ष्य का 100% हासिल किया, जबकि हॉट स्ट्रिप मिल ने अपने उत्पादन लक्ष्य का 99% हासिल किया। कोल्ड रोलिंग मिल (सीआरएम-3) की पीएलटीसीएम, बीएएफ और एसपीएम-3 इकाइयों में भी पहली बार उत्पादन लक्ष्य में 100% उपलब्धि हासिल की गयी। एक सितंबर को बीएसएल के अधिशासी निदेशक (संकार्य) श्री बीके तिवारी ने अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) श्री राजन प्रसाद के साथ इन विभागों का दौरा किया और इस्पातकर्मियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। इस अवसर पर इन विभागों के मुख्य महाप्रबंधक, वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि अगस्त, 2023 माह में एसएमएस न्यू विभाग में हीट ब्लोन, हीट कास्ट एवं क्रूड स्टील उत्पादन में नया दैनिक उत्पादन रिकॉर्ड और सीआरएम-3 के पीएलटीसीएम एवं बीएएफ में भी नया दैनिक उत्पादन रिकॉर्ड बने। गत माह कोक ओवेन में 510 ओवन पुशिंग, ब्लास्ट फर्नेस में चार फर्नेस परिचालन के साथ रिकॉर्ड 3,88,956 टन हॉट मेटल उत्पादन, एसएमएस-न्यू से 80,972 टन क्रूड स्टील उत्पादन, एचएसएम से 3,73,230 टन एचआर कॉइल उत्पादन, सीआरएम-3 से 66,131 टन सीआर सेलेबल सहित 3,67,989 टन सेलेबल स्टील डिस्पैच के साथ प्लांट ने अब तक का सर्वश्रेष्ठ अगस्त महीने का उत्पादन हासिल किया है। अगस्त माह में रिकॉर्डों की श्रृंखला में सीआरएम-3 के पीएलटीसीएम, बीएएफ और एसपीएम -3 सहित सेलेबल स्टील के उत्पादन में भी एक नया मासिक रिकॉर्ड बना। इन उपलब्धियों के अलावा, एसएमएस न्यू में कनवर्टर डी1 के लिए रिकॉर्ड लाइनिंग लाइफ 1717 हासिल की गयी, जबकि कुछ प्रमुख टेक्नो-इकोनोमिक मानकों जैसे बी.एफ. प्रोडक्टिविटी, कोक रेट और विशिष्ट ऊर्जा खपत, बिजली खपत / टी बीएफ कोक, ग्रॉस सिंटर, हॉट मेटल, एचआर कॉइल इत्यादि में भी बेहतरी दर्ज की गयी।

### छात्राओं और शिक्षकों को दिलायी गयी शपथ

**चिरकुंडा।** शुक्रवार को मध्य विद्यालय एगयारकुड में स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के तत्वाधान में विद्यालय में उपस्थित 389 छात्राओं एवं शिक्षक के द्वारा स्वच्छता शपथ का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार झा ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जाना है इस कार्यक्रम का आयोजन 1 सितंबर से 15 सितंबर तक होगी इस कार्यक्रम में स्वच्छता शपथ दिवस, स्वच्छता जागरूकता दिवस, सामुदायिक भागीदारी दिवस, विद्यालय में हरियाली हेतु अभियान, स्वच्छता भागीदारी दिवस पर विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता, हाथ धुलाई दिवस, व्यक्तिगत स्वच्छता दिवस, स्वच्छता पर आधारित विद्यालय में प्रदर्शनी दिवस, स्वच्छता कार्य दिवस ,पुरस्कार वितरण दिवस विभिन्न तिथियां को आयोजित की जाएगी।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, कोडरमा**

**आवश्यक सूचना**



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कोडरमा थाना अन्तर्गत एक लापता बच्चा, जिसका हुलिया इस प्रकार है। उम्र–06 वर्ष, रंग–सांवला, यदि किसी को उक्त लापता भोला कुमार, के बारे में जानकारी मिले तो इसकी सूचना निम्नलिखित पता/मोबाईल नंबर पर दें।

पुलिस अधीक्षक, कोडरमा :–9431706350, 06534–252868,
अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, कोडरमा:–9431706351,
थाना प्रभारी कोडरमा :–7004072891,

पुलिस अधीक्षक,
कोडरमा।

PR.NO.305962 Police(23-24):D


# पांच एमटी सोलर कोल्ड रूम के लिए चार पैक्स का चयन



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** उपायुक्त वरुण रंजन की अध्यक्षता में सोमवार को 5 एमटी क्षमता के सौर ऊर्जा चालित मिनी कोल्ड रूम के निर्माण के लिए चार पैक्स तथा क्ष वित्तीय वर्ष 2023 - 24 में नोडल पैक्स/व्यापार मंडल को कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराने के लिए चार पैक्स का चयन माननीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। 5 एमटी क्षमता के सौर ऊर्जा चालित मिनी कोल्ड रूम के लिए कलियासोल प्रखंड के सिमुदान पैक्स (प्रस्तावित नाम उरमा पैक्स), निरसा प्रखंड के घाघरा पैक्स, बलियापुर के रघुनाथ पैक्स तथा टुंडी प्रखंड के केशका राजाभिट्टा पैक्स लिमिटेड का चयन किया गया। वहीं नोडल पैक्स/व्यापार मंडल को कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराने के लिए तोपचांची के ब्रह्मणडीहा पैक्स, गोविंदपुर के गोविंदपुर पैक्स, बलियापुर के रघुनाथपुर पैक्स तथा निरसा के निराशा चट्टी पैक्स का चयन किया गया। बैठक में विधायक टुंडी मथुरा प्रसाद महतो ने शिक्षित बेरोजगार सहयोग समितियां को रोजगार उपलब्ध कराने तथा लोगों की राशि लेकर फरार हो जाने वाले पैक्स संचालकों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने का अनुरोध किया। सहयोग समितियां को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए उपायुक्त ने बीसीसीएल के साथ बैठक कर समस्या का समाधान करने का भरोसा दिया। बैठक में उपायुक्त और टुंडी विधायक मथुरा महतो के के झरिया विधायक के प्रतिनिधि के.डी. पांडेय, जिला सहकारिता पदाधिकारी रूमा झा व अन्य लोग मौजूद थे।

# आंगनबाड़ी सेविका के घर नगदी सहित लाखों की चोरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोयाबाद।** रक्षाबंधन में भाई के घर राखी बांधने गई आंगन बाड़ी सेविका रंजु देवी के घर की महंगी सामान को रात में चोरों ने साफ कर दिया। जेवरात नकदी समेत करीब एक लाख से अधिक की संम्पत्ति ले भागे।घटना लोयाबाद से सटे एकड़ा झारखंड मोड़ हनुमान मंदिर के पास की है। रंजू के पति रंजीत बैंक में प्यून का काम देखते है।ताला तोड़ कर घटना को अंजाम दिया गया। एलईडी टीवी ,रंजु देवी की महंगी साड़ी,और बेटी की महंगी ड्रेस सहित सोना का बाली,नाक का बेसर,और लॉकर में रखा हुआ 60 हजार नकदी चोरी हुआ है।अनुमानित कीमत एक लाख से अधिक बताई जा रही है। घटना की जानकारी तब हुई जब रंजीत अपनी पत्नी और बच्चे के साथ सुबह में ससुराल से लौटकर आया था,बाहर का दरवाजा का हालात से उसे शक हो गया कि कुछ अनहोनी हो चुका है,जब रंजीत आंगन में आया तो घर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था,टीवी गायब थी,घर के सामान बिखरा पड़ा था।आलमीरा तोड़कर एक एक चीज सोना का बेसर 4 पीस कान की बाली एक जोड़ी,पायल एक सेट,सहित आधार, पैन कार्ड एटीएम पासबुक सहित कई अहम दस्तावेज लेकर भाग गया।रणजीत ने पुलिस से लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।उसे शक है कि ये आसपास के ही लोग का काम है।


**झारखण्ड सरकार**
**खान एवं भूतत्व विभाग जिला खनन कार्यालय, लातेहार**

**(आम सूचना)**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लातेहार जिले के लघु खनिजों (बालू खनिज को छोड़कर) के तैयार जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट को लातेहार जिले के Website-latehar.nic.in पर प्रकाशित किया गया है, जिसके माध्यम से आम जनता/सर्वसाधारण को उपलब्ध करायी जाती है। 21 दिनों के अन्दर आपत्ति या सुझाव यदि कोई हो, तो जिला खनन कार्यालय, लातेहार अथवा ई–मेल–dc-lat@nic.in, dmo-latehar@jharkhandmail.gov.in पर प्रेषित किया जा सकता है।

जिला खनन पदाधिकारी,
लातेहार

PR306020 (Mines and Geology)23-24*D


### प्रदूषण के खिलाफ जमंस बच्चा गुट ने राजापुर में किया ट्रांसपोर्टिंग ठप

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनसार।** वर्तमान में झरिया की सबसी जटिल समस्या प्रदूषण के खिलाफ जनता मजदूर संघ (बच्चा गुट) ने शुक्रवार को बीसीसीएल के बस्ताकोला एरिया 9 अंतर्गत राजापुर कोलियरी में ट्रांसपोर्टिंग कार्य ठप कर दिया। जिसके बाद झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह और जीएम जे सी राय के बीच वार्ता हुई। वार्ता के दौरान विधायक काफी आक्रोश में दिखी उनका कहना था कि ट्रांसपोर्टिंग में लगे बड़े वाहनों के कारण झरिया वासियों को प्रदूषण का दंश झेलना पड़ रहा है। इसे हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। विधायक के कड़े तेवर देख जीएम ने उन्हें आश्वस्त किया कि बीसीसीएल प्रबंधन मंगलवार से राजापुर परियोजना से पुराने आरएसपी कॉलेज होते हुए कतरास मोड़ तक सड़क की सफाई सुनिश्चित की जाएगी। जीएम ने विधायक को बताया कि पूर्व में डस्ट कंट्रोलर मशीन लाया गया है जो कि ऑपरेटर नहीं होने के कारण खड़ी है। वाटर स्प्रेयिंग मशीन और रोड स्वीपिंग मशीन से सड़क की सफाई प्रतिदिन कराई जाएगी।

बैठक में क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधन नागेंद्र यादव, राजापुर परियोजना पदाधिकारी देवेंद्र सिंह, जमंस एरिया 9 के क्षेत्रीय अध्यक्ष रामकृष्ण पाठक, अक्षय लाल यादव, बबलू सिंह, हरेराम कुमार, अभिषेक परमार, कृष्णा यादव, संजय बाउरी, राजू राय आदि मौजूद थे।

# प्रथम चौहान को मिला मिस्टर झारखंड का खिताब, किया फुसरो का नाम रोशन

आजाद सिपाही संवाददाता




**फुसरो(बेरमो)।** फुसरो नगर परिषद के फुसरो रेलवे गेट निवासी स्व संतोष चौहान और अमलो परियोजना की फीडर ऑपरेटर चरकी कुमारी का पुत्र प्रथम चौहान ने मिस्टर झारखंड का खिताब हासिल कर फुसरो का नाम रौशन करने का कार्य किया है। प्रथम चौहान पढ़ाई करते-करते मॉडलिंग की दुनिया में कदम रखा और मिस्टर झारखंड का खिताब हासिल किया है। रांची में आयोजित बॉबी इंटरटेनमेंट के तीन दिवसीय कार्यक्रम में उन्हें दो इंटरनेशनल टाइटल की विजेता सह क्वीन ऑफ इंटरनेशनल टूरिज्म 2023 सह आयोजन की निर्णायक अंजेला मेरीना तिर्की, मुख्य अतिथि ऋषभ सिन्हा व आयोजक मृत्युंजय कुमार ने फील्ड देकर सम्मानित किया। प्रथम चौहान ने बताया कि उसने मैट्रिक की पढ़ाई आरडीपीएस स्कूल फुसरो से तथा 12वीं की पढ़ाई बीडीए कॉलेज पिछरी से कई है। अब रांची से ग्रेजुएशन की पढ़ाई पढ़ रहा हैं। उसे मॉडल बनने की प्रेरणा अपनी छोटी बहन सह 2022 में रॉयल प्रोडक्शन हाउस के कार्यक्रम में मिस इंडिया बनी मुस्कान चौहान से मिली।


**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़**
**(विकास शाखा)**
दूरभाष : 06553-261555(o) Email ID : dc-ramgarh@gov.in

**Recruitment Notice for District Project Officer under National Mission for Clean Ganga, Ramgarh**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Position | District Project Officer |
| 2. | No. of Vacancy | 1 (One) |
| 3. | Tenure of Engagement | Three years of contractual agreement, one year at a time. The extension will be based on annual performance evaluation. Services can be terminated if not found suitable, with a notice period of one month |
| 4. | Educational Qualifications | Graduation degree in any discipline from a recognized university |
| 5. | Experience, knowledge & skills | • Minimum 2 years of working experience on education and awareness generation programs on cleanliness drive, water bodies, pollution abatement & sanitation, youth mobilization<br>• Good working knowledge of MS office & Internet<br>• Strong management, liaison, documentation & communication skills<br>• Good command over English, Hindi, and regional language |
| 6. | Roles and Responsibilities | • Provide secretarial services to District Ganga Committee.<br>• Regular and effective conduct of meetings of District Ganga Committee on suggested agenda and uploading of Minutes on DGC dashboard.<br>• Undertake Cleanliness Drives & River Rejuvenation- Cleanliness and Preservation of Environment and Water Resources<br>• Undertake various plantation drives, including medicinal plants, and native species.<br>• Coordinate for conduct of regular Aartis on ghats.<br>• Promote 'Ghat Mein Haat' for marketing local produce and self-sustaining the Ganga ghats, promotion of handicrafts, artefacts, local products, etc., skill building of locals- prasad making, incense sticks, jute bags etc.<br>• Coordinate with District Agriculture Departments for the promotion of natural farming among the farmers.<br>• Village-level Activities- Conduct awareness, Educational and Mobilization programs, undertake cleanliness drives in and around Ganga River.<br>• Take up plantation drives for medical plants and native tree species in coordination with the forest department.<br>• Facilitate and organize seminars, workshops and training/skill-building sessions on livelihood opportunities.<br>• Identify areas of interventions for livelihood generation, sustainable value chain development, artifacts/handicrafts promotion and marketing<br>• Facilitate implementation of all other initiatives under Arth Ganga<br>• Report regularly to the State Project Assistant for onward reporting to NMCG |
| 7. | Other requirement(s) | Preference will be given to local candidates with good/excellent academic record and experience in relevant field |
| 8. | Age | Maximum 45 years (as on 01-06-2023) |
| 9. | Honorarium | ₹36,000 + ₹2,500/- (Establishment) + ₹2000/- (TA/DA) + 500/- (Mobile and Communication charges) per month (Fixed for 3 years) |
| 10. | Application form is available at | https://ramgarh.nic.in/past-notices/recruitment/ |
| 11. | Place of Submission of form | Collectorate Campus Block –B, Development Section, Ramgarh Pin-825101 through registered/Speed post only. |
| 12. | Last date of submission | 18/09/2023 |
| 13. | Date of Interview | 28/09/2023 |
| 14. | Place of Interview | District Collectorate |
| 15. | Time of Interview | 11:00 AM onwards |
| 16. | For more information | Site: https://ramgarh.nic.in/past-notices/recruitment/ |

ह0/–
उपायुक्त, रामगढ़

PR 306002 District(23-24)#D


### डीसीए का 15 दिनों का प्रशिक्षण शिविर शुरू, पूर्व रणजी खिलाड़ी संजय रंजन देंगे टिप्स

# नेहरू स्टेडियम में आधुनिक ड्रेसिंग रूम बनवाना पहली प्राथमिकता : पूर्णिमा सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जियलगोड़ा स्टेडियम का जीर्णोद्धार एवं सुसज्जित ड्रेसिंग रूम का निर्माण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उक्त बातें विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने डीसीए द्वारा आयोजित कैंप 2023 के उद्घाटन के दौरान कही। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को अपने लक्ष्य के प्रति साफ दृष्टिकोण और लगन होनी चाहिए। साथ यह भी कहा कि सफलता के लिए कोई शॉर्टकट रास्ता ही नहीं अपनाना चाहिए। मेहनत और ईमानदारी हो तो आप लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि जिस तरह से महेंद्र सिंह धोनी ने झारखंड का नाम विश्व मानचित्र में अंकित किया है इस तरह आप भी अपने राज्य व देश का नाम रोशन करें। डीसीए के अध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि संघ खिलाड़ियों के लिए हर समय हर तरह तैयार है। समय-समय पर इस तरह का कैंप का आयोजन किया जाएगा ताकि खिलाड़ी अपनी तकनीकी खामियां दूर कर सकें। इससे पहले डीसीए के पूर्व महासचिव और जेएससीए कार्यकारिणी समिति के सदस्य विनय सिंह ने कैंप के महत्व पर प्रकाश डाला और अतिथियों के स्वागत किया। कैंप में खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने आए पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी संजय रंजन सिंहा ने खिलाड़ियों से कहा कि वह इस कैंप का फायदा उठाएं और जिन्हें भी कोई कठिनाई और परेशानी हो वह खुद उनसे मिले और अपने परेशानी बताएं। जिओ सिनेमा में भोजपुरी कमेंट्री कर रहे हैं सत्य प्रकाश ने भोजपुरी भाषा में भाषण देकर लोगों का मन मोह लिया। इसके बाद संघ के अध्यक्ष ने मुख्य अतिथि पूर्णिमा नीरज सिंह को मोमेंटो देकर सम्मानित किया, जबकि विभिन्न सदस्यों ने कैंप में प्रशिक्षण देने वाले प्रशिक्षकों का सम्मान किया। कैंप में अंडर 14, अंडर 16, अंडर 19 सहित सीनियर टीम के खिलाड़ियों के अलावा महिला खिलाड़ी भी भाग ले रही है जिन्हें 15 दिनों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। मौके पर डीसीए के महासचिव उत्तम विश्वास, संयुक्त सचिव बीएच खान, देवन तिवारी, ललित जगनानी, सुनील कुमार, रत्नेश सिंह, अरविंद महथा, असित सहाय, रितम डे, किशानु चक्रवर्ती, ठाकुर आनीतेश सिंह, महफूज आलम, उमेश श्रीवास्तव, मनोज कुमार सिंह ,महेश गोराई सहित कई लोग मौजूद थे।



## न्यूज रील्स

### ज्यूडिशियरी पर गहलोत के बयान से बवाल

जयपुर। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा ज्यूडिशियरी को लेकर दिये गये बयान का विरोध जारी हैं। प्रदेश में हाइकोर्ट से लेकर ज्यादातर अधीनस्थ अदालतों में शुक्रवार को न्यायिक कार्य पूरी तरह से ठप रखा। वकीलों ने सीएम गहलोत के बयान के विरोध में एक दिन के न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया हैं। वकीलों की मांग है कि सीएम गहलोत अपने बयान के लिए बिना शर्त माफी मांगे।


### मुंबई में लांच हुआ वॉरशिप आइएनएस महेंद्रगिरि

मुंबई। भारतीय नौसेना का जंगी जहाज आइएनएस महेंद्रगिरि शुक्रवार को मुंबई में लांच किया गया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की पत्नी सुदेश धनखड़ ने मुंबई में मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड में इसे लांच किया। प्रोजेक्ट 17 अल्फा के तहत बनाये गये युद्धपोतों में आइएनएस महेंद्रगिरि सातवां और आखिरी स्टील्थ फ्रिगेट है। यह बेहतर स्टेल्थ फीचर्स, एडवांस्ड हथियार प्रणाली और सेंसर से लैस है।

# उपधारा इंजीनियरिंग को आकार देने में एआइ की भूमिका की खोज करते हैं मैथवर्क्स और आइइइइ भुवनेश्वर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** मैथवर्क्स ने उद्योग के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) के उभरते रुझानों पर एक दिवसीय सेमिनार इंजीनियरिंग में एआई को अपनानाः उद्योग, शिक्षा और सफलता के लिए अपस्किलिंग को सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए आइइइइ भुवनेश्वर के साथ सहयोग किया। मेफेयर लैगून, भुवनेश्वर में शैक्षणिक, स्टार्टअप, अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र। आइइइइ भुवनेश्वर उपधारा ओडिशा क्षेत्र को कवर करती है और मानवता के लाभ के लिए प्रौद्योगिकी को आगे बढ़ाने के अवसर पैदा करने के लिए काम करती है।




एपीएसी के मैथवर्क्स एजुकेशन सेल्स डायरेक्टर, जयंत भदौरिया ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान दर्शकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया और जुड़ाव देखकर बहुत अच्छा लगा। स्थानीय पेशेवरों और शिक्षाविदों ने विचारों का आदान-प्रदान किया, एक-दूसरे के अनुभवों से सीखा और लाभ उठाने के तरीके पर व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किया। इंजीनियरिंग अनुप्रयोगों के लिए एआई। विभिन्न उद्योगों में कंपनियों के साथ सहयोग करने का हमारा व्यापक अनुभव हमें विशिष्ट रूप से मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करने में सक्षम बनाता है, जिससे शिक्षाविदों को उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप पाठ्यक्रम डिजाइन करने में सक्षम बनाया जा सके।

कार्यक्रम के दौरान, मैथवर्क्स विशेषज्ञों ने विभिन्न विषयों पर चर्चा की, जिसमें यह भी शामिल है कि कैसे MATLAB और सिमुलिंक उद्योगों में एआइ नवाचार को बढ़ावा देते हैं और आवश्यक कौशल के साथ कार्यबल तैयार करते हैं। सेमिनार में प्रस्तुतकर्ताओं के एक प्रतिष्ठित पैनल की मुख्य प्रस्तुतियां शामिल थीं, जिनमें मैथवर्क्स इंडिया में शिक्षा बिक्री के प्रमुख चंदन प्रमाणिक और आइआइटी बीबीएस में स्कूल ऑफ इलेक्ट्रिकल साइंसेज के प्रोफेसर और प्रमुख और आइइइइ बीबीएस के अध्यक्ष डॉ शुभ्रांसु रंजन सामंतराय शामिल थे। मैथवर्क्स विशेषज्ञ डॉ मोनालिसा पाल और निकिता पिंटो ने शिक्षा में एआइ के व्यावहारिक अनुप्रयोगों का प्रदर्शन किया। अंत में डॉ प्रदन्या गांवकर और डॉ देबी प्रोसाद डोगरा ने विकसित हो रहे एआइ परिदृश्य का एक व्यापक दृष्टिकोण प्रदान किया।

आइइइइ भुवनेश्वर के अध्यक्ष डॉ शुभ्रांसु रंजन सामंतराय ने कहा कि यह सेमिनार एआइ के क्षेत्र में ज्ञान और विचारों के आदान-प्रदान की सुविधा प्रदान करके हमारे मिशन को प्राप्त करने में एक महत्वपूर्ण कदम का प्रतिनिधित्व करता है। हम मैथवर्क्स के साथ साझेदारी के लिए आभारी हैं, जिसने हमें अधिकांश प्रमुख उद्योगों में प्रौद्योगिकी की परिवर्तनकारी शक्ति का पता लगाने के लिए विशेषज्ञों और उत्साही लोगों को एक साथ लाने की अनुमति दी है।

# इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** ग्रामीण पर्यटन और बिकल्प आवास दृष्टिकोण और आह्वानऱ विषय पर एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 1 सितंबर को भुवनेश्वर में स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट में आयोजित किया गया। ये सम्मेलन 1 से 3 सितंबर तक चलेगा उत्कृष्टता के 50 वर्षों का जश्न मनाते हुए आइएचएम अपनी स्वर्ण जयंती मना रहा है। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य दुनिया भर के विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं, हितधारकों को ज्ञान का आदान-प्रदान करने और ग्रामीण पर्यटन और वैकल्पिक आवास के उभरते परिदृश्य पर चर्चा करने के लिए एक मंच प्रदान करना था। इस सम्मेलन ने पर्यटन उद्योग पर ध्यान केंद्रित किया और ग्रामीण पर्यटन और कृषि पर्यटन और समुदाय-आधारित रहना जैसे वैकल्पिक आवास की क्षमता पर प्रकाश डाला। शिक्षाविदों और उद्योगपतियों के मुख्य व्याख्यान और विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों के साथ पैनल चर्चा, देश और विदेश के विभिन्न हिस्सों के प्रतिनिधियों द्वारा शोध परिणामों की प्रस्तुति, स्थानीय प्रदर्शनियों और पारंपरिक कला और शिल्प प्रदर्शन, ओडिआ खाद्य मेला आम गां भोजी का आयोजन और नेटवर्क का सुयोग प्रदान करना इस कार्यक्रम का मुख्य विशेषता। स्वर्ण जयंती के अवसर पर आइएचएम, भुवनेश्वर की प्रिंसिपल शारदा घोष ने उन विशेषज्ञों को एक साथ लाने पर खुशी व्यक्त की जो पर्यटन क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव करने के बारे में सोच रहे हैं।




## महत्वपूर्ण खबरें

### मनीष देसाई बने पीआइबी के प्रधान महानिदेशक



नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। भारतीय सूचना सेवा 1989 बैच के वरिष्ठ अधिकारी मनीष देसाई ने पत्र सूचना कार्यालय (पीआइबी) के प्रधान महानिदेशक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। इससे पहले देसाई केंद्रीय संचार ब्यूरो के प्रधान महानिदेशक थे।

### यशोदा देवी के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया



जनसंपर्क करते मांडू विधायक जयप्रकाश पटेल के साथ लक्ष्मण प्रसाद सिंह और अन्य।

गिरिडीह (आजाद सिपाही)। जिला के डुमरी विधानसभा में उपचुनाव की तयारी को लेकर एनडीए प्रत्याशी यशोदा देवी के पक्ष में पोरया पंचायत के बेल्मा, मंझलाडीह, शंकरडीह, हुसोडीह एवं अन्य गांव घूम-घूम कर लोगों से जनसंपर्क किया और जनता से अपील की कि यशोदा देवी को भारी मतों से विजयी बनायें। इस जनसंपर्क कार्यक्रम में मांडू विधायक जयप्रकाश पटेल, पूर्व आइजी सह वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह, उदय सिंह, चोलो महतो, दिनेश, पार्वती देवी, मालती देवी अन्य लोग शामिल थे।

### जेडीएस सांसद प्रज्वल रेवन्ना की लोकसभा सदस्यता रद्द

बेंगलुरु। कर्नाटक हाइकोर्ट ने जेडीएस सांसद प्रज्वल रेवन्ना की लोकसभा सदस्यता रद्द कर दी है। कोर्ट ने कहा कि उन्होंने 2019 के लोकसभा चुनाव में चुनाव आयोग को हलफनामे में गलत जानकारी दी थी। उन्होंने अपनी 24 करोड़ से अधिक की आय छिपायी थी। प्रज्वल जेडीएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते हैं। प्रज्वल साल 2019 के लोकसभा चुनाव में जीतने वाले पार्टी के एकमात्र सांसद थे।

### सुनील मित्तल जैसे 10 बिलेनियर्स रिटायरमेंट प्लान कर रहे

मुंबई (आजाद सिपाही)। भारत के कई बड़े टायकून्स आने वाले सालों में अपने बच्चों को कारोबारी जिम्मेदारी देकर रिटायर हो सकते हैं। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी (66) अपने एक या बाकी बच्चों को 2029 तक बिजनेस का एग्जीक्यूटिव कंट्रोल सौंप देंगे। एल एंडी टी के एएम नायक (81), एचडीएफसी के दीपक पारेख (78) और कोटक महिंद्रा बैंक के उदय कोटक (64) भी अगले कुछ साल में रिटायर हो सकते हैं।













| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !










आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**